RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर



https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 322 ■ मुंबई, शुक्रवार 13 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

# अहमदाबाद विमान हादसा : 241 यात्रियों की मौत!

## लंदन के लिए उड़ान भरते ही क्रैश हुई फ्लाइट | डॉक्टर्स हॉस्टल की इमारत में घुसा प्लेन

**महानगर नेटवर्क**

**अहमदाबाद**

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही एक एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान आकाश में संघर्ष करता नजर आया और अगले ही पल रिहायशी इलाके में जा गिरा। गुरुवार हो हुई की इस त्रासदी को सीसीटीवी फुटेज में कैद कर लिया गया है, जहां विमान टेकऑफ के तुरंत बाद नीचे आने लगता है और एक भीषण विस्फोट के साथ क्रैश हो जाता है। आसमान में आग का गुबार उठता है, जिसके बाद धुएं का बादल फैल जाता है। इस हादसे में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जो दशक की सबसे भीषण विमान दुर्घटना बन गई। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एक व्यक्ति की जान बच गई है जबकि 204 यात्रियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। इसमें मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के छात्र भी शामिल बताये जा रहे हैं। लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ मिनटों के भीतर विमान मेडिकल कॉलेज के अतुल्य हॉस्टल में घुस गया और आग के गोले में तब्दील हो गया।





एअर इंडिया की उड़ान संख्या AI-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान DNA टेस्ट के बाद ही संभव होगी। इस विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी के अलावा कार्गो मोटर्स के मुखिया प्रमुख नंदा और लुबी के निदेशक सुभाष अमीन भी मौजूद थे। हादसे के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अहमदाबाद पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लेने के बाद वे सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके इलाज के बारे में जानकारी ली।

दोपहर 1.39 मिनट पर इस विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरते ही विमान में पायलट को गड़बड़ी का अहसास हुआ। एटीएस को इमरजेंसी की सूचना दी गई, लेकिन इससे पहले कि कोई कदम उठाया जाता विमान तेजी से नीचे गिर पड़ा। विमान मेघणीनगर स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में क्रैश हुआ। गनीमत रही कि विमान हॉस्टल के ऊपर नहीं फटा। इसका एक हिस्सा हॉस्टल परिसर में फंसा जबकि दूसरा हिस्सा पास में ही गिरा जिसमें विस्फोट हो गया। धमाके के बाद इमारत में आग लग गई।

### डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था

स्वास्थ्य प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी के अनुसार अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजनों का डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के कसोटी भवन में डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था की गई है।

### पीड़ितों को टाटा देगा एक-एक करोड़ मदद

एयर इंडिया विमान टाटा ग्रुप का है। अब टाटा समूह ने मृतक के परिवार वालों और घायलों के साथ ही बी जे मेडिकल के हॉस्टल की मदद करने का ऐलान किया है। टाटा समूह ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवारों को 1 करोड़ की सहायता राशि देगा। हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, हम बी जे मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे। इस मुआवजे की घोषणा टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के हवाले से की गई है।






## ये हादसा शब्दों से परे : मोदी

अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## चमत्कार! जाको राखे साइयां मार सके ना कोय

### बोला- जब मैं उठा तो मेरे चारों ओर...

हादसे का शिकार हुए विमान में सफर कर रहा एक यात्री जिंदा बच गया। इसे चमत्कार से कम नहीं माना जा रहा है। विश्वास कुमार रमेश एयर इंडिया की फ्लाइट में 11 ए सीट पर बैठकर लंदन जा रहे थे। दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 40 वर्षीय विश्वास कुमार ने बताया, ''जब मैं उठा तो मेरे चारों ओर लाशें बिखरी पड़ी थीं। मैं डर गया। मैं खड़ा हुआ और भागा। मेरे चारों तरफ विमान के टुकड़े बिखरे पड़े थे। उड़ान भरने के तीस सेकंड बाद तेज आवाज हुई और फिर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह सब बहुत जल्दी हुआ।'' विश्वास के सीने, आंखों और पैरों पर चोट आई है और उनका इलाज चल रहा है।



## 1000 डीएनए टेस्ट होंगे : शाह



घटनास्थल पर पहुंचे ग1हमंत्री अमित शाह ने कहा-सभी DNA गुजरात में ही होंगे। इसके बाद शवों को उनके परिजनों को सौंपा जाएगा। सभी मेडिकल सुविधाएं की गई हैं। रिव्यू मीटिंग में सभी मंत्रियों ने व्यवस्थाओं को देखा है। एविएशन मिनिस्टरी ने जांच शुरू कर दी है। राहत कार्य में जिन-जिन एजेंसियों ने काम किया उनका धन्यावाद। जिन लोगों ने अपने परिजनों को गंवाया है। उन लोगों के लिए संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं घटनास्थल पर भी गया। सभी यात्रियों के परिजनों का DNA लिया जा रहा है। विदेश में रहने वाले परिजन को जानकारी दी गई है। शवों के DNA लिए गए हैं। 1000 से ज्यादा DNA टेस्ट किए जाएंगे। गुजरात के पास इतनी बड़ी संख्या में टेस्ट की कैपेसिटी है। सवा लाख लीटर ईंधन विमान में था। गर्मी और तापमान बहुत ज्यादा था। इसलिए किसी को बचाने का मौका नहीं मिला।

## हेल्पलाइन नंबर जारी किए गये

एअर इंडिया
1800-5691-444

अहमदाबाद एअरपोर्ट
+91 99741 11327

नागरिक उड्डयन मंत्रालय
+91 9974111327

अहमदाबाद सिटी पुलिस
07925620359

ब्रिटेन हेल्पलाइन नंबर
020-7008-5000

## पायलट को 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव



**पायलट ने 'मेडे' कॉल दी थी लेकिन...**

विमान के कैप्टन सुमीत सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमीत सब्बरवाल एक LTC थे। उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। LTC का मतलब है लाइन ट्रेनिंग कैप्टन। ये अनुभवी पायलट होते हैं जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं। टेकऑफ के तुरंत बाद ही पायलट ने 'मेडे' (Mayday) कॉल दी थी। इसके तुरंत बाद प्लेन क्रैश हो गया। मौटे तौर पर समझें तो यह किसी भी फ्लाइट के लिए सबसे गंभीर आपातकालीन सिग्नल होता है। पायलट आपातकालीन स्थिति में तीन बार मेडे कॉल का सिग्नल देता है। मेडे कॉल के तुरंत बाद ही एटीसी से संपर्क टूट गया और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। Mayday कॉल आखिर होता क्या है और इसका मतलब क्या होता है? 'Mayday' एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त आपातकालीन सिग्नल है, जिसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब किसी विमान या जहाज को तत्काल मदद की जरूरत हो और स्थिति जानलेवा हो सकती हो। पायलट जब रेडियो पर तीन बार "Mayday, Mayday, Mayday" कहता है, तो यह संकेत होता है कि विमान में कोई गंभीर संकट है, जैसे इंजन फेल होना, आग लगना, तकनीकी खराबी आदि कुछ भी हो सकता है।

## इन प्वाइंट्स में समझें क्रैश की वजह

- अहमदाबाद से टेक ऑफ करने के बाद प्लेन अभी केवल 625 फीट की हाइट पर ही पहुंच पाया था। इतने समय में कम ऊंचाई पर लिफ्ट हासिल करने में पायलट से चूक हुई।
- एक्सपर्ट्स का कहना है कि विमान का लैंडिंग गियर अभी नीचे ही था और प्लेन के इंजन ने अपना थर्स्ट खो दिया था।
- विमान हादसे की एक वजह प्लेन का पक्षियों से टकराना भी माना जा रहा है।
- ये भी कहा जा रहा है कि पायलट ने गलत टेक-ऑफ कॉन्फिगरेशन लिया हो।
- पायलट को इतनी चढ़ाई पर बने रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा होगा। उसने मेडे कॉल किया, लेकिन उसे संभलने का समय नहीं मिल पाया और प्लेन दुर्घटना का शिकार हो गया।
- प्लेन को अहमदाबाद से लंदन तक जाना था। इस दूरी के लिए प्लेन में काफी ईंधन भरा गया था। क्रैश के बाद इसमें ब्लास्ट की वजह से स्थिति भयावह हुई होगी।

## सीएम फडणवीस-राज की मुलाकात से सियासी हलचल तेज

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र की सियासत में गुरुवार को तब हलचल बढ़ गई जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच अचानक मुंबई के होटल में मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई, यही वजह है कि इस मुलाकात ने राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। हालांकि बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि सीएम फडणवीस और राज ठाकरे अच्छे दोस्त हैं और राज्य से संबंधित विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिले होंगे।

राज ठाकरे ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को समर्थन दिया था, लेकिन उनकी पार्टी मनसे ने पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ा। हालांकि मनसे का खाता भी नहीं खुल पाया। इस बीच, सूबे में निकाय चुनावों की आहट के बीच हाल ही में राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (UBT) के साथ गठबंधन करने का संकेत दिया। लेकिन अब उनका बीजेपी के कद्दावर नेता फडणवीस से अचानक मिलना कई नए राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा कर रहा है।



बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के बीच सीक्रेट मीटिंग हुई। तो दूसरी ओर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के दो प्रमुख नेता संदीप देशपांडे और अमेय खोपकर राज्य सरकार के मंत्री व शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता उदय सामंत से मिलने पहुंचे। हालांकि इस मुलाकात का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ दिन पहले राज ठाकरे ने कहा था कि मराठी मानुस और महाराष्ट्र के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं है, वहीं उद्धव ने इस बात पर जोर दिया कि वह मामूली झगड़ों को भूलने के लिए तैयार हैं, लेकिन महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों से समझौता नहीं किया जाएगा।

### एयर इंडिया के विमान में थीं कई कमियां

## उसी फ्लाइट से कुछ देर पहले अहमदाबाद पहुंचे युवक ने सब बताया

**नई दिल्ली।** हादसे के वक्त यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, लेकिन गुरुवार की सुबह यह दिल्ली से अहमदाबाद पहुंचा था। एक व्यक्ति ने दावा किया है कि वह भी दिल्ली से अहमदाबाद जाने वाले विमान में सवार था, जो दोपहर में लंदन जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आकाश नामक युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए उसे विमान में दिखाई दीं कई कमियों के बारे में भी बताया। उसने कहा कि एसी, एंटरटेनमेंट सिस्टम समेत कुछ भी काम नहीं कर रहा था। आकाश वत्स नामक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया कि मैं अहमदाबाद में विमान के उड़ान भरने से दो घंटे पहले उसी फ्लाइट में था। मैं दिल्ली से अहमदाबाद आया था। इस जगह पर मैंने कुछ असामान्य चीजें देखी थीं। एयर इंडिया को ट्वीट करने के लिए एक वीडियो भी बनाया था। मैं और अधिक जानकारी देना चाहता हूं। आकाश ने अपने पोस्ट के साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किया है।

## 'जादुई अनुभव'...'अलविदा भारत'



**नई दिल्ली।** हादसे के बाद ब्रिटेन के एक यात्री की एक सोशल मीडिया पोस्ट की काफी चर्चा हो रही है, जिन्होंने इस विमान हादसे में अपनी जान गंवा दी।

ब्रिटिश नागरिक जेमी मीक भी उन 53 ब्रिटिश नागरिकों में शामिल थे, जिनकी मौत इस हादसे में हुई है। जेमी मीक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने भारत यात्रा के अनुभव को शेयर किया। उन्होंने कहा कि पोस्ट में लिखा था कि वो मनमोहक यादों को लेकर भारत से विदा हो रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने अपने साथी फियोनगल ग्रीनलॉ-मीक के साथ भारत में साझा किए गए 'जादुई अनुभव' को याद किया और अफसोस जताया कि यह 'भारत में उनकी आखिरी रात' थी। गुरुवार की सुबह अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर लौटने के लिए उड़ान भरने से कुछ मिनट पहले जेमी ने एक और वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, था, 'अलविदा भारत।' इसी तरह के कई लोगों के जज्बात सामने आ रहे हैं कुछ लोग प्लेन न पकड़ पाने की वजह से बच गये हैं तो वह भगवान का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

# विमान हादसा: मुख्यमंत्री ने व्यक्त की गहरी संवेदना

## महाराष्ट्र के लोग दुख में शामिल, मदद के लिए सभी एजेंसियां तैयार



महानगर संवाददाता
मुंबई

गुरुवार को हुई अहमदाबाद-लंदन विमान दुर्घटना को अत्यंत हृदय विदारक और दर्दनाक बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। कई लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों और प्रियजनों को खो दिया है। यह त्रासदी शब्दों से परे है और कई परिवारों के लिए हृदय विदारक है। महाराष्ट्र की जनता पीड़ितों के दुख में शामिल हैं। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें इस दुखद आघात से उबरने की शक्ति मिले। मुख्यमंत्री फडणवीस ने शोक संदेश में कहा कि अहमदाबाद-लंदन उड़ान कई लोगों के लिए आखिरी उड़ान थी। आवासीय क्षेत्र में दुर्घटना होने से दुर्घटना की गंभीरता और बढ़ गई है। इस दुर्घटना से पूरा देश शोक में डूब गया है तथा विमान में सवार यात्रियों के परिवार, विमान के अधिकारी-कर्मचारी तथा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दुर्घटना को गंभीरता से लिया है तथा तत्काल संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में महाराष्ट्र के नागरिक, हमारी सभी एजेंसियां गुजरात सरकार और प्रशासन के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

### आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश

इस आपदा के दौरान दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों, यात्रियों और घायलों के लिए चलाए जा रहे अभियान में सक्रिय भागीदारी दी जा रही है।
एजेंसियों को दुर्घटना में घायलों को अच्छा उपचार देने और संबंधित परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने परिवहन सुविधाओं, चिकित्सा उपचार और संबंधित उपायों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं।

### हृदय विदारक हादसा: एकनाथ शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि गुजरात में हुई भीषण विमान दुर्घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। गुजरात में गुरुवार दोपहर हुई भीषण विमान दुर्घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। दुर्घटनास्थल से जो दृश्य उभर कर सामने आए हैं, वे हृदय विदारक हैं। इस दुर्घटना में विमान के दो महाराष्ट्रीयन क्रू मेंबर की भी मृत्यु हो गई। मैं सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई। इस कठिन समय में हम सब गुजरात सरकार के साथ हैं और महाराष्ट्र सरकार हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

### महाराष्ट्र सहित पूरा देश देश दुखी: अजित पवार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना में यात्रियों और स्थानीय लोगों की मृत्यु चौंकाने वाली, दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। महाराष्ट्र समेत पूरा देश इस विमान दुर्घटना से दुखी है और हर महाराष्ट्रवासी मृतकों के परिवारों के दुख में शामिल है। हालांकि दुर्घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन जांच के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### यात्रियों के रिश्तेदारों के लिए मदद कक्ष

अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया ए आई 171 उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर, नागरिकों को सहायता और सूचना सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के आपातकालीन संचालन केंद्र के माध्यम से एक मदद कक्ष बनाया गया है।
विमान दुर्घटना से प्रभावित यात्रियों के रिश्तेदार और चिंतित नागरिक आवश्यक जानकारी और सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 022-22027990, 022-22794229, मोबाइल 9321587143, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1070 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महाराष्ट्र के छह लोगों की मौत

### एयर इंडिया का विमान हादसा



**मुंबई।** गुजरात के अहमदाबाद विमान हादसे में 241 यात्रियों की मौत हो गई और एक यात्री बच गया। घायल यात्री का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। एयर इंडिया का विमान AI-171 अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से 241 की मौत हो गई और 12 चालक दल के सदस्यों ने भी अपनी जान गंवा दी। इनमें 4 महाराष्ट्र के थे, खास तौर पर कैप्टन सुमित पुष्करराज सभरवाल और 3 चालक दल के सदस्य महाराष्ट्र के रहने वाले थे। इनमें सुमित पुष्करराज और अर्पण महादिक दोनों मुंबई के रहने वाले हैं। जबकि दीपक पाठक बदलापुर और रोशनी सोंघरे डोंबिवली से हैं। इस हादसे में 4 चालक दल के सदस्यों की दुखद मौत से परिवार और दोस्तों में मातम छा गया। लंदन जा रहे इस विमान में महाराष्ट्र के भी कई यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि मूल रूप से सांगोला तालुका के रहने वाले हतिद महादेव तुकाराम पवार (उम्र 67) और उनकी पत्नी महादेव पवार (उम्र 55) दोनों की मौत हो गई। इसके साथ ही 4 क्रू मेंबर महाराष्ट्र के थे। बदलापुर के दीपक पाठक की मौत बदलापुर के रहने वाले और एयर इंडिया के क्रू मेंबर दीपक पाठक की भी एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मौत हो गई। जब बदलापुर में उनके परिवार और दोस्तों को इस दुर्घटना के बारे में पता चला तो पाठक के घर में भीड़ लग गई। खास बात यह है कि गुरुवार दोपहर विमान में चढ़ने से पहले उन्होंने अपनी मां से फोन पर बात की थी। उसके बाद दीपक से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। हालांकि उनकी बहन ने दिल दहला देने वाली प्रतिक्रिया दी कि दीपक की शादी 4 साल पहले हुई थी।

**डोंबिवली की रोशनी सोंघरे की मौत :** अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में डोंबिवली की रहने वाली रोशनी सोंघरे की भी दुखद मौत हो गई। रोशनी दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया के विमान में फ्लाइट क्रू के तौर पर काम कर रही थीं।

**पवई के सुमित सभरवाल :** अहमदाबाद हादसे में पायलट सुमित सभरवाल अपने पिता के साथ पवई के जलवायु विहार बिल्डिंग में रहते हैं। अपर्णा महाडिक गोरेगांव में रहती थीं अपर्णा एनसीपी सांसद सुनील तटकरे की रिश्तेदार हैं। वो तटकरे की चचेरी बहू हैं, महाराष्ट्र एनसीपी प्रमुख सुनील तटकरे ने कहा, "अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में सवार सीनियर क्रू मेंबर अपर्णा महाडिक मेरी रिश्तेदार हैं। अपर्णा महाडिक मेरी छोटी बहन की बहू हैं। उनका परिवार गोरेगांव में रहता है।"

# ठाणे मनपा चुनाव में बढ़ सकते हैं नगरसेवक

### चार सदस्यीय वार्ड प्रणाली से बदलेगा सत्ता का गणित

**ठाणे।** ठाणे में आगामी मनपा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य सरकार द्वारा जारी अध्यादेश के अनुसार इस बार चुनाव चार सदस्यीय वार्ड पद्धति से कराए जाने की तैयारी है। इससे न सिर्फ नगरसेवकों की संख्या बढ़ने की संभावना है, बल्कि ठाणे की राजनीतिक तस्वीर भी पूरी तरह बदल सकती है। बता दें कि अब तक तीन सदस्यीय वार्ड प्रणाली के तहत मनपा चुनाव संपन्न होते थे, जिसमें प्रत्येक वार्ड से तीन नगरसेवक चुने जाते थे। इससे पार्षदों की संख्या 142 तक पहुंच गई थी। लेकिन शिंदे-फडणवीस सरकार द्वारा पारित नए अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि आने वाले चुनावों में चार सदस्यीय पद्धति लागू की जाएगी। इसका सीधा असर प्रतिनिधित्व, वोट बैंक और सत्ता समीकरणों पर पड़ना तय है। वर्ष 2017 के अनुसार ठाणे शहर की कुल मतदाता संख्या लगभग 9.12 लाख थी, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 12.81 लाख तक पहुंच चुका है। मनपा सूत्रों के अनुसार इसमें कम से कम डेढ़ लाख मतदाताओं की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में नए मतदाताओं का जुड़ना आगामी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। चार सदस्यीय वार्ड व्यवस्था के अनुसार हर वार्ड में औसतन 30 से 35 हजार मतदाता होंगे।

# ठाणे में लापरवाह कंपनियों पर मनपा की सर्जिकल स्ट्राइक

## 56 होर्डिंग्स पर मंडरा रहा खतरा

महानगर संवाददाता
ठाणे



शहर में मानसून की दस्तक से पहले ठाणे महानगरपालिका ने सुरक्षा के लिहाज से बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। मनपा सीमा के भीतर लगे 195 होर्डिंग्स में से 139 विज्ञापन कंपनियों ने अपने होर्डिंग्स के स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट मनपा को सौंप दी है, लेकिन 56 कंपनियां अब भी लापरवाही बरत रही हैं। इन कंपनियों ने तय समयसीमा के भीतर ऑडिट रिपोर्ट जमा नहीं की, जिससे अब उन पर मनपा का डंडा चलने वाला है।
बता दें कि मनपा के विज्ञापन विभाग ने साफ कर दिया है कि सोमवार से उन सभी होर्डिंग्स के बैनर हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिनकी रिपोर्ट अब तक जमा नहीं हुई है। इसके बावजूद यदि ऑडिट रिपोर्ट जमा नहीं की जाती है, तो मनपा होर्डिंग्स को पूरी तरह हटाने की भी कार्यवाही करेगा। प्रशासन ने पहले ही 25 मई की डेडलाइन तय की थी, ताकि बारिश से पहले सभी ढांचों की मजबूती की जांच सुनिश्चित हो सके। ठाणे शहर में कई ऐसे स्थान हैं—जैसे कलवा की खाड़ी किनारा, राजमार्ग और प्रमुख चौराहे—जहां बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं। ये स्थान हवा और पानी के प्रभाव में सबसे अधिक रहते हैं और यहां हादसे की आशंका भी ज्यादा होती है। ऐसे में इन स्ट्रक्चर्स का मजबूत होना बेहद जरूरी है। मनपा हर साल विज्ञापन कंपनियों से स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट की मांग करता है, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। लेकिन हर साल कुछ कंपनियां इसे टालती हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा होता है। विज्ञापन विभाग के सहायक आयुक्त दशरथ वाघमारे ने बताया कि इस बार निगम पूरी सख्ती से पेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट जमा न करने वालों पर सोमवार से कार्रवाई शुरू की जाएगी और शहर की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# सायबर पुलिस ने सायबर ठगी के 700 करोड़ रुपए बचाये

### पिछले पांच सालों में पुलिस के समय पर रिस्पॉन्स से बचाये गये पैसे



**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने 2019 से 2025 के बीच सामने आए ऑनलाइन फ्रॉड मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 700 करोड़ रुपए से अधिक की संदिग्ध धनराशि फ्रीज़ की है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और 1945 पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। अधिकारियों के अनुसार, यह रकम बैंकों, पेमेंट गेटवे और डिजिटल वॉलेट सेवा प्रदाताओं की मदद से ट्रेस कर ब्लॉक की गई है। वर्तमान में यह जब्त धनराशि न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है और अदालतों में मामले की सुनवाई चल रही है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो राज्यभर के हजारों ठगी पीड़ितों को उनकी ठगी हुई रकम वापस मिल सकती है। 1930 हेल्पलाइन, महाराष्ट्र साइबर पुलिस द्वारा संचालित किया जाता है, यहां पूरे महाराष्ट्र से साइबर अपराध संबंधी शिकायतों को दर्ज की जाती है। यह सेवा नवी मुंबई के महापे स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से 24x7 संचालित होती है,जहां 150 से अधिक साइबर विशेषज्ञ और सहायक कर्मचारी तैनात हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह हेल्पलाइन प्रतिदिन लगभग 8,000 कॉल्स प्राप्त करती है और इसका रिस्पॉन्स रेट 100% बताया गया है, जो कि देश में सबसे बेहतर माना जाता है। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित बैंक और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तुरंत अलर्ट भेजा जाता है।

### साइबर ठगी में पैसे वापस दिलाना जटिल

महाराष्ट्र साइबर पुलिस बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ रियल-टाइम में समन्वय करती है ताकि संदिग्ध लेन-देन को समय रहते रोका जा सके। जैसे ही कोई धोखाधड़ी गतिविधि बताई जाती है, संबंधित बैंक को उस लेन-देन पर होल्ड या लीयन लगाने के निर्देश दिए जाते हैं। हालांकि अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि साइबर ठगी में पैसे वापस दिलाना एक जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया है, लेकिन इसे पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद मिलती है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुंबई, पुणे और ठाणे महाराष्ट्र में साइबर अपराध के सबसे बड़े हॉटस्पॉट बनकर उभरे हैं। 2024 में मुंबई में 54,836 शिकायतें दर्ज हुईं जबकि पुणे में 26,332 और ठाणे में 23,148 शिकायतें आईं। नवी मुंबई और पिंपरी-चिंचवड़ जैसे शहरी क्षेत्रों में भी साइबर अपराधों में तेज़ी से वृद्धि हुई है। बहरहाल सायबर ठगी से बचने के लिए जरूरत है सतर्क रहने की। जिससे आप खुद को सायबर ठगी से बचा सकते हैं।

# मनपा आयुक्त ने लिया डंपिंग ग्राउंड का जायजा



**मुंबई।** मनपा आयुक्त भूषण गगराणी गुरुवार को मुलुंड डंपिंग जाकर मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर जमा हुए कचरे का निपटान होने की प्रक्रिया का जायजा लिया। आयुक्त ने ठेकेदार को और मशीन और मनुष्य बल लगाकर तत्काल कचरे का निपटान करने का निर्देश दिया। मनपा अधिकारियों की माने तो डंपिंग ग्राउंड पर जमा हुए कचरे करने में एक साल लगने की जानकारी अधिकारियों ने दी।
बता दें कि मनपा प्रशासन ने मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर जमा हुए कचरे का निपटारा करने के लिए अक्टूबर 2019 में वर्क आर्डर दिया था। पिछले छह साल में मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर जमा हुए कचरे पर 70 लाख मीट्रिक टन कचरे का प्रोसेस करने के लिए ठेका दिया था। जिसमे से अभी तक 4.81 मिलियन मीट्रिक टन अर्थात 68.77 प्रतिशत कचरे की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। मनपा ने इसके लिए इसके लिए ठेकेदार को 558 करोड़ रुपए दिए थे। जबकि जून महीने में पूरे कचरे का निपटारा किया जाना था। मनपा आयुक्त ने ठेकेदार को अब तत्काल बकाया कचरे का प्रोसेस करने का निर्देश दिया। मुलुंड वासियों को अभी एक और साल कचरे की दुर्गंध की परेशानी झेलनी पड़ेगी। ठेकेदार ने मनपा के पास एक साल का और समय मांगा है। मनपा अब ठेकेदार को एक साल का समय देकर कचरे का निपटान करना होगा। मनपा प्रशासन ठेकेदार पर कचरे का निपटान नहीं करने पर अब तक करीब 10 करोड़ रुपये का दंड लगा चुकी है। मुलुंड डंपिंग ग्राउंड पर जमा कचरे को वैज्ञानिक तरीके से बंद होने के बाद 70 लाख मीट्रिक टन कचरे का प्रोसेस किया जा रहा है। इसके लिए तीन ठेकेदारों को संयुक्त रूप से छह साल के भीतर इस डंपिंग ग्राउंड से निकलने वाले कचरे के परोसे का जिम्मा सौंपा गया था। मुंबई में हर दिन लगभग 6500 मीट्रिक टन कचरा पैदा हो रहा है। इन कचरों को गाड़ियों के जरिए इसके लिए देवनार, गोराई,मुलुंड, कांजुर मार्ग में डंपिंग ग्राउंड बनाए गए। गोराई की क्षमता समाप्त होने के कारण इस डंपिंग ग्राउंड को बंद कर दिया गया।

# हमारी पार्टी महिला सक्षमीकरण के लिए कर रही है काम



**मुंबई।** मुंबादेवी विधानसभा की शिवसेना (यूबीटी) महिला महिला उपविभाग प्रमुख और समाजसेविका सौ प्रिया पाटील ने अपने जन्मदिन के अवसर पर डोंगरी स्थित उमरखाडी परिसर में रुपेश फाउंडेशन के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को सामग्री बांटी। इस मौके पर प्रिया पाटिल ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।
महिलाओं को सक्षमीकरण के लिए हमारी पार्टी के पदाधिकारी दिन -रात काम कर रहे है। इस अवसर पर रुपेश फाउंडेशन के कार्यकर्ता तथा अन्य परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मोबाइल गेम खेलने से रोका तो 14 साल की लड़की ने फांसी लगाकर दी जान



**मुंबई।** गोरेगांव से दिल दुखा देने वाला मामला सामने आया है। यहां बुधवार को एक 14 साल की लड़की ने सिर्फ इसलिए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि उसके माता पिता ने उसे मोबाइल पर गेम खेलने से मना किया था। पुलिस ने बताया कि गोरेगांव के आरे कॉलोनी इलाके में इस बच्ची ने अपने घर में कपड़े के टुकड़े से फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक लड़की की पहचान लक्ष्मीदेवी गुलाब यादव के रूप में हुई है, जो आरे कॉलोनी की यूनिट 22 की निवासी थी,उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को उसके माता-पिता ने उसे मोबाइल फोन देने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर वह कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया. अंदर उसने कपड़े के टुकड़े को दरवाजे की बोल्ट से बांधकर फांसी लगा ली. उन्होंने बताया कि उसे तुरंत एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. आरे पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# कमाठी पुरा परिसर का पुनर्विकास के लिए म्हाडा ने निकाली निविदा

### 100 साल से अधिक की पुरानी हो चुकी हैं इमारतें




**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक और प्राचीन कमाठीपुरा क्षेत्र के समूह पुनर्विकास परियोजना के लिए म्हाडा ने निविदा जारी की है। इसके तहत निर्माण और विकास एजेंसी की नियुक्ति की जाएगी। बता दे की कमाठीपुरा की इमारतों का पुनर्विकास को लेकर पिछले कई सालो से स्थानीय लोगो द्वारा मांग की जा रही थी। मानसून के दौरान पुरानी और जर्जर हो चुकी इमारतों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती थी। इस परियोजना के समर्थन में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, सांसद अरविंद सावंत, विधायक अमीन पटेल और स्थानीय नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने इस परिसर का पुनर्विकास को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से परिसर का पुनर्विकास की गुहार लगाई थी। कमाठीपुरा में किराएदार और भूखंड मालिक भी है जिन्हे का मोबदला को लेकर बड़ी परेशानी थी।

### यहां के भूखंड बहुत छोटे और संकरे हैं

कमाठीपुरा की गली नंबर 1 से 15 तक की जर्जर और पुरानी उपकरप्राप्त और गैर-उपकरप्राप्त इमारतों और भूखंडों का सामूहिक रूप से पुनर्विकास किया जाएगा। लगभग 34 एकड़ क्षेत्र में फैले इस क्षेत्र में 943 उपकरप्राप्त इमारतें हैं, जिनमें 6625 निवासी और 1376 गैर-निवासी मिलाकर कुल 8001 किराएदार रहते हैं। इसके अलावा 800 ज़मीन मालिक भी हैं। यह इमारतें लगभग 100 साल पुरानी हैं और यहां के भूखंड बहुत छोटे और संकरे हैं, जिससे समूह पुनर्विकास एक स्थायी और उपयुक्त समाधान है। इस परियोजना के तहत इन सभी रहवासियों को स्थायी और स्वामित्व वाले घर मिलने की उम्मीद है।

# 'सुनें कहानी ' में जुटेंगी देश की दिग्गज महिला रचनाकार

**मुंबई।** साहित्य,संस्कृति की प्रतिनिधि संस्था 'कथा' के अभिनव आयोजन 'सुनें कहानी' में इस बार देश की दिग्गज महिला रचनाकार हिस्सा ले रही हैं। 'दुनिया औरत की' शीर्षक से 19 जून को नजमा हेपतुल्लाह हॉल ,सांताक्रुज (पूर्व) में 2 से 5 बजे तक आयोजित इस अनूठे आयोजन में कथाकार,उदघोषक,समीक्षक,संचालक व अध्यक्ष सभी देश की जानी मानी महिला रचनाकार शामिल हैं। इनमें शामिल हैं कथाकार उमा (जयपुर),मंजु (मुंबई),सीमा असीम( बरेली),रेखा बब्बल(कवयित्री),श्रुति भट्टाचार्य (अभिनेत्री),प्रियम्वदा रस्तोगी (पत्रकार),डॉ. उषा मिश्रा (शिक्षा विद),कमलेश पाठक (पूर्व कार्यक्रम अधिकारी:विविध भारती),डॉ अंजु शर्मा (शिक्षा विद,लेखिका)। कार्यक्रम की अध्यक्ष वरिष्ठ कथाकार सुदर्शना द्विवेदी व संचालन डॉ. रीता दास राम करेंगी। ' ए टी एफ' (ऑल टाइम फ़ूड) व 'कथा' द्वारा आयोजित इस अभिनव आयोजन के संयोजक कथाकार,पत्रकार हरीश पाठक हैं।

# वसई - विरार क्षेत्र में अवैध स्कूलों की भरमार

## नगरनिगम ने जारी की सैकड़ों अवैध स्कूलों की सूची

■ मंगेश निषाद

**नालासोपारा।** पालघर जिले में शिक्षा व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति सामने आई है,जहां शिक्षा अधिकारियों की कथित मिलीभगत से अवैध स्कूलों का जाल फैलता जा रहा है,खासकर वसई-विरार क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में। इन स्कूलों में न तो पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही उचित शैक्षणिक वातावरण,जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पालघर जिले में अवैध स्कूलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। बिना किसी अनुमति के हर गली-चौराहे पर स्कूल खुल गए हैं। ये अवैध स्कूल प्रबंधन छात्रों के अभिभावकों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं। शिक्षा विभाग ने इस वर्ष सैकड़ों स्कूलों को अवैध घोषित किया है। इसे शिक्षा विभाग की लापरवाही कहें या शिक्षा माफियाओं से मिलीभगत,क्योंकि विभाग द्वारा जारी अवैध स्कूलों की



अधिसूचना सामान्य अभिभावकों तक नहीं पहुंचती। परिणामस्वरूप, प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। शिक्षा विभाग बिना वैध दस्तावेजों की जांच किए बगैर स्कूलों का संचालन करने की अनुमति देता रहा है और जिला शिक्षा विभाग प्रतिवर्ष प्रवेश सत्र के दौरान नोटिस जारी कर केवल कागजी खानापूर्ति करता हुआ दिखाई देता है, जबकि शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार अधिकांश स्कूलों की मान्यता रद्द होनी चाहिए।

### अवैध जमीनों पर बने हैं स्कूल

वसई तालुका में आदिवासी और वन विभाग की जमीनों पर कई स्कूल चल रहे हैं, जिन्हें जिला शिक्षा विभाग से किसी भी परिस्थिति में मान्यता मिलना मुश्किल है। कई स्कूलों के पास पर्याप्त जगह की व्यवस्था भी नहीं है। शिक्षा विभाग ने इस प्रकार के सभी स्कूलों को अवैध घोषित किया है। इसके बावजूद, ये स्कूल धड़ल्ले से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए संचालित हो रहे हैं,जिनमें, बाबा इंग्लिश स्कूल, कामन, ता. वसई ,प्रार्थना इंग्लिश स्कूल, कामन, ता. वसई ,लिटिल एंजल हाई स्कूल, कमान, तालुका वसई,शोभावती इंग्लिश हाई स्कूल, धानिव, नालासोपारा पूर्व,अथर्व अकादमी इंग्लिश स्कूल, धानिव,नालासोपारा पूर्व,परमात्मा शिव विद्यालय, हवाईपाड़ा, संतोष भुवन, नालासोपारा पूर्व,कृष्णा बाल विद्यामंदिर इंग्लिश प्राइमरी गवराई पाड़ा, नालासोपारा पूर्व,कृष्णा बाल विद्या मंदिर हिंदी प्राथमिक, गवराई पाड़ा,नालासोपारा पूर्व,मेरिटोरियस किड्स इंटरनेशनल स्कूल, गवराईपाड़ा नाका, नालासोपारा पूर्व,माता भगवती युग निर्माण स्कूल इंग्लिश, गायत्री नगर, हरवटेपाड़ा, धानीव,माता भगवती युग निर्मन विद्यालय हिंदीगायत्री नगर, हरवटेपाडा, धानीव, नाल्न ,ज्ञानसागर विद्यामंदिर, वाकनपाड़ा, नालासोपारा पूर्व,सेंट थोमस इंग्लिश स्कूल, वाकणपाडा, नालासोपारा पूर्व ,श्याम शारदा इंग्लिश प्राइमरी स्कूल, धानिव, नालासोपारा पूर्व,शारदा इंग्लिश हाई स्कूल, धानिव, नालासोपारा पूर्व,मोहम्मदी उर्दु, संतोष भुवन, नालासोपारा पूर्व,लिटिल एंजेल हाई स्कूल, संतोष भुवन, नालासोपारा पूर्व, कॉसमॉस इंग्लिश स्कूल, धानिव, नालासोपारा पूर्व प्रिसिअस इंग्लिश स्कूल,धानीव, नालासोपारा पूर्व, कलकत्ता की संत टेरेसा, ईश्वर की माता,ईश्वर की माता जैसे सैकड़ों स्कूल शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण चल रहे हैं। स्थानीय मनपा प्रशासन ने क्षेत्र में फैले अवैध स्कूलों के लिए कोई नियमावली निर्धारित नहीं की है,जिसके चलते अवैध स्कूलों का निर्माण बेधड़क जारी है। वहीं, शिकायत मिलने पर मनपा प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय जिला परिषद के शिक्षा विभाग पर मामला टाल देता है। तालुका के अधिकांश स्कूलों के पास न तो मनपा से निर्माण के लिए कोई वैध दस्तावेज हैं और न ही अग्निशमन विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किया गया है।

# परे अहमदाबाद-मुंबई और अहमदाबाद-दिल्ली के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे(परे) द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से अहमदाबाद-मुंबई और अहमदाबाद-दिल्ली जं. के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**1. ट्रेन संख्या** 09494/09493 अहमदाबाद – मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09494 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 12 जून, को अहमदाबाद से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09493 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 13 जून को मुंबई सेंट्रल से 11:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 19:30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर और एसी चेयर कार क्लास कोच हैं।

**2. ट्रेन संख्या** 09497/09498 अहमदाबाद – दिल्ली जं. - अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09497 अहमदाबाद-दिल्ली जं. सुपरफास्ट स्पेशल गुरुवार, 12 जून को अहमदाबाद से 23:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:30 बजे दिल्ली जं. पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09498 दिल्ली जं.-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल शुक्रवार, 13 जून को दिल्ली जं. से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08:30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, मारवाड़ जं., अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर कोच हैं।

ट्रेन संख्या 09494, 09493 और 09497 की बुकिंग तत्काल प्रभाव से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू है। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनों के रूप में चलाई जाएंगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# स्थानीय निकाय चुनाव के काम में आई तेजी

## प्रभाग रचना का तिथिवार कार्यक्रम घोषित, 18 अगस्त तक फाइनल ड्राफ्ट बनाने का निर्देश

### अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने की पूरी संभावना

महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य में पिछले कई सालों से रुके हुए बहुप्रतीक्षित स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले 10 जून को नगर विकास विभाग ने राज्य की सभी महापालिकाओं में प्रभाग रचना (वार्ड संरचना) के संबंध में आदेश जारी किए थे, गुरुवार को नगर विकास विभाग ने वार्ड संरचना का तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 17 जून से प्रभाग रचना के काम की शुरुआत होगी और 19 जून से वार्डों के परिसीमन का काम किया जाएगा। इसके बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई पूरी कर 18 अगस्त तक प्रभाग रचना का फाइनल ड्राफ्ट मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। ऐसे में अक्टूबर-नवंबर माह में स्थानीय निकाय चुनाव होने की पूरी संभावना है। नगर विकास विभाग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि संबंधित अधिकारी इस समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार वार्ड गठन का काम पूरा करें और चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि चुनाव समय पर होने चाहिए, इसलिए इस अवधि में कोई छूट नहीं दी जाएगी।



### वार्ड गठन में गूगल मैप्स रहेगा आधार

डी श्रेणी की महा पालिकाओं, नगर परिषदों और नगर पंचायतों को वार्ड गठन की प्रक्रिया पहले करनी होगी। वहां वार्ड गठन का काम 17 जून से शुरू होगा और वार्ड गठन की अंतिम योजना 7 अगस्त तक चुनाव आयोग को भेजनी होगी। आयोग की मंजूरी मिलने के बाद 1 सितंबर तक अधिसूचना के जरिए वार्ड गठन का प्रकाशन करना होगा।

### ऐसा होगा तिथि वार कार्यक्रम

तिथि वार कार्यक्रम के अनुसार मुंबई सहित ए, बी, सी श्रेणी की महापालिकाओं के लिए जनगणना की जानकारी 17 से 18 जून, कार्यस्थल का निरीक्षण 19 से 23 जून, गूगल मैप्स पर प्रभाग का मानचित्र तैयार करने का काम 24 से 30 जून, मानचित्र पर प्रभाग सीमाओं का भौतिक निरीक्षण 1 जुलाई से 3 जुलाई, ड्राफ्ट प्रभाग संरचना पर समिति के हस्ताक्षर 8 से 10 जुलाई, ड्राफ्ट वार्ड संरचना का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजने का काम 8 से 10 जुलाई, वार्ड संरचना प्रकाशित करना और आपत्तियां आमंत्रित करना 22 जुलाई से 31 जुलाई, आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई 1 अगस्त से 11 अगस्त, अंतिम वार्ड संरचना चुनाव आयोग को भेजना 12 अगस्त से 18 अगस्त तथा आयोग की तरफ से अंतिम रूप से तैयार प्रभाग संरचना का प्रकाशन 29 अगस्त से 4 सितंबर के बीच होगा।

### डी श्रेणी की मनपा में 1 सितंबर तक वार्ड गठन

सरकार के नगर विकास विभाग ने 10 जून को जारी आदेश में राज्य की सभी महानगर पालिकाओं की वार्ड संरचना के संबंध में आदेश जारी किए था। इसके अनुसार मुंबई महापालिका में 227 एकल सदस्यीय वार्ड होंगे, वहीं ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, वसई-विरार, पुणे, नागपुर, नाशिक, छत्रपति संभाजी नगर समेत अन्य सभी महानगर पालिकाओं में चार सदस्यीय वार्ड होंगे। मुंबई समेत ए, बी और सी महापालिका क्षेत्रों में वार्ड संरचना का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी संबंधित आयुक्तों को सौंपी गई है, जबकि डी महापालिका में वार्ड संरचना की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों को सौंपी गई है। प्रभाग संरचना के लिए गूगल मैप्स को आधार बनाया जाएगा।

# मिड डे मील के खर्च की दर बढ़ी

- पीएम पोषण योजना के तहत छात्रों को दिया जाता है पका भोजन
- छात्रों पर होने वाले रोजाना खर्च की सीमा में किया गया इजाफा

महानगर संवाददाता
मुंबई

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रतिदिन छात्रों को दिए जाने वाले मीड डे मील के खर्च की दर को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। महाराष्ट्र सरकार के स्कूली शिक्षा व खेल विभाग की तरफ से गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार के 21 अप्रैल 2025 के आदेश के अनुसार छात्रों को प्रति-दिन दिए जाने वाले भोजन व्यय में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत भोजन बनाने के लिए दाल, सब्जियां, तेल, मसाले और ईंधन आदि की खरीद के लिए सामग्री लागत प्रदान की जाती है। सामग्री लागत के अलावा भारत सरकार भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न भी उपलब्ध कराती है। प्राथमिक स्कूल के कक्षा 1ली से 5वीं तक के छात्रों को रोजाना 6.78



रुपए तथा उच्च प्राथमिक के कक्षा 6 से 8वीं तक के छात्रों की रोजाना खर्च की सीमा 10.17 रुपए होगी। योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में चावल के साथ-साथ अन्य खाद्यान्न की आपूर्ति की जाती है। इन खाद्यान्नों से भोजन तैयार करने के लिए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए दरों में सुधार किया गया है। प्राथमिक स्कूल के छात्रों के लिए आहार पर 6.78 रुपए, माल की आपूर्ति पर 4.19 रुपए और ईंधन तथा सब्जियों पर 2.59 रुपए खर्च की सीमा होगा। उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्रों के आहार पर 10.17 रुपए, माल आपूर्ति पर 6.29 रुपए और ईंधन तथा सब्जियों पर 3.88 रुपए की सीमा होगी। वर्तमान योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में केंद्रीय रसोई प्रणाली के माध्यम से तैयार भोजन की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं को प्राथमिक स्कूल के छात्रों पर 6.78 रुपए और उच्च प्राथमिक के छात्रों को 10.17 रुपए की सब्सिडी देय होगी। दरों में वृद्धि 1 मई 2025 से लागू होगी।

### भारत सरकार की योजना

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का संबंध स्कूली बच्चों के पोषण को बेहतर बनाने और स्कूल में नामांकन को बढ़ाने से है। यह योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसके तहत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को मिड डे मील प्रदान किया जाता है। योजना के तहत सभी स्कूली दिनों में बच्चों को एक बार गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है।

### शनिवार को मुंबई में ऑरेंज एलर्ट

# रविवार और सोमवार को एलो एलर्ट

**मुंबई।** मौसम विभाग ने शनिवार 14 जून से अगले तीन दिन तक यानी सोमवार तक मुंबई सहित ठाणे में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दिन कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश,गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। यह चेतावनी 14 जून सुबह 8:30 बजे से 15 जून सुबह 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगी। वहीं रायगड जिले के लिए अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना के चलते रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने मुंबई और ठाणे के लिए 14 जून के बाद 15 और 16 जून को बिजली के साथ बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी के तहत येलो अलर्ट जारी किया गया है। रायगड के लिए इन दोनों दिनों में भी ऑरेंज अलर्ट प्रभावी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य क्षेत्र



में उत्तर आंध्र प्रदेश तट के पास बने ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण और उससे जुड़े ट्रफ के कारण हो रहा है। यह प्रणाली समुद्र तल से 5.8 किमी तक फैली हुई है और यह छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा और आंतरिक कर्नाटक होते हुए तटीय कर्नाटक तक फैली है। इसके प्रभाव से 12 से 17 जून के दौरान महाराष्ट्र में बारिश की तीव्रता में वृद्धि होगी। इस अवधि में कोकण और मध्य महाराष्ट्र में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। कोकण में 12 से 15 जून के बीच कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा भी हो सकती है। इसके अलावा, अगले पांच दिनों के लिए मछुआरों को चेतावनी जारी की गई है।

# यात्रियों की संख्या घटने पर अब किलोमीटर पर किराया तय करने में जुटी बेस्ट

## न्यूनतम किराया पर हो सकता है बदलाव, शुरुआत का किराया 7 रुपए करने का अनुमान

**मुंबई।** बेस्ट प्रशासन ने नौ मई को बस किराए में वृद्धि करते हुए दोगुना किराया किया। बेस्ट को इससे कमाई में जरूर बढ़ोत्तरी हुई,लेकिन यात्रियों की संख्या में गिरावट दर्ज हुई है। इसे देखते हुए बेस्ट प्रशासन ने अब किलोमीटर के अनुसार जो की 2018 के पहले नियमानुसार किलोमीटर अनुसार किराया निश्चित करने का विचार किया जा रहा है। जिससे बेस्ट बसों में यात्रियों की संख्या बढे कम दूरी के यात्रियों को बस किराया का अधिक भार न पड़ते हुए वह भी भी बेस्ट बस की सुविधा ले सके। बेस्ट प्रशासन दो अथवा ढाई किलोमीटर से किराया निश्चित करने की उम्मीद जताई जा रही है। जिसके तहत न्यूनतम किराया में भी बदलाव किया जाएगा। न्यूनतम किराया 7 रुपए करने का अनुमान लगाया जा रहा है।



बता दें कि बेस्ट का फिलहाल किराया बिना वातानुकूलित बसों के लिए 5 किमी तक का न्यूनतम किराया 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपये,जबकि वातानुकूलित बसों के लिए 6 रुपए से बढ़ाकर 12 रुपए किया गया। 5 से 12 वर्ष की उम्र के बच्चों को अब किराए में छूट देने की योजना भी लागू की गई है,जिसके तहत उन्हें आधा टिकट लगेगा। बेस्ट बस का किराया अब 5, 10, 15 और 20 25, 30, 35, 40, 45, 50 किमी आधार पर निश्चित है। इसके चलते 10 किमी की दूरी के लिए पहले जहां 8 रुपये लगते थे,अब 15 रुपए देने पड़ते हैं। एसी बसों के लिए यही किराया पहले 10 रुपए था, जो अब 20 रुपए हो गया है। बेस्ट प्रशासन द्वारा किरायों में बढ़ोत्तरी के बाद यात्रियों की संख्या करीब 4-5 लाख घट गई है। पहले बेस्ट में रोजा ना 25-26 लाख लोग यात्रा करते थे,जो अब घटकर लगभग 22 लाख रह गए हैं। बेस्ट प्रशासन अब अपने पुराने फार्मूले के अनुसार किराया निश्चित करने का निर्णय ले रही है,जिससे बेस्ट में घटे यात्रियों को दोबारा लौटाया जा सके और किराया का भी अधिक भार यात्रियों पर न पड़े। प्रशासन का कहना है कि इस नई योजना का उद्देश्य किराया कम करना नहीं, बल्कि अधिक यात्रियों को आकर्षित करना है। बेस्ट यह भी अध्ययन कर रही है कि जैसे कोई यात्री 2 या 3 किमी की यात्रा करना चाहता है,तो उसे 5 किमी के किराए क्यों देना पड़ें। इस दिशा में रिक्शा,टैक्सी और मेट्रो जैसे परिवहन माध्यमों के किराया ढांचे का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि बेहतर और व्यवहारिक किराया प्रणाली तैयार की जा सके। बेस्ट के महाव्यवस्थापक एस.व्ही. आर.श्रीनिवास ने स्पष्ट किया है कि यह किराया कटौती नहीं है,बल्कि यात्रियों की संख्या बढ़ाने और उन्हें सुविधा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# एमएमआर में एकीकृत बस परिवहन के लिए टास्क फोर्स

## बेस्ट महाप्रबंधक टास्क फोर्स के अध्यक्ष

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के लिए एकीकृत बस परिवहन योजना तैयार करने के लिए 12 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इसका उद्देश्य यात्रियों को एकल टिकट प्रणाली के माध्यम से निर्बाध यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। टास्क फोर्स का अध्यक्ष महाप्रबंधक बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं वितरण लिमिटेड (पश्चिम), मुंबई को बनाया गया है।

यह टास्क फोर्स मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए एक एकीकृत बस परिवहन योजना तैयार करेगा। नीति आयोग ने नगर-क्षेत्रों को ग्रोथ हब (जी-हब) के रूप में विकसित करने की अवधारणा पेश की है। जी-हब नामक इस अवधारणा के माध्यम से देश भर के चुनिंदा क्षेत्रों के लिए आर्थिक विकास नीति तैयार की जा रही है और उस नीति के कार्यान्वयन के लिए एक रोडमैप तैयार किया



जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इस अवधारणा को 4 शहरी क्षेत्रों अर्थात मुंबई महानगर क्षेत्र (महाराष्ट्र), सूरत (गुजरात), विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) और वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में पायलट आधार पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें मुंबई महानगर क्षेत्र (महाराष्ट्र) को पायलट शहर-क्षेत्र के रूप में चुना गया है। इस अनुसार सिफारिशों के तेजी से कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक मुंबई महानगर क्षेत्र आर्थिक मास्टर प्लान-ग्रोथ हब तैयार किया जा रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र आर्थिक मास्टर प्लान की समीक्षा करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति गठित की गई है।

### मोटरसाइकिल शोरूम में आग लगने से 100 मोटरसाइकिलें जलीं

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ में गुरुवार तड़के एक मोटरसाइकिल शोरूम में भीषण आग लगने से करीब 100 मोटरसाइकिलें जलकर खाक हो गयीं। अधिकारियों ने यहां बताया कि कल्याण-अंबरनाथ रोड पर स्थित सुजुकी शोरूम में तड़के तीन बजे अचानक से आग लग गयी। उन्होंने बताया कि हादसे के समय परिसर खाली था और इस हादसे में किसी के हताहत होने की अभी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही कल्याण और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम से दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर पहुंची और सुबह पांच बजे तक आग पर काबू पा लिया।

# गोराई में मानसून तक मनपा नहीं करेगी कार्रवाई

महानगर संवाददाता
मुंबई

गोराई में अवैध निर्माण पर हो रही कार्रवाई मनपा प्रशासन ने फिलहाल मानसून तक रोक दी है। मनपा प्रशासन ने गुरुवार को स्थानीय रहवासियों द्वारा निकाले गए मोर्चे के बाद इस तरह का निर्णय लिया।

बता दें हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने गोराई, मढ़ और वर्सोवा में फर्जी नक्शों के आधार पर बनाए गए निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश मनपा को दिया था। पिछले कुछ महीनों से मनपा मढ़ एरंगल गांव में बनाए



गए अवैध निर्माण पर तोड़क कार्रवाई कर रही है। फर्जी नक्शे के आधार पर किए अवैध निर्माण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर मनपा ने अब गोराई में भी नोटिस जारी किया है। जिससे लोगों में आक्रोश है। मनपा नोटिस के खिलाफ स्थानीय रहवासियों ने नाराजगी जताते हुए मनपा के खिलाफ आर मध्य वार्ड कार्यालय पर गुरुवार को मोर्चा निकाला था।जिसका राजनितिक पार्टियों का भी समर्थन मिला था। मोर्चे में शामिल हुए लोगो को मनपा की ओर से जानकारी दी गई कि मानसून में तोड़क कार्रवाई नहीं होगी। इससे जिन्हें नोटिस मिली थी उन्हें तत्काल राहत मिली है। गोराई एसोसिएशन की अध्यक्ष स्वीटी हेनरिक्स ने कहा कि मनपा की कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। यहां के मूल निवासियों के पास 1962 का सबूत या टैक्स बिल नहीं है, तो क्या उनके निर्माण को ध्वस्त कर दिया जाएगा।यह हम पर अन्याय है जिसके खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं।

**क्या है मामला**

आर मध्य वार्ड की सहायक आयुक्त संध्या नांदेडकर ने बताया कि एसआईटी की जांच में पता चला कि गोराई समुद्र के किनारे बनाए गए निर्माण भी फर्जी नक्शे के आधार पर किया गया है। एसआईटी रिपोर्ट में बताया गया है कि ओरिजिनल प्लान में सीटीएस नंबर में कोई स्ट्रक्चर नहीं था। हमने नोटिस में कहा है कि जिनके पास निर्माण के कागजात है वह जमा करें। यहां पर करीब 50 स्ट्रक्चर को नोटिस दिया गया है। यह सभी निर्माण समुद्र के किनारे हैं। इनमें से 80 प्रतिशत निर्माण कमर्शियल और 5 से 6 रिहायशी हैं। कुछ लोगों के पास ही 1990- 95 के कागजात हैं। मानसून में तोड़क कार्रवाई नहीं होगी। नांदेडकर ने कहा कि विधायक ने कहा है कि वे राज्य सरकार के पास पॉलिसी बदल का आग्रह करेंगे।

### कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को बताया बच्चों का कंप्यूटर गेम


**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विधायक नाना पटोले ने भारत की PAK पर हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एक विवादित बयान दिया है, जिससे महाराष्ट्र में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है,उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को बच्चों का कंप्यूटर गेम बताया है। कांग्रेस नेता के इस बयान पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे भारतीय सेना और जवानों का अपमान बताया है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को बच्चों का कंप्यूटर गेम करार देते हुए दावा किया कि भारत ने इस ऑपरेशन की जानकारी पहले ही पाकिस्तान को दे दी थी,जिसके कारण पाकिस्तान ने अपने लोगों को वहां से हटा लिया था। पटोले ने कहा कि पहलगाम में जिन आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया, वो आज तक नहीं पकड़े गए। उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय के बयान से ये स्पष्ट था कि भारत ने पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था कि वह किन जगहों पर हमला करने जा रहा है। पाकिस्तान ने उन जगहों से आतंकियों को हटा लिया. इसका मतलब यह है कि कंप्यूटर रूम में बच्चे गेम खेलते हैं, वो गेम खेला गया।

उन्होंने ये भी दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के कारण ऑपरेशन सिंदूर को रोक दिया गया. पटोले ने कहा, 'ट्रंप ने बार-बार धमकी दी थी कि अगर भारत और पाकिस्तान युद्ध विराम नहीं करते तो वह दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देंगे।

### व्यापारी के अपहरण मामले में नागालैंड से तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नागालैंड से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर मुंबई के एक व्यापारी के अपहरण और 1.5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जल्द ही मुंबई लाया जाएगा। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब व्यापारी के परिजनों ने उसके अपहरण की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। फिरौती की मांग सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच ने तत्काल एक समानांतर जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने फिरौती कॉल की लोकेशन नागालैंड में ट्रेस की।

### कांग्रेस का मशाल जुलूस स्थगित



**मुंबई।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मद्देनजर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को होने वाला राज्यव्यापी मशाल जुलूस स्थगित कर दिया। कांग्रेस अगले तीन दिनों तक शोक भी मनाएगी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने इस बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए गुरुवार को पूरे राज्य में मशाल जुलूस निकालने की योजना बनाई थी। हालांकि, विमान हादसे के मद्देनजर आंदोलन स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस ने विमान हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है और तीन दिवसीय शोक मनाने का फैसला किया है। पार्टी ने जिला कांग्रेस कमेटियों को विमान हादसे के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने का निर्देश दिया है।


**युको बँक** (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

**जगह चाहिए**

यूको बैंक को निम्नलिखित क्षेत्र में अपनी शाखा हेतु व्यावसायिक उपयोग के लिए 800 से 1000 स्क्वेअर फीट कार्पेट एरिया में प्रमुखता से निचले तल (भूतल) पर स्थित जगह किराए पर चाहिए। प्रस्तावित जगह 1000 स्क्वेअर फीट कार्पेट एरिया से कम होनी चाहिए।

**अपेक्षित प्रमुख स्थान : नासिक : गोविंदनगर बजार परिसर**

विस्तृत जानकारी आप हमारे बैंक की वेबसाइट **www.ucobank.com** से प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप (फॉर्मेट) में मुहरबंद लिफाफे में आवेदन अंचल कार्यालय, पुणे के निम्न लिखित पते पर जमा करने की अंतिम तिथि है 27 जून 2025।

**युको बँक, विभागीय कार्यालय, पुणे,**
2190/2191, संस्कृत विद्या मंदिर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स,
सहकारनगर नं.1, गल्ली नं.4, पुणे 411009. **दूरध्वनी: 020-24544027**

**विभागीय व्यवस्थापक**
**युको बँक**
**विभागीय कार्यालय, पुणे**



महावितरण

**ई-निविदा सूचना**

मान्यताप्राप्त ठेकेदारांकडून खालील कामांकरिता निविदा मागवण्यात येत आहेत.

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे स्वरूप | निविदा रक्कम |
|---|---|---|---|
| 1 | EE/RGR/T-01/ Housekeeping/ 2025-26 | राजगुरुनगर विभागांतर्गत येणाऱ्या विभागीय व विविध उपविभागीय कार्यालयांच्या कार्यालयीन इमारती आणि आजूबाजूच्या परिसराची देखभाल करण्यासाठी हाऊसकीपिंगची कामे करणे करिता. | ६ लाख |
| 2 | EE/RGR/T-02/ Transportation/ 2025-26 | महावितरणच्या विविध स्टोअर्स / स्थळांपासून राजगुरुनगर विभागाच्या कार्यक्षेत्रात कंपनीच्या साहित्याची (निकामी झालेले वितरण रोहित्र, पीएससी पोल आणि पॉवर ट्रान्सफॉर्मर वाहतूक वगळता) वाहतूक, लोडिंग आणि अनलोडिंग च्या कामा करिता. | २० लाख |

निविदा विकी चालू तारीख १३.०६.२०२५ ते १९.०६.२०२५. निविदा भरण्याची अंतिम तारीख दि. २०.०६.२०२५ दुपारी ३ वाजेपर्यंत. इतर सर्व निविदा माहिती http://works.mahadiscom.in/eTender/etender या वेबसाईटवर उपलब्ध आहे.

**पु.प./पी.आर.ओ.क्रं. ००६६/२०२५** **कार्यकारी अभियंता, राजगुरुनगर विभाग**



**पश्चिम रेलवे**
**झेरॉक्स मशीनों की हायरिंग**

मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक) ईएमयू कारशेड मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे, तथा मुंबई 400 034 द्वारा **ई-निविदा क्र. : डीआरएम/आरएस/2024-25/22, दि. : 06.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : 3 वर्षों की अवधि हेतु कार्य के विस्तार के अनुसार एमएमसीटी तथा केआईएलई ईएमयू कारशेड्स हेतु झेरॉक्स मशीनों (02 नग) की हायरिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 3,35,806.95. **ईएमडी** : ₹ 6,700/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 02.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0247

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**
**ओएचई कार्य**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांक : टीआर-सी-2-2025-26-टी, दिनांक : 09.06.2025** प्रकाशित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : छोटा उदेपुर - धार अनुभाग** के अंतर्गत नई लाइन के संबंध में पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल में **जोबाट-टांडा रोड अनुभाग** के शेष कार्य के 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, उत्थापन, परीक्षण एवं क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 9,55,33,366/-. **ईएमडी** : ₹ 6,27,700/-. **बोली की आरंभिक तिथि व समय** : 20.06.2025 तक. **निविदा बंद होने की तिथि व समय** : 04.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0249

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल**
**(म्हाडा की इकाई)**

म्हाडा MHADA

कार्यकारी अभियंता, जी-दक्षिण डिवि., एमबीआरआरबी, 5वीं मंजिल, मुक्तांगण स्कूल के पास, विश्वराजा दर्शन बिल्डिंग के पीछे, एल्फिंस्टन (प.), मुंबई - 400 013
ईमेल - आईडी : rreegsmhada@gmail.com

**ई-निविदा सूचना क्र. 2 (2024-25)**

**मुख्य पोर्टल : https://mahatenders.gov.in**
**म्हाडा पोर्टल : https://mhada.maharashtra.gov.in**

कार्यकारी अभियंता जी/दक्षिण डिवि., मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, 5वीं मंजिल, मुक्तांगण स्कूल के पास, विश्वराजा दर्शन बिल्डिंग के पीछे, प्रभादेवी (प), मुंबई - 400 013 द्वारा डीडीआर मुंबई शहर के साथ समुचित श्रेणी अंतर्गत म्हाडा/पीडब्ल्यूडी के साथ पंजीकृत लेबर को-ऑपरेटिव सोसायटी से 06 कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में ऑनलाइन डिजीटली हस्ताक्षरित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

विस्तृत ई-निविदा उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होगी. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है :

| अ. क्र. | चरण | समयावधि की तिथि | अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री का प्रारंभ | 16.06.2025 को सुबह 10.05 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री का समापन | 23.06.2025 को सुबह 11.00 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली का खुलना | 24.06.2025 को सुबह 11.00 बजे | 4 | मूल्य बोली का खुलना | 24.06.2025 को सुबह 11.00 बजे |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी 1.** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
**टिप्पणी 2.** शुद्धिपत्र/संशोधन यदि है, तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा.

**सीपीआरओ/ए/482**

Follow us:@mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता जी/एस डिवि.,
एम.बी.आर.एंड आर. बोर्ड

**म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था**



**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**संक्षिप्त ई-निविदा सुचना क्र. १३ सन २०२५-२६**

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| १. | भिवंडी तालुक्यातील मौजे चिंचवली ब्रिज ते चिंचवलीकडे जाणाऱ्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे. | २,२८,४९,३३३.०० |
| २. | भिवंडी तालुक्यातील भोकरी ते वडवलीकडे जाणाऱ्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे. | ३,७८,४५,८१०,०० |
| ३. | भिवंडी तालुक्यातील भरेफाटा ते भरे गावापर्यंतच्या रस्त्याचे सिमेंट काँक्रीटीकरण करणे जि. ठाणे. | ७,५७,०१,३२३.०० |

१. डाऊन लोड करण्याचा कालावधी : दिनांक. १७/०६/२०२५ ते दिनांक. ०२/०७/२०२५
२. निविदा पुर्व बैठक **(अ. क्र. १)** : दिनांक. २३/०६/२०२५ दुपारी २.१० वाजता. अधिक्षक अभियंता, सा.बां.मंडळ ठाणे.
३. निविदा पूर्व बैठक **(अ. क्र. २ व ३)** : दिनांक. २४/०६/२०२५ दुपारी ०२.१० वाजता. मुख्य अभियंता, (सा. बां.) प्रादेशिक विभाग, मुंबई.
३. ई-निविदा उघडणे (शक्य असल्यास) : दिनांक. ०३/०७/२०२५ अधिक्षक अभियंता, सा. बां. मंडळ यांचे कार्यालयात दु.१४.०० उघडण्यात येईल.

सर्व पात्र / इंच्छुक निविदाकारांनी निविदा पत्रक डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रियेत भाग घेण्यासाठी ई-निविदा प्रणालिच्या https//mahatenders.gov.in या पोर्टलवर portal वर enrolled करणे आवश्यक आहे.

**जा.क्र. ठावि/निविदा/५०८१**
**कार्यकरी अभियंता यांचे कार्यालय,**
**सा.बा. विभाग, क्र.१ ठाणे**
**दिनांक १०/०६/२०२५**

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता**
**सा.बां. विभाग, क्र १ ठाणे**

**DGIPR/2025-26/C1126**

## घटती जन्म दर की चुनौती

जनगणना शुरू होने से पहले देश में आबादी पर आयी एक नयी वैश्विक रिपोर्ट चिंतित करने वाली है। यूएनएफपीए, यानी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, द रियल फर्टिलिटी क्राइसिस' नाम से रिपोर्ट जारी की है, जिसमें जनसंख्या की संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा दर में अहम बदलावों के बारे में बताया गया है,जो बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। भारत की जनसंख्या में बड़ा और निर्णायक बदलाव आया है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट 2025 के मुताबिक देश की कुल प्रजनन दर अब 'प्रत्यास्थापन स्तर' यानी रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे चली गई है। इसका मतलब है कि अब जितने लोगों की देश में मौत हो रही हैं, उतने नए जन्म नहीं ले हो रहे। 2025 के अंत तक भारत की जनसंख्या के 1.46 अरब तक पहुंचने का अनुमान है,लेकिन चिंता की बात यह है कि कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 रह गई है,जबकि स्थिर जनसंख्या बनाए रखने के लिए यह दर कम से कम 2.1 होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने इसे एक 'वास्तविक प्रजनन संकट' करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में लाखों लोग ऐसे हैं जो अपने इच्छित परिवार आकार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कुछ लोगों को संतान प्राप्ति नहीं हुई है,तो कुछ सामाजिक, आर्थिक या स्वास्थ्य कारणों से बच्चे पैदा करने का फैसला टाल रहे हैं। गर्भनिरोधक साधनों की सीमित पहुंच, करियर व शिक्षा की प्राथमिकता, बदलती जीवनशैली और सामाजिक धारणाएं इस बदलाव के मुख्य कारण माने जा रहे हैं। भारत में हालांकि अभी युवा जनसंख्या का बड़ा हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक देश की जनसंख्या में 0 से 14 साल के लोग 24फीसदी, 10 से 19 वर्ष के 17 फीसदी, 10 से 24 वर्ष के 26फीसदी और 15 से 64 वर्ष के लोग 68फीसदी हैं। इसका अर्थ है कि भारत फिलहाल एक बड़े 'जनसांख्यिकीय लाभांश' की स्थिति में है। यदि सरकार इस युवा शक्ति को सही दिशा दे सके, तो देश अगले कुछ दशकों में वैश्विक आर्थिक शक्ति बन सकता है। यूएन रिपोर्ट यह बताती है कि भारत अब मध्यम आय वाले उन देशों की श्रेणी में आता है, जहां जनसंख्या दोगुनी होने में करीब 79 साल लगेंगे। यह एक अहम बदलाव है, क्योंकि पहले यह समय कहीं कम था। यूएनएफपीए की भारत में प्रतिनिधि के मुताबिक भारत ने बीते 50 सालों में प्रजनन दर कम करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। 1970 में जहां एक महिला औसतन 5 बच्चों को जन्म देती थी, अब यह संख्या करीब 2 हो चुकी है, जो शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधार का परिणाम है। विशेषज्ञ यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि यदि यह गिरावट इसी तरह जारी रही तो आने वाले सालों में भारत को तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी और घटती युवा शक्ति के लिए ठोस नीतियां बनानी होंगी। यह बदलाव भविष्य की सामाजिक संरचना और आर्थिक उत्पादकता दोनों पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक हालिया रिपोर्ट ने भारत समेत कई देशों में घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अब प्रति दंपति जन्म दर केवल 1.9 रह गई है, जो कि जनसंख्या के प्रतिस्थापन स्तर (रिप्लेसमेंट लेवल) से कम है। जनसंख्या विशेषज्ञों का मानना है कि आबादी का प्रतिस्थापन स्तर 2.1 है, इसलिए 1.9 की प्रजनन दर एक चिंताजनक स्थिति है। भले ही वर्तमान में भारत की आबादी पर इसका सीधा प्रभाव दिखाई न दे, लेकिन आने वाली पीढ़ियों में यह एक गंभीर समस्या बन सकती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इस गिरावट के कारणों पर भी प्रकाश डाला गया है। दुनिया के 14 देशों में किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। सर्वेक्षण में लोगों से उनकी कम बच्चे पैदा करने या बिल्कुल भी बच्चे पैदा न करने की वजह पूछी गई। भारत के संदर्भ में, 13 प्रतिशत लोगों ने बांझपन या गर्भधारण में कठिनाई को इसका कारण बताया। वहीं, 14 प्रतिशत लोगों ने गर्भावस्था से जुड़ी चिकित्सा समस्याओं का उल्लेख किया। लगभग 15 प्रतिशत लोगों ने खराब स्वास्थ्य या गंभीर बीमारी के कारण माता-पिता न बन पाने की बात कही। एक बड़ी चिंता आर्थिक स्थिति भी है, जिसे 38 प्रतिशत लोगों ने व्यक्त किया। उनका कहना है कि आर्थिक सीमाओं के कारण वे परिवार को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। उन्हें आशंका है कि अधिक बच्चे होने पर उनकी परवरिश, शिक्षा और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होगा। इसके अतिरिक्त, 22 प्रतिशत लोगों ने आवास की समस्या और 21 प्रतिशत ने रोजगार के अवसरों की कमी को बच्चे पैदा न करने का कारण बताया। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका में भी 38 प्रतिशत लोग आर्थिक चिंताओं के कारण परिवार बढ़ाने से कतरा रहे हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*जब से आया हुआ है,उनके घर भूकंप*
*मस्का मस्क लगा रहे, ट्रंप कर रहे जंप*
*ट्रंप कर रहे जंप,मस्क अब मांगें माफी*
*शहर-शहर भूचाल,और ये बांटें टॉफी*
*कह सुरेश गैरों को उंगली करते कब से*
*पगलाया है ट्रंप, बझा मोदी से जब से*

# मोदी शासन: एक रुद्र बनाम रौद्र रूप के सियासी मायने

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतरता के 11 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों यानी हर हिंदुस्तानी को गर्व तो होना ही चाहिए, क्योंकि इसी वर्ष पाकिस्तान द्वारा प्रोत्साहित और चीन-अमेरिका द्वारा उकसाए हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद दी गई, जवाबी प्रतिक्रिया में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी संयुक्त सेनाओं ने जो अपना रौद्र रूप दिखलाया है, वह काबिले तारीफ है।



सदैव लोक कल्याणकारी देवाधिदेव महादेव के दरबार में एक रुद्र का मतलब ग्यारह होता है। सनातन धर्म में यह बेहद कल्याणकारी अंक समझा जाता है। इस नजरिए से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजनीतिक क्लोन भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी शासन के छठवीं पारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निरंतरता के 11 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों यानी हर हिंदुस्तानी को गर्व तो होना ही चाहिए क्योंकि इसी वर्ष पाकिस्तान द्वारा प्रोत्साहित और चीन-अमेरिका द्वारा उकसाए हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद दी गई जवाबी प्रतिक्रिया में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी संयुक्त सेनाओं ने जो अपना रौद्र रूप दिखलाया है, वह काबिले तारीफ है। इसने दुनियावी महाशक्तियों को अपनी हद में रहने अन्यथा दुष्परिणाम झेलने का दो टूक संदेश दिया है। कहना न होगा कि भारतीयों की यह महानतम उपलब्धि अनायास नहीं है बल्कि मोदी सरकार की ग्यारह वर्षीय सैन्य साधना का चमत्कार है। यह आरएसएस के शताब्दी वर्ष को और भाजपा को 45 वर्ष पूरे करने की सलामी है जिसे जनसंघ को विघटित किये जाने के पश्चात एक नया रूप दिया गया था। वैसे तो जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी-दीन दयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी-पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-गृहमंत्री अमित शाह सरीखे सैकड़ों-लाखों संघ पुरुषों के त्याग-बलिदान के बाद यह शुभ दिन देखने को मिल रहा है, इसलिए युगपुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने जिस शिद्दत से यह महानतम उपलब्धि हासिल की है और विभिन्न उपलब्धियों की जो विश्वयव्यापी श्रृंखला बनाई है, वह अनुकरणीय है। इसके लिए मोहन भागवत जैसे विभिन्न संघ प्रमुखों व उनके लाखों स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग व बलिदान को भी नहीं भुलाया जा सकता । कहना न होगा कि 'विदेशी एजेंट्स' के तौर पर कार्य करने वाले कतिपय भारतीय राजनेताओं ने जिस भाजपा को सियासी अछूत और साम्प्रदायिक पार्टी करार देने में कोई कोताही नहीं बरती, आज उसी की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां व सूबाई रणनीति इन राजनेताओं के राजनीतिक अस्तित्व को ही समाप्त करती जा रही हैं। अमेरिका और चीन जैसे अंतरराष्ट्रीय दोगले देशों के साथ चूहे-बिल्ली का खेल खेलते हुए भारत अब दुनिया की बड़ी आर्थिक व सैन्य शक्ति बन गया है। आर्थिक रूप से शक्तिशाली देशों की सूची में भारत जहां वर्ष 2014 में 10वें स्थान पर था, वह अब 2025 में 4थे स्थान पर पहुंच चुका है। हमारी अर्थव्यवस्था अब उछलकर विश्व के चौथे स्थान पर जा पहुंची है। कहने का तात्पर्य यह कि जिस ब्रिटेन ने दुनियाभर पर राज्य किया, वह तो कब का भारत से पिछड़ गया, वहीं अब धनकुबेर जापान को भी भारत ने पछाड़ दिया है और अपनी हठधर्मिता से दुनिया को दो विश्व युद्ध की सौगात देने वाले और तीसरे संभावित विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले जर्मनी को आर्थिक चकमा देकर भारत कब दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जायेगा और फिर अमेरिका-चीन से आर्थिक होड़ शुरू कर देगा, इसमें ज्यादा अवधि नहीं बची है! क्या यह देशवासियों के खुश होने का वक्त नहीं है? आंकड़े बताते हैं कि 1947 में आजादी मिलने के बाद साल 2014 तक यानी लगभग 70 वर्षों में देश महज 2 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी ही बन पाया था। ऐसा इसलिए कि हमारी सरकारें विदेशियों के मुंह पोछते रहने की आत्मघाती नीतियों पर चल रही थीं। वहीं, राष्ट्रवादी सरकार की 4थी से 6 ठी पारी के बीच यानी 11 साल बाद भारतीय अर्थव्यवस्था 4.2 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन चुकी है। अब भारत का तात्कालिक लक्ष्य तीसरे स्थान पर चल रहे जर्मनी को पछाड़कर 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनना है। मतलब साफ है कि एक विकासशील देश से विकसित देश बनने को आतुर भारत का अगला शिकार जर्मनी होगा। तब भारत की अर्थव्यवस्था से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका रह जाएंगे जो हमसे पिछले कई दशकों से मजबूत प्रतिद्वंद्विता करते आए हैं। ऐसे में हम विगत 11 सालों में मोदी सरकार या एनडीए सरकार पास हुई या फेल, इस विवाद को हम विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लिए छोड़ते हैं जबकि बाकी काम जनता जानती है और उसके पास जवाब देने के लिए अनेक अवसर हैं। जो असंभव को संभव बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है, वह हम सबके सामने है। चाहे राम मंदिर निर्माण हो, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति हो और तीन तलाक़ नामक कुप्रथा की समाप्ति, आदि.... ऐसे बड़े काम हैं जो पिछली सरकारें कभी नहीं कर पातीं। लेकिन अब हमारी निगाहें 22 साल बाद यानी 2047 के विकसित भारत की ओर लगी हैं। वर्तमान अमृत काल खंड सबको आकर्षित कर रहा है। माना कि वह साल हम लोग और हमारी वर्तमान पीढ़ी नहीं देख पाएगी या जो सौभाग्यशाली होंगे, वो देख पाएंगे पर भारत को विकसित राष्ट्र बनते हमारे बच्चे देखेंगे और हम उनकी आंखों से देखेंगे। कहना न होगा कि विगत 11 सालों में भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था का रास्ता खुद ही नहीं खुला बल्कि टीम मोदी प्रशासन की अथक तैयारियों के साथ खोला गया है। यदि एपल, स्टारलिंक और टेस्ला जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियां अमेरिका की बजाय भारत में अपना उद्योग लगाना चाहती हैं तो कोई तो बात हुई होगी इन 11 वर्षों में जबकि कुछ लोगों ने दंगों-फसादों में ही झुलसते रहने का ही ठेका ले लिया है? आप गौर कीजिए कि आखिर अब ऐसा कौन-सा मोर्चा बचा हुआ है जिस पर भारत मजबूत न हुआ हो? क्योंकि कोई भी देश मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश तभी बनता है जब वह हर मोर्चे पर मजबूत हुआ हो। यही वजह है कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत की मजबूती देखी। भारत के हमलों की मार पाकिस्तान के उस परमाणु भंडार तक पहुंच गई जिसमें अमेरिका और चीन भी अपने अपने परमाणु हथियार रखे हुए हैं। भारत द्वारा 9 आतंकी ठिकाने और 11 एयरबेस उड़ाने की आग जब परमाणु भंडार की तरफ बढ़ी, तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के पसीने भी छूटने लगे। फिर भारत ने आत्मशक्ति से अर्जित आत्मसंयम की मिसाल भी दुनिया के सामने खड़ी कर दी।

**- प्रो. महेश चंद गुप्ता**

# वैवाहिक रिश्तों की डोर, क्यों हो रही कमजोर?



नीला ड्रम और सीमेंट। फ्रिज में डेड बॉडी। कांटेक्ट किलिंग। जानलेवा जहर का कहर। और शादी के नाम पर साजिश और धोखा। बीते दिनों में प्यार,दोस्ती और शादी का यही स्याह सच समाज में सामने आया है। सात वचनों के जरिए सात जन्म तक साथ निभाने के वादे अब टूट रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि बीते जमाने में जहां महिला को सामाजिक तिरस्कार का शिकार होना पड़ता था। वहीं, इसके उलट अब महिलाओं के हाथों पुरुष प्रताड़ित हो रहे हैं और उनकी जान तक जा रही है। मुस्कान से लेकर सोनम की बेवफाई अब शादी के सपने देखने वाले लोगों को डरा रही है। यही वजह है कि अब समाज में इंसानी और सामाजिक रिश्तों को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है और यह बहस इस तौर पर भी प्रासंगिक है कि आखिर हम किस तरफ जा रहे हैं? मनोविज्ञान के जानकारों का कहना है कि सामाजिक ताने-बाने को बचाने की खातिर हमें इस समस्या का कारण और समाधान निकालना ही होगा। साल 2025 में अपराध की दुनिया में एक अजीब सा बदलाव देखने को मिला है। अब तक की कहानी में यही बात सामने आई थी कि किसी पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया या प्रेम संबंधों के चलते पति ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया लेकिन इस बार कातिल का किरदार महिलाएं निभा रही हैं, वो भी अपने पतियों के खिलाफ। प्रेम, लालच, धोखा और साजिश की जाल में फंसकर पत्नियां वो हदें पार कर रही हैं जिनके बारे में सोचकर भी रूह कांप जाती है। ऐसे मामलों में ताजा उदाहरण राजा रघुवंशी हत्याकांड का है। मप्र के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी की लाश 2 जून को मेघालय के मशहूर वेईसावडॉन्ग झरने के पास एक गहरी खाई में मिली थी। वह अपनी नई नवेली पत्नी सोनम के साथ हनीमून पर गए थे लेकिन इस सफर का अंत बेहद खौफनाक रहा। अब मेघालय पुलिस ने खुलासा किया है कि राजा की हत्या उसी की पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर करवाई थी। फिलहाल सोनम सहित चार कांटेक्ट किलर सलाखों के पीछे हैं। इसी साल ऐसे ही एक अन्य मामले में 3 मार्च को मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर मर्चेंट नेवी में काम करने वाले सौरभ राजपूत की हत्या कर दी। सौरभ राजपूत अपनी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और 5 साल की बेटी के साथ मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना के इंदिरा नगर में रहता था। अपनी नौकरी के सिलसिले में लंदन में पोस्टिंग पर सौरभ कुछ दिन पहले ही सौरभ लंदन से मेरठ अपने घर आया था। इस दौरान मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर उसके शव को कई टुकड़ों में काटा और अपना गुनाह छिपाने के लिए सौरभ के शव के टुकड़ों को नीले ड्रम में सीमेंट के साथ बंद कर दिया। मुस्कान की साजिश और सनकीपन यहीं समाप्त नहीं हुआ और इस गुनाह के बाद मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल छुट्टियों पर घूमने चले गए। पति के हत्या करने वाली मुस्कान जब अपने प्रेमी साहिल के साथ वापस लौटी, तब यह मामला खुला। यह अलग बात है कि आज दोनों आरोपी जेल में बंद हैं। उप्र के मेरठ में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया जिसमे रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर अपने पति अमित कुमार की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव के पास सांप रख दिया ताकि यह हादसा लगे लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने सच्चाई सामने ला दी। ऐसे ही एक मामले में रेलवे में काम करने वाले दीपक कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। उसकी पत्नी शिवानी ने दावा किया कि उसे हार्ट अटैक आया था लेकिन दीपक के परिवार ने पोस्टमार्टम की मांग की। जब जांच हुई तो पता चला कि दीपक की हत्या की गई थी और उसकी पत्नी ही आरोपी निकली। महिलाओं के अपराध की दुनिया में कदम रखने तथा अपने ही पति को अपने रास्ते का कांटा समझ उनकी हत्या करने का यह कोई अकेला मामला नहीं है। ऐसे कई और भी मामले हैं जिनमें महिलाओं ने अपने मर्यादा की सारी हद पर कर अपने पति को मौत की नींद सुला दिया। बदलते परिवेश में अपराध के इस बदले हुए चलन से समाज में वह व्याप्त है और अब लोग शादी के नाम पर डरने लगे हैं। एक जमाना था जब शादी को एक सुखद एवं समर्पित सामाजिक संस्कार माना जाता था। शादी के दौरान पति-पत्नी द्वारा सात वचनों की कसमें खाई जाती थी और यह संबंध मात्र एक जन्म का न होकर सात जन्म तक निभाए जाने का एक वादा होता था लेकिन बीते दिनों में यह वचन कहीं पीछे छूट रहे हैं और संबंध कहीं टूट रहे हैं। इस संबंध में मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि भौतिक संसाधनों की दौड़ तथा अपनी "ईगो" के चलते महिलाओं ने अपने जीवन साथी को ही मौत के घाट उतारने को इस सामाजिक बंधन से मुक्ति का जरिया बना लिया है। यही नहीं, कई बार ऐसा भी देखने में आया है कि अपने घर परिवार की "मान मर्यादा", दहेज नहीं दे पाने के हालात तथा अन्य मामलों के चलते महिलाओं ने जबरन शादी तो कर ली और इसके बाद जब उन्हें जीवन की कड़वी सच्चाई का पता चला, तब उन्होंने ऐसे कदम उठाना ही ठीक समझा। इसके अलावा धन, संपदा और वैभव, सोशल स्टेटस तथा शिक्षा समेत अन्य मामलों में असमानता होने के चलते भी महिलाओं को अपना वैवाहिक जीवन रास नहीं आ रहा और वह इससे छुटकारा पाने के लिए किसी भी हद तक जा रही है। महिलाओं के इस अपराधिक कृत्य में जादू टोना और तंत्र-मंत्र के भी कुछ संकेत सामने आए हैं। नतीजतन हिंदू धर्म में परमेश्वर कहे जाने वाले पति को ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन मान और समझ कर महिलाएं इन वारदातों को बेहिचक अंजाम दे रही है और इन्हें अपने इस कृत्य का कोई पछतावा भी नहीं है। उनके इस गुनाह में समाज के ही कुछ अन्य पुरुष जैसे प्रेमी, देवर, पिता तथा अन्य लोग भी उनकी मदद कर रहे हैं।

**- प्रदीप कुमार वर्मा**

## AI के बदलाव पर सकारात्मक रुख

ग्रेट लर्निंग ने अपनी वार्षिक 'अपस्किलिंग ट्रेंड्स रिपोर्ट 2025–26' का चौथा वर्ज़न जारी किया है। यह रिपोर्ट 1,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों पर की गई व्यापक प्राथमिक रिसर्च पर आधारित है। इसमें अलग-अलग सेक्टर, उम्र, शहर, इंडस्ट्री और पढ़ाई के बैकग्राउंड वाले लोग शामिल हैं। यह अलग-अलग प्रतिभागी के आधार अपस्किलिंग ट्रेंड्स, नौकरी के प्रति भावना,और करियर पर तकनीक के बदलते प्रभाव पर व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है। निष्कर्षों में AI के प्रति बढ़ती आशावादिता, तकनीकी बदलावों के बावजूद नौकरी बनाए रखने में बढ़ा हुआ विश्वास और पेशेवरों में नई भूमिकाओं को अपनाने और खासकर उच्च मांग वाले क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में अपस्किलिंग में निवेश करने की मज़बूत इच्छा को दिखाया गया है। रिपोर्ट के हिसाब से, इस साल 73% पेशेवरों को अपनी नौकरी में बने रहने का भरोसा है,जो पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अंक ज्यादा है। यह आत्मविश्वास लोकेशन और कंपनी की साइज के अनुसार अलग-अलग है। टियर-1 शहरों में 31% पेशेवरों को अपनी नौकरी बनाये रखने को लेकर पूरा भरोसा जताया, जबकि टियर-2 शहरों में यह आंकड़ा सिर्फ़ 18% है। इसी तरह, जिन कंपनियों में 5,000 से अधिक कर्मचारी हैं, वहां 85% लोगों को अपनी नौकरी पर भरोसा है,जबकि जिन कंपनियों में 50 से कम कर्मचारी हैं, वहां यह आंकड़ा सिर्फ़ 58% है। जैसे-जैसे AI और ऑटोमेशन से जुड़ी तकनीकों के कारण नौकरियों का रूप बदल रहा है,पेशेवरों के भीतर खुद को ढालने की क्षमता भी बढ़ती जा रही है। अब 78% पेशेवर अपने करियर पर AI के प्रभाव को लेकर सकारात्मक सोच रखने लगे हैं। दिलचस्प बात यह है कि एमबीए और बी.कॉम डिग्रीधारकों में यह सकारात्मकता अधिक (क्रमशः 89% और 84%) है, जबकि बी.ई /बी.टेक वाले थोड़े कम आशावादी हैं। यह संभावना है कि यह ट्रेंड भारत के IT सेक्टर में हाल ही के बदलावों से प्रभावित हो, जहां कई बड़ी कंपनियों ने, जो परंपरागत रूप से प्रवेश स्तर और मध्यम स्तर के टैलेंट की भर्ती करती थीं, AI को अपनाने की बढ़ती प्रक्रिया के कारण भर्ती कम कर दी है। इससे टेक्नोलॉजी डिग्री वाले प्रोफ़ेशनल्स के बीच AI के असर को लेकर चर्चा बढ़ी है, जिससे उनके नज़रिए पर प्रभाव पड़ा है। वित्तीय वर्ष 2026 में, 85% पेशेवर अपने करियर को भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए अपस्किलिंग के महत्व को पहचानते हैं, जो पिछले साल के 6% से ज्यादा है। 81% पेशेवर इस वर्ष नए तकनीकी कौशल प्राप्त करने में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। टियर-1 शहरों में पेशेवर विशेष रूप से प्रेरित हैं, 46% ने अपस्किलिंग को 'बेहद महत्वपूर्ण' माना है,जबकि टियर-2 शहरों में केवल 26% पेशेवर ही इसे महत्वपूर्ण मानते हैं।

आज का कार्टून




साभार

# भारत की 'मेक इन इंडिया' पहल को मिलेगी मजबूती

आखिरकार अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौता लगभग पूरा हो गया है। अब बस उनकी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मंजूरी बाकी है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका चीन पर 55% टैरिफ लगाएगा। वहीं, चीन 10% टैरिफ लगाएगा। इस समझौते के तहत अमेरिका को चीन से मैग्नेट और रेयर अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ खनिज) मिलेंगे। समझौते में यह भी शामिल है कि चीनी छात्र अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे। यह ट्रंप की उस नीति से अलग है जिसमें उन्होंने चीनी नागरिकों के अमेरिकी शिक्षण संस्थानों में आने पर रोक लगा दी थी। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, 'चीन के साथ हमारा समझौता पूरा हो गया है। अब बस राष्ट्रपति शी और मेरी अंतिम मंजूरी बाकी है। चीन की तरफ से पूरे मैग्नेट और जरूरी दुर्लभ खनिज दिए जाएंगे। इसी तरह, हम चीन को वो देंगे जिस पर सहमति हुई है, जिसमें चीनी छात्रों को हमारे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने की अनुमति देना शामिल है (यह हमेशा से मुझे अच्छा लगता रहा है!)। हमें कुल 55% टैरिफ मिल रहा है, चीन को 10% मिल रहा है। हमारे रिश्ते बहुत अच्छे हैं! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!' एक अन्य पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन के बारे में एक और बात, राष्ट्रपति शी और मैं मिलकर चीन को अमेरिकी व्यापार के लिए खोलने का काम करेंगे। यह दोनों देशों के लिए बहुत बड़ी जीत होगी!!!।'व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के पास चीनी आयात पर 55% टैरिफ लगाने का अधिकार है। इसमें 10% का मूल 'रेसिप्रोकल' टैरिफ, फेंटनिल से संबंधित चिंताओं के लिए अतिरिक्त 20% और मौजूदा टैरिफ का 25% जारी रहना शामिल है। अधिकारी के अनुसार, चीन अमेरिकी आयात पर 10% शुल्क लगाएगा। लंदन में हुई बातचीत के बाद अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों ने अपने व्यापार समझौते को बहाल करने और रेयर अर्थ एक्सपोर्ट पर चीनी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए एक समझौते पर सहमति जताई थी। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुट्निक ने लंदन में दो दिनों की कड़ी बातचीत के बाद पत्रकारों से कहा कि यह समझौता पिछले महीने जिनेवा में हुए शुरुआती समझौते को और मजबूत करता है। उस समझौते का उद्देश्य उन भारी जवाबी टैरिफ को कम करना था जो तीन अंकों तक बढ़ गए थे। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से घोषित अमेरिका-चीन व्यापार समझौते का भारत के लिए काफी मायने हैं। इसके अच्छे और कुछ चुनौतीपूर्ण दोनों पहलू हैं। इन पर भारत को विशेष ध्यान देना होगा।आपको बता दूं कि जब अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध चल रहा था तो अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर ऊंचे टैरिफ लगाए थे। इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में एक प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिला था क्योंकि उनके उत्पाद चीनी उत्पादों की तुलना में सस्ते पड़ते थे। इस नए समझौते से अगर अमेरिका चीनी उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो यह भारत के लिए वह 'टैरिफ आर्बिट्रेज'कम कर देगा। इसका मतलब है कि चीनी सामान फिर से अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए कुछ क्षेत्रों में चुनौतियां बढ़ेंगी, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे क्षेत्रों में। व्यापार युद्ध के दौरान कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने चीन से बाहर निकलकर अपने मैन्यूफैक्चिरंग आधार को अन्य देशों में ट्रांसफर करने पर विचार किया था। भारत एक आकर्षक विकल्प के रूप में उभरा था। अगर अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होता है और टैरिफ घटते हैं तो चीन से मैन्यूफैक्चरिंग के ट्रांसफर की यह रफ्तार धीमी हो सकती है या कुछ निवेश वापस चीन में जा सकता है। इससे 'दुनिया की फैक्ट्री' बनने की भारत की महत्वाकांक्षा पर कुछ हद तक असर पड़ सकता है।ग्लोबल सप्लाई में 'चीन-प्लस-वन' रणनीति को अपनाने की बात हो रही थी, जहां कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अन्य देशों में भी उत्पादन आधार स्थापित कर रही थीं।

**- संजय सिन्हा**

# बिहार सरकार ने बढ़ाई मुखिया जी की ताकत

## 10 लाख तक की योजनाओं को देंगे अनुमति

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में अब मुखिया को खास अधिकार दिए गए हैं। मनरेगा के तहत अब 10 लाख तक की योजनाओं को मुखिया जी स्वीकृत दे सकेंगे। बता दें कि पहले मुखिया को 5 लाख रुपये स्वीकृत करने का ही अधिकार था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की है। इसी के साथ नीतीश सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता को डेढ़ गुणा बढ़ाने का आदेश दिया। पंचायत प्रतिनिधियों को पहले केवल आकस्मिक मृत्यु होने



पर ही 5 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान की राशि दी जाती थी, अब पंचायत प्रतिनिधियों के अपने कार्य काल में सामान्य मृत्यु होने पर भी 5 लाख रुपया मिलेगा।

### पंचायत प्रतिनिधि को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

यदि पंचायत प्रतिनिधि, बीमारी से ग्रसित होते हैं तो उन्हें भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति के आवेदन को जिला पदाधिकारी निर्धारित समय सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करने की कार्रवाई करेंगे। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उन्हें प्राप्त 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि का उपयोग में तेजी लाने के लिये 15 लाख रुपये तक की योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय तौर पर किया जा सकेगा।

# गंडक नदी में डूबे 5 युवक एक का मिला शव



**पश्चिम चंपारण ।** पश्चिम चंपारण के धनहा थाना क्षेत्र में बुधवार को गंडक नदी में नहाने गए 5 युवक डूब गए थे। इस घटना से इलाके में कोहराम मच गया है। हादसे के 20 घंटे बाद गुरुवार सुबह झेंगट गद्दी के पुत्र आस मोहम्मद गद्दी का शव बरामद किया गया है। बाकी 4 युवक अब भी लापता हैं। उनकी तलाश में SDRF की टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं।

लापता युवकों की पहचान नेयाज गद्दी, दिलशान गद्दी, मेहताब गद्दी और जमादिन गद्दी के रूप में हुई है। सभी एक ही गांव सेमरबारी (खालवा पट्टी टोला) के रहने वाले और दोस्त थे।

**नहाने गए थे पुल के नीचे, पांच डूबे**

घटना बुधवार दोपहर करीब 3 बजे की है। सेमरबारी गांव के खालवा पट्टी टोला से 10–12 युवक ट्रैक्टर पर सवार होकर गौतम बुद्ध सेतु पुल के नीचे गंडक नदी में नहाने पहुंचे थे। गहराई और तेज बहाव का अंदाजा न लगने की वजह से 5 युवक पानी में डूब गए। साथी युवकों ने घटना के तुरंत बाद शोर मचाया और पुलिस व ग्रामीणों को सूचना दी। थोड़ी देर में धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती, भितहा थानाध्यक्ष राकेश कुमार, इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह और मधुबनी अंचलाधिकारी नंदलाल राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की बैठक

## सीट बंटवारे पर नहीं बनी बात

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर गुरुवार यानी आज पटना में महागठबंधन की चौथी बैठक हुई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर यह बैठक थी। इस दौरान तेजस्वी भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों में आपसी सहयोग पर बातचीत हुई। साथ ही समन्वय स्थापित करने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। आरजेडी राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि अहमदाबाद में फ्लाइट क्रैश वाली खबर सुनते ही सबसे पहले महागठबंधन दल के लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि कम से कम कैजुअल्टी हो। 'बैठक में ये फैसला हुआ कि पूरे बिहार में साझा कार्यक्रम चलाएंगे। सीट का बंटवारा अभी नहीं हुआ है। आज की बैठक इन मुद्दों को लेकर डेडिकेटेड थी'। 'हमारे पांच सब कमेटी बनी है, मेनिफेस्टो मीडिया सोशल मीडिया कैंपेन स्ट्रेटजी और इलेक्शन रिलेटेड इश्यूज जिसमें लीगल इश्यूज भी हैं। उन पास सब कमेटी की भी बैठक कोआर्डिनेशन कमेटी के साथ थी। अभी बिगुल बज चुका है। सब अपने काम में लग चुके हैं'।

### BJP को हराने के लिए हम एकजुट

कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने कहा कि सत्य कीई जीत के लिए यह मीटिंग हो रही है। बिहार की बड़का झूठा पार्टी बीजेपी को हराने के लिए हम सब लोग एकजुट हैं। बिहार में इस सरकार में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहद खराब हो गई है। CM फेस को लेकर उन्होंने कहा कि हम लोग सब कुछ तय कर लिए हैं। वक़्त आने पर अंदर की बात बाहर आयेगी।



**CM फेस को लेकर कंफ्यूजन नहीं**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अंदर जो भी चर्चा होगी वह सकारात्मक होगी। जो भी बातें होगी वह हम बाहर आ कर बतायेंगे।

# हॉस्टल में 12 वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

## परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**भागलपुर।** भागलपुर में एक 12वीं की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत ने सनसनी फैला दी है. घटना जोगसर थाना क्षेत्र स्थित SM कॉलेज रोड के हैप्पी होम्स हॉस्टल की है, जहां 17 वर्षीय नेहा कुमारी का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला. नेहा कटिहार जिले की रहने वाली थी और पिछले डेढ़ साल से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

नेहा की मां ने बताया कि बुधवार देर रात उसकी बेटी से फोन पर बात हुई थी. उसने गर्मी की छुट्टियों में गुरुवार को घर आने की बात कही थी और बातचीत के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया था. मां का कहना है, "मेरी बेटी आत्महत्या



नहीं कर सकती, उसकी हत्या की गई है." नेहा के पिता शंकर राय ने भी सुसाइड की बात को खारिज किया है. उन्होंने आरोप लगाया कि लॉज मालिक उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित करता था. उन्होंने कहा, "जब मैं मौके पर पहुंचा तो बेटी की किताबें और कॉपी तक कमरे में नहीं थीं. रूममेट से पूछा गया तो वह कुछ नहीं बता पाई।

# पति ने मां के गहने बेचकर पत्नी को पढ़ाया

## नौकरी लगते ही हसबैंड और परिवार को ठुकराया

**वैशाली।** वैशाली जिले में एक युवक ने पत्नी पर सरकारी नौकरी मिलने के बाद उसे और अपनी बेटी को छोड़ने और अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया है। युवक ने पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। पति का दावा है कि,उसने मां के गहने बेचकर पत्नी को पढ़ाया और नौकरी दिलाई,लेकिन अब पत्नी साथ नहीं रहना चाहती। पत्नी और प्रेमी का आपत्तिजनक वीडियो मिलने और ससुराल से धमकी मिलने की बात भी सामने आई है। मामला पुलिस जांच में है।

**2020 में हुई थी शादी**

पीड़ित युवक पंकज कुमार साह के मुताबिक,उसकी शादी 10





फरवरी 2020 को पूजा कुमारी से हुई थी। उसने अपनी मां के गहने बेचकर पत्नी की पढ़ाई पूरी कराई और फायर ब्रिगेड विभाग में सरकारी नौकरी दिलवाई. नौकरी के लिए ट्रेनिंग के दौरान पूजा की पोस्टिंग बिहटा में हुई, जहां उसका अफेयर साथी फायरमैन राहुल से शुरू हो गया. राहुल आरा जिले का रहने वाला है लेकिन, उसकी पोस्टिंग सहरसा जिले में है।

**घर से निकालने का भी आरोप**

पंकज साह की माने तो,उनकी एक बेटी है, जिसका जन्म 7 मार्च 2021 को हुआ था और अब वह साढ़े चार साल की है। जब पंकज अपनी पत्नी से मिलने सुपौल के त्रिवेणीगंज (जहां पूजा की पोस्टिंग है) गया, तो उसे पूजा के कई अवैध संबंधों की जानकारी मिली.

### आपत्तिजनक वीडियो और धमकियां

एक दिन पंकज को पूजा और उसके प्रेमी का एक आपत्तिजनक वीडियो मिला। जब वह वीडियो लेकर ससुराल गया, तो वहां ससुराल वालों ने धमकी दी कि अगर उसने तलाक नहीं दिया, तो उसे झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। इन सब घटनाओं से परेशान होकर पंकज ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर अपनी पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। साथ ही न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

जब पंकज ने इसका विरोध किया, तो पूजा ने उसे और उसकी छोटी बेटी को घर से निकाल दिया। पंकज का यह भी कहना है कि, पिछले दो सालों में पूजा सिर्फ चार दिन के लिए अपने मायके आई।

# वाहन जांच के दौरान चालक ने महिला पुलिसकर्मी को कुचल कर मारा

## 2 जख्मी, 3 गिरफ्तार

**पटना।** पटना में एक वाहन चालक ने महिला सिपाही को कुचल कर मार डाला है। वाहन चालक ने दारोगा और एक अन्य महिला सिपाही को जख्मी भी कर दिया है। दरअसल पटना एसके पुरी थाना अंतर्गत अटल पथ पर पुलिस देर रात वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक गाड़ी ने दारोगा व दो महिला सिपाहियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए महिला सिपाही की हालत काफी गंभीर थी। बाद में महिला सिपाही की मौत हो गई। इस मामले में पटना पुलिस ने ड्राइवर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनमें कार का मालिक भी शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिस एक गाड़ी को रोक कर उसकी जांच कर रही थी। इसी बीच दूसरी गाड़ी ने पुलिस कर्मियों को टक्कर मार दी। इसमें महिला सिपाही कोमल, एसआई दीपक कुमार व एएसआई अवधेश कुमार बुरी तरह घायल हो गए। तीनों को आनन-फानन में पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां कोमल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना मिलते ही एसएसपी अवकाश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टक्कर मारने वालों पर हत्या का केस दर्ज किया जाएगा। आपको बता दें कि पटना में बुधवार की देर रात पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया था।

# पत्नी से झगड़े में पिता ने दो बेटों को काटा

## 3 माह के दिव्यांशु की मौत, 3 साल का कार्तिक गंभीर

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में एक सनकी पिता ने अपने दो बेटों को दबिया (धारदार हथियार) के काट दिया। घटना में एक बच्चे की मौत हो गई तो दूसरे की हालत गंभीर है। घटना कुढनी थाना इलाके के हरपुर बलड़ा गांव की है। मृतक दिव्यांशु मात्र तीन माह का था जबकि घायल कार्तिक तीन साल का है। वारदात को अंजाम देकर सनकी पिता फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना बुधवार देर रात की है।

बताया जा रहा है कि पत्नी से झगड़ा होने पर सनकी ने दो बेटों के गरदन और हाथ पर दबिया से वार कर



दिया। घटना के वक्त बच्चे सोए हुए थे। आरोपी की पहचान जहां दिलीप कुमार पंडित पिता मुनिलाल पंडित के रूप में की गयी है। दिलीप की इस करतूत से पूरा गांव सन्न हो गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। मां से पूछताछ के बाद सच्चाई सामने आई। लेकिन पुलिस के आने से पहले आरोपी फरार हो चुका था। कुढ़नी थानाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। गांव वालों ने सूचना तो दे दी मगर वहां पहुंचने पर सटीक जानकारी ठीक से नहीं दी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि एक बच्चे की मौत हो चुकी है और दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती है। आरोपी पिता दिलीप पंडित घटना के बाद देर रात फरार हो गया है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है परिजन बदहवास हैं। अभी तक कुछ बताया नहीं गया है। इस वजह से शिकायत दर्ज नहीं हो पाई है। मगर पुलिस ने अपने स्तर छानबीन की कार्रवाई शुरू कर दिया है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# JDU के पूर्व MLC ने लालू यादव से की मुलाकात

**पटना।** राजद सुप्रीमो से एक घंटे तक हुई बातचीत, कहा- मैं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने आया था। जेडीयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व MLC रणविजय सिंह ने लालू यादव से मुलाकात की है। दोनों के बीच मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। दरअसल, रणविजय सिंह गुरुवार को अचानक राबड़ी देवी के सरकारी आवास पहुंचे, जहां उन्होंने लालू यादव से करीब एक घंटे तक बातचीत की। इस मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और ऐसे समय में JDU नेता का RJD



सुप्रीमो से मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि रणविजय सिंह ने इसे केवल शिष्टाचार भेंट बताया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि लालू यादव का जन्मदिन था। मैं उन्हें शुभकामनाएं देने आया था। उनसे मेरा निजी संबंध है और यह मुलाकात उसी संबंध का हिस्सा है। जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या चुनावी साल में कोई नया राजनीतिक खेल होने वाला है।

# शाहाबाद में संकल्प के बाद चिराग की एलजेपी की पटना में अहम बैठक

### अरुण भारती के 5 प्रस्ताव पास

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-आरवी काफी सक्रिय हो गई है। गुरुवार को पटना में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक हुई। मीटिंग में पार्टी की पांच अहम प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगा दी गयी। प्रदेश प्रभारी और जमुई से सांसद अरुण भारती के द्वारा ये प्रस्ताव पेश किए गए थे। शाहाबाद क्षेत्र में एलजेपी की नव संकल्प महासभा के बाद हुई इस मीटिंग को काफी अहम माना जा रहा है।



लोजपा (रामविलास) की गुरुवार को पटना में प्रदेश कार्यकारिणी बैठक हुई जिसमें पांच सूत्री प्रस्ताव पास हुआ। इस प्रस्ताव में बहुजन समाज के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर गहरी चिंता जताई गई है। जन-कल्याण योजनाओं से बहुजन समाज की व्यापक वंचना पर चिंता और संघर्ष का संकल्प लिया गया। बैठक में बहुजन छात्रों की छात्रवृत्ति में कटौती, देरी और भेदभाव पर आपत्ति जताई गई।

लोजपा प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग में महादलित समुदाय के अधिकार और सम्मान के लिए लोक जनशक्ति पार्टी का संकल्पित संघर्ष करने का निर्णय लिया गया और बिहार विधानसभा चुनाव 2025 हेतु 243 सीटों पर व्यापक तैयारी और निर्णायक उपस्थिति का संकल्प लिया गया। यह प्रस्ताव पार्टी के बिहार प्रभारी सह जमुई सांसद अरुण भारती ने पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। पार्टी की बिहार में गितिविधि तेज हो गई है।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 823 अंक गिरकर 81,691 पर बंद



**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 12 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 823 अंक (1%) की गिरावट के साथ 81,691 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 253 अंक (1.01%) की गिरावट रही, ये 24,888 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और सिर्फ 3 में तेजी रही। आज IT, FMCG, मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा मोटर्स का शेयर 2.98% और M&M का शेयर 2.30% गिरकर बंद हुआ। ओसवाल पंप्स का IPO 13 जून को ओपन होगा जो 17 जून तक खुला रहेगा। इसके शेयर BSE और NSE दोनों पर लिस्ट होंगे। कंपनी इस IPO के जरिए 1,387.34 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसका प्राइस बैंड 584 से 614 प्रति शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों को 614 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से एक लॉट के लिए 14,016 रुपए निवेश करने होंगे।

# कॉइनडीसीएक्स ने मई 2025 की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट जारी की

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स ने मई 2025 की ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट जारी की है, जो सुरक्षित और पारदर्शी क्रिप्टो ट्रेडिंग व निवेश के प्रति इसके मजबूत संकल्प को दर्शाती है। मई में कॉइनडीसीएक्स की स्पॉट ट्रेडिंग वॉल्यूम में 32% की तेज़ बढ़ोतरी हुई, जो अप्रैल के $374 मिलियन से बढ़कर मई में $492 मिलियन तक पहुंच गई। यह रफ्तार न सिर्फ प्लेटफॉर्म की मजबूती को दिखाती है, बल्कि यूजर्स के बढ़ते भरोसे और कॉइनडीसीएक्स द्वारा लगातार किए जा रहे सुधारों का भी सकारात्मक असर दर्शाती है। कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता ने कहा, "मई में स्पॉट ट्रेडिंग में आया 32% का उछाल सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह निवेशकों के बढ़ते भरोसे और




वैश्विक स्तर पर क्रिप्टो को मिलती स्वीकृति का संकेत है। दुनियाभर में नीतिगत स्तर पर हो रहे बदलावों और भारत में डिजिटल संपत्ति के प्रति बढ़ते रुझान के साथ यह क्रिप्टो ग्रोथ के एक नए व स्थिर दौर की शुरुआत है। कॉइनडीसीएक्स में हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सुरक्षित, रेगुलेटरी मानकों के अनुरूप और उपयोगकर्ता-केन्द्रित हो ताकि क्रिप्टो को अपनाने की अगली लहर को मजबूती मिल सके।"

# डाबर ने जनरल ट्रेड पार्टनर्स के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**मुंबई।** भारत की अग्रणी आयुर्वेदिक एवं नैचुरल हेल्थकेयर और एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने जनरल ट्रेड स्टॉकिस्ट्स के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्हें अपने डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की बैकबोन बताया। डाबर इंडिया लिमिटेड के सीईओ मोहित मल्होत्रा और ऑल इंडिया कन्ज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के बीच मुंबई में हुई मीटिंग के दौरान इस बात की पुष्टि की गई, जहां दोनों पक्षों ने मार्केट में हो रहे बदलावों तथा उभरते अवसरों का लाभ उठाने की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। डाबर इंडिया लिमिटेड के सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, "हमारे जनरल ट्रेड पार्टनर्स न सिर्फ डिस्ट्रीब्यूशन में योगदान देते हैं, बल्कि वे हमारे विकास के पार्टनर, हमारे फ्रंटलाईन अम्बेसडर भी हैं। उनकी वजह से ही ब्राण्ड डाबर देश के हर कोने तक पहुंचा है। मार्केट में पहुंच, और एंटरप्रेन्योरशिप में उनके उत्साह के चलते हम दशकों से मुश्किलों से निपटने और अवसरों का लाभ उठाने में कामयाब हो रहे हैं। अब जबकि हम अपनी नई स्ट्रैटेजी ला रहे हैं, हम उनके साथ काम करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे न सिर्फ अवसरों का लाभ उठा सकें बल्कि उन्हें अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न भी मिले।"

# नेशनल हाउसिंग बैंक और आधार हाउसिंग ने 'अपना घर' के सपने को साकार करने की ओर बढ़ाया कदम

**मुंबई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY 2.0) के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम (ISS) ने एक बार फिर कई परिवारों को घर के सपने की ओर बढ़ने का अवसर दिया है। मुंबई में आयोजित एक मीडिया कार्यक्रम में नेशनल हाउसिंग बैंक और आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) ने संयुक्त रूप से योजना की सफलता को रेखांकित किया और उन परिवारों की प्रेरक कहानियां साझा कीं जिन्हें हाल ही में योजना के अंतर्गत सब्सिडी मिली है। इंटरेस्ट सब्सिडी की पहली किस्त के तहत देशभर के 1,735 ग्राहकों को इसका लाभ मिला है। इनमें से मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के तीन परिवारों को नेशनल हाउसिंग बैंक के प्रबंध निदेशक और आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। इन ग्राहकों को कुल 1.80 लाख रुपये की सब्सिडी दी जानी है,



जिसमें से पहली किस्त 36,000 रूपए की आज औपचारिक रूप से प्रदान की गई। सब्जी विक्रेता दीपक गुप्ता और उनकी पत्नी सोनाली गुप्ता, जो घर से सिलाई का काम करती हैं, अब तक विरार पश्चिम में किराये के घर में रहते थे। अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना के सहयोग से अपना पहला घर खरीदने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इसी तरह पालघर में सहायक कॉलेज शिक्षक गोरखनाथ तिवारी और उनकी पत्नी नीलू, जो होम ट्यूशन देती हैं, ने भी स्थायी घर की ओर एक बड़ा कदम उठाया है।

# अडाणी 2027 तक ला सकते हैं एयरपोर्ट बिजनेस का IPO

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप अपने एयरपोर्ट बिजनेस को शेयर बाजार में लाने की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (AAHL) का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) 2027 तक आ सकता है। गौतम अडाणी की कंपनी AAHL भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट एयरपोर्ट ऑपरेटर है। ये कंपनी देशभर में 8 बड़े एयरपोर्ट्स को मैनेज करती है। इनमें मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, मंगलुरू, गुवाहाटी और तिरुवंतपुरम




एयरपोर्ट शामिल हैं। जल्द ही नवी मुंबई का नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी शुरू होने वाला है। फिलहाल अडाणी ग्रुप की कुल 10 कंपनियां शेयर मार्केट में लिस्टेड हैं। इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 16.94 लाख करोड़ रुपए है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज अडाणी पोर्ट्स एंड SEZ, ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 3.1.लाख करोड़ रुपए है।

इसके अलावा अडाणी ग्रुप ने अगले 6 सालों में अपने बिजनेस को और बड़ा करने के लिए 100 बिलियन डॉलर (लगभग 8.3 लाख करोड़ रुपए) का इनवेस्टमेंट करेगा। ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) जुगेशिंदर (रॉबी) सिंह ने बताया कि ये अधिग्रहण के लिए नहीं है, बल्कि जमीन पर नए प्रोजेक्ट्स लगाने का खर्च है।

# ब्लॉकचेन सबके लिए: MST के साथ नया भारत

**नई दिल्ली।** एक समय था जब "ब्लॉकचेन" शब्द सिर्फ कोडिंग या क्रिप्टो के जानकारों तक सीमित था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज ब्लॉकचेन ज़मीन से जुड़ी समस्याओं का तकनीकी समाधान बन रहा है, और MST Blockchain यह सुनिश्चित कर रहा है कि यह तकनीक आम जनता तक पहुंचे, उनकी भाषा में और उनकी ज़रूरतों के हिसाब से।

आम आदमी को टेक्निकल टर्म्स से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता—उन्हें फर्क पड़ता है ट्रस्ट, पारदर्शिता और सिस्टम में इंसाफ से। MST Blockchain ऐसे ही ट्रस्ट सिस्टम्स बना रहा है जो बिज़नेस से लेकर शिक्षा और सरकारी प्रक्रिया तक में भरोसे की नींव रखता है।

MST Blockchain में हर कोई वेलिडेटर बन सकता है—यानि सिस्टम का हिस्सा बन सकता है। यह एक आम इंसान को सिर्फ टेक्नोलॉजी यूज़र नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी पार्टनर बनाता है। और जब हर ब्लॉक पर उन्हें रिवॉर्ड मिलता है, तो यह एक नया आर्थिक अवसर भी बन जाता है।

# NUCFDC ने UCBs के लिए 'सहकार पाठशाला' का शुभारंभ किया

**मुंबई।** नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NUCFDC) ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों (UCBs) की कार्यकुशलता और सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'सहकार पाठशाला' नामक राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। 'सहकार पाठशाला' कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र पुणे स्थित कॉसमॉस बैंक के मुख्यालय में आयोजित किया गया। प्रभात चतुर्वेदी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, NUCFDC; पद्मभूषण



बहादुरे, चीफ़ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, NUCFDC; कॉसमॉस बैंक के अध्यक्ष एडवोकेट प्रह्लाद कोकरे जी और TJSB सहकारी बैंक के अध्यक्ष शरद गांगल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक समेत विभिन्न राज्यों के शहरी सहकारी बैंकों के सीईओ और निदेशक-level वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह राष्ट्रीय स्तरीय पहल शहरी सहकारी बैंकों को आधुनिक बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल तकनीकों में प्रशिक्षित कर उनकी कार्यक्षमता और सेवा गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, प्रभात चतुर्वेदी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, NUCFDC ने कहा, "यह अर्बन कोऑपरेटिव बैंकिंग क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# सीएम योगी ने मेधावी छात्रों को बांटे टैबलेट

**यूपी के पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र देंगे अमित शाह**

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपी बोर्ड के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें टैबलेट वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को लखनऊ आएंगे और पुलिस नियुक्ति समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कहा कि इस समारोह में 60,244 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए नियुक्त किए गए पुलिसकर्मियों में से 12,000 से अधिक महिलाओं को एक ही बैच में पुलिस बल में भर्ती किया गया है। 1947 से 2017 के बीच केवल 10,000 की भर्ती की तुलना में यह एक रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और पारदर्शी भर्ती के प्रति प्रतिबद्धता को दिया और कहा कि उत्तर प्रदेश अब शासन और रोजगार के मामले में मिसाल कायम कर रहा है। योगी आदित्यनाथ ने पिछले एक दशक के दौरान भारत में हुए क्रांतिकारी परिवर्तन की सराहना करते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में एक नया भारत उभर रहा है जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन की विशेषता रखता है।

मुख्यमंत्री ने प्रौद्योगिकी को तरक्की की बुनियाद व जनसेवा को शासन का साधन करार देते हुए कहा कि सरकार का मतलब मालिक नहीं है। सरकार का मतलब राजा नहीं है। सरकार का मतलब वह है जो आम आदमी के लिए भागीदार बन सके। उन्होंने कहा कि सरकार को आम लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और जनसेवा को अपने जीवन का संकल्प बनाना चाहिए। आदित्यनाथ ने अपने पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में राज्य में नकल-मुक्त परीक्षा आयोजित कराने की अपनी सरकार की रणनीति पर प्रकाश डाला और कहा कि इसके सकारात्मक परिणाम अब बिल्कुल जाहिर हो गये हैं।

# अयोध्या के रामलला पर सोने-चांदी की बारिश

## 3 महीने में भक्तों ने समर्पित किये 85 किलो से ज्यादा जेवर

**महानगर संवाददाता**
**अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान रामलला को भक्तों की तरफ से खूब सोना-चांदी समर्पण किया जा रहा है। भक्ति भाव व श्रद्धा भाव से किए जाने वाले इस समर्पण में अब तक दानदाताओं ने शुद्धता पूर्ण धातुओं का ही समर्पण किया है। इसकी पुष्टि भारत सरकार की संस्था सिक्योरिटी प्रिंटिंग एण्ड मिटिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) कर चुकी है। नवम्बर 2024 से फरवरी 2025 यानी तीन महीने में ही भक्तों ने 85 किलो से ज्यादा सोना-चांदी दान दी गई है। इसमें दो किलोग्राम 370 ग्राम सोना और 83 किलोग्राम 330 ग्राम चांदी समर्पित की है।

यह जानकारी श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टीज की बीते सात जून की बैठक में तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय की ओर से दी गयी। उन्होंने बताया कि यह समर्पण देश के अलग-अलग प्रांतों से आए 334 रामभक्तों ने की ओर से की गयी। तीर्थ क्षेत्र की ओर से इन धातुओं का समर्पण करने के लिए तीर्थ यात्री



सुविधा केंद्र में काउंटर बनाए गये है। इन काउंटर पर दान के उपरांत सम्बन्धित श्रद्धालुओं को तत्काल कम्प्यूटराईज्ड रसीद दे दी जाती है। फिर भी तीर्थ क्षेत्र सम्बन्धित धातुओं को सोने व चांदी के रूप में तभी स्वीकार करता है जब सम्बन्धित धातुओं को गलाकर उनके शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

श्रद्धालुओं के द्वारा रामलला को समर्पित किए जाने वाले सोने-चांदी के आभूषण, शिलाएं व सिक्के आदि की शुद्धता कितनी है व उसका भार तौल के अनुसार कितना वजन है एवं उसकी उचित लागत कितनी है, इसका परीक्षण करने के लिए तीर्थ क्षेत्र ने भारत सरकार की संस्था सिक्योरिटी प्रिंटिंग एण्ड मिटिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को अनुबंधित किया था। इस अनुबंध का एक साल पूरा हो चुका है।



इस अनुबंध के मुताबिक एसपीएमसीआईएल के कर्मचारी यहां तैनात किए गए थे। यह कर्मचारी राम मंदिर के पीएफसी के काउंटर पर बैठते रहे और श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित धातुओं को प्राप्त कर उसकी रसीद श्रद्धालुओं को प्रदान करते थे। पुनः धातुओं को गलाकर उनकी शुद्धता परखने के साथ शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी कर सम्बन्धित धातु ट्रस्ट के सुपुर्द कर देते थे। अब यह व्यवस्था बदलने जा रही है।

### बोर्ड ने अपने कर्मचारियों को वापस बुलाया

बीते सात जून को हुई तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टीज की बैठक में बताया गया कि एसपीएमसीआईएल के बोर्ड ने अनुबंध को आगे बढ़ाने के पहले अपने कर्मचारियों को वापस बुला लिया है। सम्बन्धित काउंटर पर तीर्थ क्षेत्र को अपने विश्वसनीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगानी पड़ेगी। हालांकि एसपीएमसीआईएल ने यह सूचित किया है जब भी तीर्थ क्षेत्र द्वारा धातुओं के परीक्षण व शुद्धिकरण के लिए बुलाया जाएगा तो कर्मचारी वहां जाकर काम पूरा करेंगे। इसके चलते भवन-निर्माण समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने अनुबंध को नये शर्तों के अधीन नवीनीकृत करने का सुझाव दिया है। इसी के अनुसार पुनः अनुबंध की तैयारी की जा रही है।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**उपकेंद्र का किया घेराव, स्टेशन छोड़कर भागे कर्मचारी**



**महानगर संवाददाता**
**सुल्तानपुर**

यूपी में बिजली कटौती से हाहाकार मचा है। उधर, गुरुवार को सुल्तानपुर जिले में बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूटा। इस दौरान भीड़ जिले के असरोगा पावर हाउस पर पहुंचकर विरोध जताई। उधर, मामला गरम देख कर्मचारी स्टेशन छोड़कर फरार हो गए। इस भीषण गर्मी में लगातार बिजली की कटौती ने आम जनता के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। बीते 24 घंटे से लगातार बिजली न आने से नाराज़ दर्जनों ग्रामीणों ने असरोगा पावर हाउस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों का रुख देख उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारी मौके से फरार हो गए।

ग्रामीणों ने बताया कि पावर हाउस पर कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था, जिससे उनकी नाराजगी और बढ़ गई। इस्लामगंज, शाहपुर, सरकंडे, डीह और आसपास के इलाकों में बीती रात से बिजली गुल है, जिससे किसानों को धान की बैरन व अन्य कृषि कार्यों में भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई,तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उधर, सहारनपुर में बिजली घर पर बुधवार देर रात सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। दो दिन से बिजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज लोगों ने पावर हाउस का घेराव कर दिया। गुस्साए लोगों ने दो बिजली घरों के दो अवर अभियंताओं को रात भर अपने बीच बैठाए रखा। बुधवार देर रात त्रिवेणी विहार, कश्मीरी गार्डन, शास्त्री विहार आदि कॉलोनी के लोग बिजली घर पर इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने सरसावा व गदरहेड़ी उपकेंद्र के अभियंताओं को पकड़ लिया। दोनों को अपने बीच रात भर बैठाये रखा। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) नकुड तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लाडी ने पावर कारपोरेशन के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से हमारी कॉलोनी में बिजली नहीं है। इसके लिए बार-बार बिजली घर पर शिकायत की गई।

# मुलायम सिंह मुसलमानों के हितैषी थे, अखिलेश यादव स्वार्थी

**मौलाना शहाबुद्दीन का सपा प्रमुख पर हमला**

**महानगर संवाददाता**
**बरेली**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सपा प्रमुख पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव स्वार्थी हो गए हैं। आजकल उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पीडीए की बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए के जरिए कामयाबी का दम भर रहे हैं। लेकिन अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि सपा के इस पीडीए से मुसलमान गायब है। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि अखिलेश यादव जब किसी सभा को संबोधित करते हैं या प्रेस कॉन्फ्रेंस में



बोलते हैं तो उस वक्त उनकी जुबान पर मुसलमान शब्द नहीं आता है। जब वो बंद कमरे में मुसलमान लीडर से मिलते हैं तो मुसलमान शब्द का बार बार प्रयोग करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अखिलेश यादव के दो चेहरे हैं और दो चेहरे वाला व्यक्ति कभी भी किसी समाज के लिए लाभदायक नहीं हो सकता। मौलाना ने कहा कि पुरानी समाजवादी पार्टी और नई समाजवादी पार्टी में बड़ा अंतर है। मुलायम सिंह यादव एक चेहरे वाले लीडर थे, वो जो बंद कमरे में कहते थे वही लोग रोड पर भी दोहराते थे। वो मुसलमानों के हितैषी और हमदर्द थे। वो समाज के हर तबके को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रहे। मुस्लिम धर्मगुरुओं का बड़ा सम्मान करते थे। मौलाना ने आगे कहा कि मौजूदा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बिल्कुल विपरीत दिशाओं के व्यक्ति हैं। ये मुस्लिम धर्मगुरुओं का सम्मान करना नहीं जानते हैं। मुस्लिम समाज की समस्याओं पर आवाज नहीं बुलंद करते। अखिलेश और इनके लोग लोकसभा और विधानसभा में मुस्लिम मसाइल पर पैरवी नहीं करते और मुख दर्शक बने रहते हैं।

# डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलटी कार

**दंपति समेत चार की मौत**

**झांसी।** यूपी के झांसी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां पूंछ थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के झांसी-कानपुर एनएच पर तेज रफ्तार बेकाबू कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में पैतृक घर सिद्धार्थनगर से बकरीद मनाकर वापस महाराष्ट्र जा रहे स्टील कारोबारी दंपति समेत चार की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार सवार उनके पिता, दो बेटे और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सिद्धार्थनगर जिले के थाना इतरी बाजार के गांव लोहगढ़ के रहने वाले उबैदुर रहमान (44) महाराष्ट्र में स्टील का कारोबार करते थे। गुजरे, दिनों पूरा परिवार बकरीद मनाने पैतृक घर आया था। गुरुवार को उबैदुर रहमान अपनी




पत्नी आसमा (40), बेटी उसना परवीन (15), बेटा अब्दुल्ला बहादुर रहमान (10), दूसरे बेटे अनीदुर रहमान (8) और छोटी बेटी ईश्य रहमान (6) व पिता शाहबुद्दीन रहमान (71) के साथ वापस महाराष्ट्र जा रहे थे। गुरुवार तड़के जैसे चालक आमिर खान गांव खिल्ली के पास पहुंचा, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। कार लहराते सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखचे उड़ गए।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा एडवेंचर जोन

**15 मीटर ऊंचा मल्टी-एक्टिविटी टॉवर लगेगा**

**होगी बंजी जंपिंग**



**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क जल्द ही एडवेंचर स्पोर्ट्स के नए हब की तरह विकसित होगा। इसके लिए गेट नंबर-4 के पास 1.5 एकड़ में एडवेंचर जोन बनाया जाएगा। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बुधवार को पार्क का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को तीन महीने में इसका काम पूरा करने के निर्देश दिए। एलडीए वीसी ने बताया कि एडवेंचर जोन में 15 मीटर ऊंचा मल्टी एक्टिविटी टॉवर स्थापित किया जाएगा। लोग यहां स्काई साइकलिंग, जिप लाइन, राइफल शूटिंग, आर्चरी, जॉयंट स्विंग, रोलर कोस्टर, बुल राइड समेत कई एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकेंगे। इसके साथ बंजी जंपिंग, स्काई रोलर, रॉकेट इजेक्शन, वॉल व नेट क्लाइम्बिंग जैसी गतिविधियां भी होंगी। पूरे क्षेत्र को पाथ-वे से भी जोड़ा जाएगा। जनेश्वर मिश्र पार्क में लोगों को वॉटर बॉडी और रोज गार्डन से राष्ट्रध्वज तक जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। यह दिक्कत दूर करने के लिए एलडीए वीसी ने वॉटर बॉडी के ऊपर पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ पार्क में गंदगी मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्यदायी संस्था विमला एसोसिएट से रिपोर्ट तलब की। एलडीए वीसी ने गोमती रिवर फ्रंट पर एडीसीपी कार्यालय के पास बन रहे फूड कोर्ट का भी निरीक्षण किया। यहां पीपीपी मोड पर 10 दुकानें बनाई जा रही हैं। एक महीने में निर्माण कार्य पूरा कर ये दुकानें खोली जाएंगी। एलडीए वीसी ने लक्ष्मण मेला स्थल पर लखनऊ वॉटर स्पोर्ट्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जेट स्की, स्पीड बोट और मोटर बोट के ट्रायल की समीक्षा की।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने बनाया नया मोर्चा

## 2027 विस चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के दावेदार घोषित

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब नौ छोटे दलों को साथ लेकर एक नया राजनीतिक मोर्चा बनाया है। इसे 'लोक मोर्चा' नाम दिया गया है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर इन छोटे-छोटे दलों को एकत्र कर स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़ों व दलितों व अल्पसंख्यकों को साधने की रणनीति बनाएंगे। गुरुवार को राजधानी में इन दलों ने स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में नया राजनीतिक मोर्चा बनाने का ऐलान किया। मोर्चा ने ऐलान किया कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' सिद्धांत को लेकर वह आगे विधानसभा चुनाव लड़ेगा। खास बात यह कि मोर्च



में शामिल दलों ने स्वामी प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया। स्वामी प्रसाद ने कहा कि उन्हें पद का कोई लालच नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मीडिया से कहा कि सभी पार्टियों की तरफ़ से उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। उन्होंने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान की कसम खाकर सत्ता में पहुंचने वाले संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बीजेपी सरकार आरक्षण को भी ख़त्म कर रही है। भाजपा अल्पसंख्यक समाज में भय और दहशत पैदा कर भाईचारा खत्म कर रही है। स्वामी प्रसाद इस मोर्चे के जरिए भाजपा को नुकसान पहुंचाएंगे या सपा के वोट में सेंधमारी करेंगे या अपने लिए कोई स्थान बना पाएंगे यह अहम सवाल है। यह संभावना है कि मोर्चा चुनावी महज वोट काटने वाला बन कर न रह जाए। स्वामी प्रसाद ने अपने सियासी दल 'अपनी जनता पार्टी' को नवगठित मोर्च में शामिल किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय समानता दल के अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के अध्यक्ष राज मणि सुव्वैया राय व संस्थापक पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद, जनसेवा दल सेवा के अध्यक्ष विनेश ठाकुर भी इस मोर्चे में शामिल हो गए।

# गाजीपुर: पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ट्रक-ट्रेलर की टक्कर दो गंभीर रूप से घायल

**महानगर संवाददाता**
**गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में हादसा हो गया। ट्रक-ट्रेलर की इस टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और यूपीडा की टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने जाम की स्थिति को नियंत्रित किया।

बता दें, गाजीपुर के भांवरकोल थाना क्षेत्र के चांदपुर टोल प्लाजा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर चैनल नंबर 335 किमी के करीब बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे एक भीषण हादसा



हो गया। सुल्तानपुर से बिहार की ओर लकड़ी लादकर जा रहे ट्रक (UP44 AT1733) को पीछे करते समय एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक चालक शिवसागर यादव और खलासी प्रशांत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही लोग जिला अमेठी के निवासी हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही यूपीडा की सहायता गाड़ी मौके पर पहुंची और घायलों को ट्रक के केबिन से निकालकर एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद भेजा गया। यूपीडा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी भरत यादव ने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटा दिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रेलर की तेज रफ्तार हादसे का कारण हो सकती है।

# आगरा के सर्राफा बाजार में सिलिंडर ब्लास्ट

## धमाकों से अफरातफरी, कई लोग झुलसे

**आगरा।** आगरा में गुरुवार को सर्राफा बाजार में सिलेंडर फटने के कारण हादसा हो गया। थाना कोतवाली क्षेत्र में एक किनारी बाजार में सराफा का कारोबार होता है। यहां दोपहर 2:30 बजे गैस के सिलेंडर फटे। तेजी से दो धमाके हुए। धमाके इतने तेज थे कि उस बिल्डिंग के आसपास बनी बिल्डिंगों के शीशे चकनाचूर हो गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां हैं।

आगरा पुलिस के आलाधिकारी और डीसीपी सिटी सोनम कुमार से



मौजूद हैं। अभी बिल्डिंग में कुछ कर्मचारी फंसे हुए हैं आग लगी हुई है रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। दो-तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस बिल्डिंग में धमाके हुए हैं वहां चांदी का कारोबार होता था। सिलेंडर से चांदी की टंच का काम होता था।

# यूपी-112 के सिपाही ने छात्रा से की छेड़छाड़

**विरोध पर दूसरी मंजिल से फेंका, गिरफ्तार**

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

लखनऊ में यूपी-112 पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सिपाही ने छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक छात्रा को मकान की दूसरी मंजिल से फेंक दिया। आरोप है कि सिपाही ने पत्नी के साथ मिल कर छात्रा के माता-पिता से भी मारपीट की। विरोध करने पर गोली मारने की धमकी दी। छात्रा को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सरे में छात्रा की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। छात्रा की मां ने बीबीडी कोतवाली में सिपाही, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ जानलेवा हमला, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। इसकी आधार पर सिपाही



को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर, सिपाही की पत्नी ने भी छात्रा और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। लालपुर निवासी मजदूर किराए के मकान में पत्नी और बेटी के साथ रहता है। उसी मकान के एक हिस्से में यूपी 112 में तैनात सिपाही मुकेश यादव और उसकी पत्नी भी रहते हैं। पिता के मुताबिक सिपाही लालपुर में ही नया मकान का निर्माण करा रहा है। किराए पर एक ही मकान में रहने के कारण मजदूर की कक्षा नौ में पढ़ने वाली बेटी अक्सर सिपाही की पत्नी से मिलने के लिए चली जाती है। आरोप है कि करीब तीन महीने से सिपाही छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपित ने उसे धमकी दी थी।

छात्रा की मां का आरोप है कि सोमवार को भी मुकेश ने छात्रा से छेड़छाड़ की थी। इस बार छात्रा ने सिपाही की हरकत के बारे में मां को बताया। साथ ही सिपाही की पत्नी को भी जानकारी दी। पति की हरकत का पता चलने पर पत्नी ने उल्टे छात्रा के परिवार पर दबाव बनाया।

# हिंदू लड़कियो को फंसाने वाले मुस्लिम युवक की जांच को SIT बनी

## मोबाइल में दर्जनों अश्लील वीडियो



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में ईद पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश साझा करने के आरोप में गिरफ्तार मुस्लिम युवक के मोबाइल फोन में दर्जनों हिंदू लड़कियों और महिलाओं से जुड़ी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिलने से हड़कंप हैं। युवक ने खुद को हिंदू बताकर हिंदू लड़कियों व महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाया और उनकी अश्लील फोटो तथा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि डिजिटल साक्ष्य बरामद होने के बाद मामला गंभीर हो गया और इसकी जांच के लिए एक विशेष टीम (एसआईटी) बनाई गई है। पुलिस के अनुसार ईद के अवसर पर सांप्रदायिक और भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में स्थानीय हिंदू नेताओं द्वारा शिकायत दिए जाने के बाद रविवार को मथुरा के कोतवाली क्षेत्र के मछली मंडी निवासी एवं ऑटोरिक्शा चालक इमरान को हिरासत में लिया गया था। उसने बताया कि इमरान की गिरफ्तारी के बाद, हिंदू संगठन ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक ''लव जिहाद'' में शामिल था। मुस्लिम युवकों द्वारा हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाना और उसके बाद प्रताड़ित करने को दक्षिणपंथी कार्यकर्ता 'लव जिहाद' कहते हैं।

# पति-पत्नी हनीमून पर सिक्किम गए, गाड़ी तीस्ता नदी में पलटी

**नहीं मिला कोई सुराग, पिता ने दर्द बयां किया**

**महानगर संवाददाता**
**प्रतापगढ़**

शादी के बाद हनीमून पर सिक्किम गए प्रतापगढ़ के नवदंपती का 13 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। बेटे कौशलेंद्र और बहू अंकिता की तलाश में सिक्किम गए शेर बहादुर रिश्तेदारों संग मंगलवार की शाम घर लौट आए। उनके घर पहुंचते ही मातमी सन्नाटा टूट पड़ा। उदयपुर के राहाटीकर निवासी भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भतीजे कौशलेंद्र और बहू अंकिता सिंह 24 मई को हनीमून मनाने सिक्किम गए। बीते 29 मई को गंगटोक से लौटते समय मुंशीथांग के करीब 1000 फिट ऊंचाई से सैलानियों से भरा वाहन तीस्ता नदी में गिर गया था। आठ सैलानी गायब हो गए, जिसमें कौशलेंद्र व अंकिता




भी शामिल रही। जानकारी मिलने के बाद कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर, अंकिता के भाई सौरभ सिंह, चाचा और अपने साले दीपक के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां मौसम खराब होने के कारण बचाव अभियान में दिक्कत आई। अब मौसम साफ होने पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व सेना गायब सैलानियों की तलाश में जुटे। सोमवार को वाहन का पहिया और साइलेंसर, कपड़े मिले। जिसमे एक भी कपड़ा कौशलेंद्र का नहीं था।

मंगलवार की शाम घर लौटे शेर बहादुर की आंखों से लगातार आंसू निकल रहे हैं। रिश्तेदार और परिवार के लोग भी सुबकते नजर आए। रोते हुए शेर बहादुर ने तीस्ता नदी और घटनास्थल के भयावह नजारे को सभी से साझा किया। कहा कि अब हजारों फिट खाई में बहने वाली तीस्ता नदी के चट्टान और मलबे को कैसे हटाकर खोजबीन किया जा सकता है। घटनास्थल से करीब आठ किमी दूर चुंगथांग तक टीमें खोजबीन कर रही है। नदी का बहाव अब पहले जैसा हो गया, लेकिन मलबों के बीच खोजबीन करना आसान नहीं है। अभी तक उनके बच्चों से जुड़ा कोई सामान नहीं मिला। अफसरों के आश्वासन पर वे लौट आए हैं। इस बीच उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल से मुलाकात हुई। जिसके बाद बचाव अभियान में तेजी आई। दो बार वहां के डीजीपी से भी मुलाकात हुई। जिसका परिणाम यह रहा कि लोकल अधिकारी हर दिन के बचाव कार्य का अपडेट दे रहे हैं। हादसे में गायब बेटे और बहू की तलाश में गंगटोक पहुंचे शेर बहादुर, रिश्तेदार व परिजनों के साथ आंखों में आंसुओं के सैलाब के बीच तलाश करते रहे। हादसे में दो बचे दो सैलानियों के होश में आने की खबर पर सभी उनसे मिलने भी पहुंचे। फोटो देखकर दोनों की पहचान की।

# नाबालिग लड़की से दोस्ती कर रेप

**अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल, पैसे न मिलने पर किए वायरल**

**आगरा।** यूपी के आगरा में कमला नगर निवासी 14 वर्षीय किशोरी का पिछले दो साल से शोषण हो रहा था। जिस युवक उसे उसकी दोस्ती थी वही युवक अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता था। उससे रुपये मांगता था। जब किशोरी ने रुपये नहीं दिए तो उसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी का परिवार छह साल पहले देहात से कमला नगर में आया था। परिवार के सदस्य घरों में झाड़ू पौंछा और बर्तन साफ करने का काम करते हैं।



करीब दो साल पहले कमला नगर निवासी एक युवती ने किशोरी की पहचान अपने परिचित युवक से कराई थी। युवक ने किशोरी को जाल में फंसा लिया। उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान आरोपित के दोस्तों ने वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित किशोरी का शरीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहा था। उससे हजारों रुपये ले लिए। दो माह पूर्व किशोरी की मां ने डेढ़ लाख रुपये की लाटरी उठाई।

# 37 साल पहले के हादसे की याद हुई ताजा

## तब इंडियन एयरलाइंस विमान दुर्घटना में 133 लोगों की गई थी जान

महानगर नेटवर्क
अहमदाबाद

अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान की दुखद दुर्घटना से भारत स्तब्ध है। वहीं शहर के इतिहास में सबसे घातक विमान दुर्घटनाओं में से एक 1988 की इंडियन एयरलाइंस दुर्घटना की यादें फिर से ताजा हो गई हैं। 19 अक्टूबर की यह त्रासदी, जिसमें विमान में सवार 135 लोगों में से 133 की मौत हो गई थी, देश के नागरिक विमानन कालक्रम में एक भयावह अध्याय बनी हुई है।

**खराब विजिबिलिटी के कारण हादसा**

इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 113, बोइंग 737-200, बॉम्बे (अब मुंबई) से अहमदाबाद के लिए एक निर्धारित सेवा संचालित कर रही थी। VT-EAH रजिस्टर्ड विमान ने बॉम्बे-सहार अंतरराष्ट्री एयरपोर्ट से सुबह 6:05 बजे उड़ान भरी, जो निर्धारित समय से लगभग 20 मिनट पीछे था। कैप्टन ओ.एम. दलाया और प्रथम अधिकारी दीपक नागपाल कंट्रोल में थे। जैसे ही विमान अहमदाबाद के पास पहुंचा, खराब दृश्यता (जो धुंध के कारण 1.2 मील तक कम हो गई थी) ने क्रू पार्टी को रनवे 23 पर लोकलाइज़र-डीएमई दृष्टिकोण का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। सुबह 6:41 बजे, उन्होंने अहमदाबाद VOR के ऊपर रिपोर्ट की, जो पहले प्राप्त किए गए अवरोही निर्देशों की पुष्टि करता है। यह उनका अंतिम रेडियो कम्युनिकेशन था।



**पेड़ों, बिजली के खंभों से टकराया था प्लेन**

सुबह 6:53 बजे तक, उड़ान दुखद रूप से आपदा में समाप्त हो गई थी। विमान रनवे से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर चिलोदा कोटरपुर के पास पेड़ों और बिजली के खंभे से टकरा गया। यह एक धान के खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग लग गई। इससे विमान नष्ट हो गया और 133 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए। केवल दो व्यक्ति कपड़ा व्यवसायी अशोक अग्रवाल और गुजरात विद्यापीठ के कुलपति विनोद त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद बच गए।

**जांच और जवाबदेही**

आधिकारिक जांच ने निष्कर्ष निकाला कि दुर्घटना खराब दृश्यता के कारण पायलट की गलती के कारण हुई। कैप्टन और सह-पायलट दोनों को मानक दृष्टिकोण प्रक्रियाओं से विचलित पाया गया। रिपोर्ट में बिगड़ती दृश्यता के बारे में एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अपर्याप्त संचार और रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर) माप प्रदान करने में विफलता जैसे योगदान कारकों की ओर भी इशारा किया गया।

जस्टिस माथुर आयोग की तरफ से आगे की जांच में इंडियन एयरलाइंस और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के बीच संयुक्त लापरवाही पाई गई। पीड़ितों के परिवारों और पीड़ितों ने कानूनी कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप 2003 में एक सिविल कोर्ट ने ब्याज सहित मुआवज़ा देने का आदेश दिया। बाद में गुजरात हाई कोर्ट ने ब्याज दर बढ़ा दी।

**नए संकट के बीच अतीत की त्रासदी की गूंज**

1988 की दुर्घटना ने भारतीय विमानन पर एक लंबी छाया डाली। इससे सुरक्षा प्रोटोकॉल और प्रक्रियात्मक सुधारों का सख्ती से पालन करने की मांग उठी। 12 जून, 2025 को अहमदाबाद के पास एयर इंडिया ड्रीमलाइनर दुर्घटना के साथ - जो उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद अपने घातक मोड़ में भयावह समानता रखती है फ्लाइट 113 की विरासत फिर से तीव्र ध्यान में है। जैसे-जैसे नई आपदा की जांच शुरू होती है, 1988 के भयावह सबक विमानन सुरक्षा में चूक की उच्च लागत की एक गंभीर याद दिलाते हैं।

# हैलो.. हैलो.. ATC ने बात करने की कोशिश की

**पर पायलट का नहीं आया कोई जवाब, फिर सब खाक**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास आज एयर इंडिया का बोइंग 787 विमान भीषण हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में सैकड़ों लोगों की जान चली गई है। यह विमान अहमदाबाद से ब्रिटेन के गेटविक के लिए उड़ान भरा ही था कि 1 मिनट के भीतर धाराशायी हो गया। अब इस हादसे पर डीजीसीए ने बयान जारी किया है। डीजीसीए ने विमान हादसे के 1 मिनट पहले की कहानी बताई। डीजीसीए ने बताया कि कैसे 1 मिनट में सब कुछ खाक हो गया।

**हेलो हेलो करता रहा एटीसी लेकिन पायलट का नहीं आया जवाब**

विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा कि विमान उड़ने के बाद पायलट ने मेडे कॉल किया। फिर इसके बाद एटीसी ने जब इस कॉल का जवाब दिया तो विमान के पायलट की ओर से कोई जवाब नहीं आया। दोपहर करीब दो बजे, 242 यात्रियों और



चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन के गेटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कई लोगों के हताहत होने की आशंका है।

**विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी**

डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह-पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है।

डीजीसीए ने कहा कि विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का पायलट द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। डीजीसी के मुताबिक विमान रनवे 23 से उड़ान भरने के तुरंत बाद हवाई अड्डे की परिधि के बाहर जमीन पर गिर गया।

**खाना खाने गया था लड़का, धमाके की तेज आवाज और ...**

# हॉस्टल पर विमान गिरने के बाद क्या हुआ, मां ने बताया



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भयानक हादसे में बहुत बड़ी तबाही के आसार है। 242 यात्रियों को लेकर अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर को हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के मुताबिक ये विमान एक पांच मंजिला इमारत पर गिरा था। जानकारी के मुताबिक ये एक इंटर्न डॉक्टर का हॉस्टल था जिसमें 50-60 इंटर्न रहते थे। इस बीच एक अहमदाबाद के सिविल असपताल पहुंची एक महिला का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया है कि जिस वक्त प्लेन क्रैश हुआ उनका बेटा हॉस्टल में ही था। हालांकि वह बिल्कुल सुरक्षित है। रमिलाबेन नाम की महिला ने कहा, मेरा बेटा लंच ब्रेक में हॉस्टल गया था। तभी वहां प्लेन क्रैश हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे की भनक लगते ही वह हॉस्टल के सेकेंड फ्लोर से कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। लेकिन उसके पैरों में थोड़ी चोट आई है। उन्होंने आगे बताया, मैंने उससे फोन पर बात की है और वह सुरक्षित है।

**टेक ऑफ, मेडे कॉल और विमान क्रैश**

जानकारी के मुताबिक फ्लाइट के क्रैश होने से पहले पायलट ने मेडे का कॉल कर गंभीर संकट की चेतावनी दी थी। लेकिन इससे पहले ही कोई कुछ समझ पाता, विमान क्रैश हो गया। अहमदाबाद के मेघानीनगर में जहां विमान क्रैश हुआ, वह रिहायशी इलाका बताया जा रहा है। एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ)की छह टीम और सीमा सुरक्षा बल( बीएसएफ) की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान,स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं। लंदन के गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान (एआई171) अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपराह्न करीब 1:40 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान में चालक दल सहित 242 लोग सवार थे और हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे पर विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद सरकार का ताजा बयान सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'अहमदाबाद में जो हुआ है, वह बहुत दुखद दुर्घटना है। हमने बहुत से लोगों को खो दिया है। हम उन सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। इसमें कई विदेशी भी शामिल हैं। आपको संबंधित विभागों से अपडेट प्राप्त होंगेः नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयर इंडिया और अन्य। यही नवीनतम जानकारी है जो मैं साझा कर सकता हूं। यह एक बदलती स्थिति है। बचाव अभियान जारी है। सटीक विवरण सामने आने के लिए हमें थोड़ा और इंतजार करना होगा...' एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 में कम से कम 169 भारतीय और 53 ब्रिटिश नागरिक यात्रा कर रहे थे, जो उड़ान



भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक एयरलाइन अधिकारी ने यह जानकारी दी। अहमदाबाद से दोपहर 1.38 बजे रवाना हुई इस फ्लाइट में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे, जिसमें 7 पुर्तगाली नागरिक और 1 कनाडाई नागरिक भी थे। विमान में 10 केबिन क्रू और दो पायलट थे। कैप्टन सुमीत सभरवाल, जो लंबे समय से एयर इंडिया के पायलट हैं और जिनके पास 8,200 से अधिक उड़ान घंटे का अनुभव है और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर, जिन्होंने 1,100 घंटे उड़ान भरी थी। जनवरी 2022 में एयर इंडिया के निजीकरण के बाद पहली बड़ी दुर्घटना के कारण टाटा समूह द्वारा प्रबंधित एयरलाइन ने एकजुटता के प्रतीक के रूप में अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट प्रोफाइल और कवर फोटो को काले रंग में बदलकर इस घटना पर शोक व्यक्त किया। एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर पोस्ट करके दुर्घटना में हुई मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ मैं पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद लंदन गैटविक का संचालन करने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 171 आज एक दुखद दुर्घटना का शिकार हो गई थी।' उन्होंने कहा, 'हमारी संवेदनाएं इस हृदयविदारक घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं।

**राहत और बचाव कार्य जारी**

चंद्रशेखरन ने कहा, 'हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और देखभाल प्रदान करने के लिए अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं। जैसे ही हमें और अधिक सत्यापित जानकारी प्राप्त होगी, आगे के अपडेट साझा किए जाएंगे। एक आपातकालीन केंद्र सक्रिय कर दिया गया है और जानकारी मांगने वाले परिवारों के लिए सहायता टीम स्थापित की गई है।'

एयरलाइन ने दुर्घटना से संबंधित अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए एक हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। विमान ने सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे 23 से दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी। अधिकारियों के अनुसार, उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद एक मे-डे कॉल जारी किया गया था, लेकिन कॉकपिट से कोई और संचार प्राप्त नहीं हुआ। डीजीसीए के एक बयान के अनुसार, विमान हवाई अड्डे की सीमा के बाहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# म्यांमार में जन्मे विजय रुपाणी 5 साल तक रहे गुजरात CM

महानगर नेटवर्क
अहमदाबाद

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सुर्खियों में हैं—इस बार वजह बेहद चिंताजनक है। दरअसल, अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI171 गुरुवार दोपहर हादसे का शिकार हो गई थी। घटनास्थल से अभी तक 50 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। इस फ्लाइट में सवार कुल 242 लोगों से विजय रुपाणी भी शामिल थे। विजय रुपाणी को लेकर अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। उनके घर पर प्रार्थनाओं का दौर जारी है। एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के 5 मिनट बाद ही 'Mayday' सिग्नल भेजते हुए मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान में भीषण आग लग

**लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान में थे सवार**



गई और काला धुआं पूरे इलाके में फैल गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने टेक-ऑफ के तुरंत बाद ही गंभीर तकनीकी खराबी की सूचना दी थी। क्रैश से पहले पायलट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया था। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट की पैसेंजर लिस्ट में विजय रुपाणी का नाम सीट नंबर 2D पर दर्ज है। हालांकि, अब तक सरकारी या पारिवारिक स्तर पर उनकी स्थिति की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# दोनों इंजन फेल, थर्स्ट नहीं मिला और जहाज गिर गया

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के उड़ान के बाद एयरपोर्ट के पास क्रैश होने से देश स्तब्ध है। विमान पर दो पायलट के अलावा गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी समेत 230 यात्री और 10 क्रू मेंबर सवार थे। दुनिया भर के विमानों पर नजर रखने वाली साइट फ्लाइट रडार के मुताबिक विमान ने दोपहर 1.38 बजे टेक ऑफ किया था। विमान का एक वीडियो वायरल है जिसमें लैंडिंग गियर (टायर) खुले दिख रहे हैं। जहाज धीरे-धीरे नीचे जाता है और आग का गुबार उठता है। लंदन जा रही लंबी दूरी की इस फ्लाइट में उड़ान से पहले काफी इंधन भरा गया था। एविएशन एक्सपर्ट और पूर्व विंग कमांडर आलोक सहाय ने एक न्यूज चैनल से कहा है कि वीडियो को देखने से एक बात साफ है कि जहाज को इंजन से ना थर्स्ट (ऊपर ढकेलने वाली ताकत) मिल रहा है और ना वो ऊंचाई हासिल कर पा रहा है। वीडियो में इंजन में आग या धुआं नहीं दिख रहा, जिससे ये कहा जा सके कि चिड़ियों का झुंड टकराकर इंजन के अंदर फंस गया।

**एक्सपर्ट ने अहमदाबाद क्रैश के संभावित कारण गिनाए**



# धमाके की आवाज, चारों तरफ धुआं और भगदड़

महानगर नेटवर्क
अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में अब तक 50 लोगों की मौत की खबर सामने आ गई है। आंकड़ा अभी और भी बढ़ सकता है। जिस वक्त एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, तब विमान में 242 लोग मौजूद थे। विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ था लेकिन रनवे से टेकऑफ करने के कुछ मिनटों के अंदर ही क्रैश हो गया। इस बीच हादसे से 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक चश्मदीद का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया है कि हादसे के बाद वहां का मंजर कैसा था। उन्होंने बताया कि जहां हादसा हुआ, वहां से उनका ऑफिस 200 मीटर की दूरी पर है। उन्होंने एक धमाके की आवाज सुनी और बाहर आ गए। इसके बाद उन्होंने बाहर आकर देखा कि आग लगी हुई थी और हर तरफ भगदड़ का माहौल था। चश्मदीद ने कहा, यहां से 200 मीटर की दूरी पर मेरा ऑफिस है। जैसे ही मैं ऑफिस से बाहर निकला, मैंने बहुत तेज़ आवाज़ सुनी, और अचानक से पूरे क्षेत्र में धुआं भर गया। यहां भगदड़ मच गई और फिर हमने देखा कि यह दुर्घटना हुई है। उन्होंने कहा, जब मैं मौके पर पहुंचा, तो मैंने देखा कि यहां मलबा बिखरा हुआ था।

**चश्मदीद ने बताया प्लेन क्रैश हादसे का खौफनाक मंजर**



**कब और कैसे हुआ हादसा**

अहमदाबाद से लंदन की ओर जा रहा एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार दोपहर को एक बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी और चंद मिनटों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त विमान में 242 यात्री मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी इसी फ्लाइट में थे। फ्लाइट ने उड़ान रनवे से उड़ान ङरी और कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले पायलट ने मेडे कॉल किया था, लेकिन इससे पहले की कोई कुछ समझ पाता, फ्लाइट क्रैश हो गई।

# अहमदाबाद एयरपोर्ट बंद होने से यात्री परेशान

महानगर नेटवर्क
अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान हादसे का शिकार हो गया है। इसमें कुल 12 क्रू मेंम्बर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे। इस बीच सरकार ने अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया है। ऐसे में जो यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं, उनको निकालने के लिए सरकार ने बड़ी व्यवस्था की है। रेलवे ने एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को निकालने के लिए स्पेशल एसी ट्रेन चलाने जा रहा है। ये ट्रेनें मुंबई और दिल्ली के लिए चलाई जाएगी। एक ट्रेन रात 11.30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होगी। जबकि दूसरी ट्रेन रात 12 बजे अहमदाबाद से मुंबई के लिए चलाई जाएगी। अहमदाबाद का इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का 8वां सबसे व्यस्त विमानक्षेत्र है। यहां से रोजाना औसत 250 विमान उड़ान भरी जाती हैं। एयरपोर्ट अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है। दरअसल, ये हादसा अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई एयरपोर्ट के पास ही हुई है। इस वजह से अहमदाबाद एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि यहां से ऑपरेट होने वाली सभी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक के लिए निलंबित कर दी गई है। हवाई अड्डे की तरफ से सभी यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने संबंधित एयरलाइन से लगातार टच में रहें। वहीं से उन्हें लेटेस्ट अपडेट मिलेगा। जैसे ही इस बारे में कोई नई सूचना आएगी, उसे तुरंत शेयर किया जाएगा।

**रेलवे ने इन दो शहरों के लिए शुरू की स्पेशल ट्रेनें**



# अहमदाबाद विमान हादसे पर बोली ब्रिटिश सरकार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एयर इंडिया का विमान हादसे का शिकार हो गया। टेकऑफ करते ही विमान एक रिहायशी इलाके में गिर गया। हादसा होते ही तुरंत विमान में आग लग गई, जिसकी चपेट में आसपास की इमारतें भी आ गईं। अहमदाबाद से लंदन जा रहे इस विमान में ब्रिटेन के भी 53 लोग सवार थे। कुल यात्रियों की संख्या 230 और पायलट-क्रू मेंबर्स को मिलाकर 242 लोग विमान से लंदन जा रहे थे। ब्रिटिश सरकार ने बयान जारी करते हुए कहा, ''हमें अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की जानकारी है। ब्रिटेन भारत में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तत्काल तथ्यों को जानने और इसमें शामिल लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। जिन ब्रिटिश नागरिकों को वाणिज्य दूतावास संबंधी सहायता की आवश्यकता है या जिन्हें अपने मित्रों या परिवार के बारे में चिंता है, उन्हें 020 7008 5000 पर कॉल करना चाहिए।'' इस हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है, हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा, अहमदाबाद-लंदन गैटविक की उड़ान संख्या एआई171 आज, 12 जून 2025 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# टेकऑफ के समय पूरा भरा होता है ईंधन

**इसीलिए क्रैश होते ही आग का गोला बना विमान**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के मेघाणी इलाके में गुरुवार को भीषण विमान हादसा हुआ। एयर इंडिया के विमान में 242 यात्री सवार थे। यह विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। विमान एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हुआ। विमान रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसके तुरंत बाद विमान से आग का गुबार और काला धुआं निकलता दिखा। आपदा प्रतिक्रिया टीमें और राहत दल बचाव कार्य में लगे हैं। हादसे के बाद एअर इंडिया ने हॉटलाइन नंबर जारी किया है।

# विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं

**आप सांसद संजय सिंह ने और क्या कहा?**

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में गुरुवार को भयावह विमान हादसा हुआ। विमान ने लंदन के लिए उड़ान भरी थी, जिसमें पायलट और क्रू मेंबर समेत कुल 242 यात्री सवार थे। मगर विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में जा गिरा। इस भयावह हादसे में यात्रियों के बुरी तरह झुलसकर मरने की खबर सामने आई है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है, उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं है। सांसद संजय सिंह ने एक्स पर दुखद संदेश लिखा है, उन्होंने इस दुर्घटना को हादसा के साथ ही गहरी मानवीय त्रासदी करार दिया है। संजय सिंह ने लिखा- अहमदाबाद विमान दुर्घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि एक गहरी मानवीय त्रासदी है। इसमें न जाने कितने सपने अधूरे रह गए और कितनी ज़िंदगियाँ असमय थम गईं। हृदय विदारक इस दुर्घटना ने देश को शोक की असीम पीड़ा में डुबो दिया है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**मुख्य अभियंता (यांत्रिक व विद्युत) का विभाग**
क्र. ई.ई.मेके./840/रेफ्रि. दिनांक 11.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

विषयः 1. एस.वी.डी. सावरकर अस्पताल, मुलुंड (पूर्व) के विभिन्न विभागों हेतु नई ए.सी. प्रणाली प्रदान करने का कार्य.
ई.ई. मेके./रेफ्रि./टी-21 दिनांक 11.06.2025

2. पूर्व उपनगर क्षेत्र के विभिन्न विभागों में पुराने स्प्लिट ए.सी. युनिट्स और जलशीतक की जगह नए स्प्लिट ए.सी. और जलशीतक स्थापित करने एवं एसआईटीसी कार्य.
ई.ई. मेके./रेफ्रि./टी-22 दिनांक 11.06.2025

| | |
|---|---|
| बोली क्रमांक : | 1) 2025_एमसीजीएम_1188935_1<br>2) 2025_एमसीजीएम_1188936_1 |
| बोली की आरंभिक तिथि एवं समय | 13.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे |
| बोली की समाप्ति तिथि एवं समय | 19.06.2025 को सायं 16:00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री. ए. के. जांभोरे |
| मोबाइल क्रमांक | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
ई.ई. मेके. (रेफ्रिजरेशन)

पीआरओ/651/विज्ञा./2025-26

जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें


# तुर्की-पाक गठजोड़ को भारत की खुली चुनौती

**नई दिल्ली।** दो प्राचीन सभ्यताओं वाले देश भारत और साइप्रस भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, लेकिन उनके बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं। इसी सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस यात्रा पर जा रहे हैं। यह 23 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यह न केवल इन संबंधों को नया आयाम देगी, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है। यह यात्रा विशेष रूप से तुर्की और पाकिस्तान के लिए एक रणनीतिक संदेश है, जो भारत के खिलाफ एकजुट होकर क्षेत्रीय तनाव को बढ़ावा दे रहे हैं।

ऐसा माना जाता है कि भारत और साइप्रस के बीच संबंध प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। साइप्रस, भूमध्य सागर में स्थित एक छोटा द्वीपीय देश, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है। प्राचीन काल में भारतीय व्यापारी और बौद्ध मिशनरी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में सक्रिय थे, जिससे सांस्कृतिक और धार्मिक आदान-प्रदान हुआ। आधुनिक काल में, भारत और साइप्रस ने 1960 में राजनयिक संबंध स्थापित किए, जब साइप्रस को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली।

दोनों देशों ने स्वतंत्रता के बाद से ही एक-दूसरे का समर्थन किया है। साइप्रस ने भारत के परमाणु परीक्षण (1998) और कश्मीर मुद्दे पर हमेशा भारत के पक्ष का समर्थन किया है। दूसरी ओर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत साइप्रस की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया है, विशेष रूप से 1974 के तुर्की आक्रमण के बाद, जब तुर्की ने उत्तरी साइप्रस पर कब्जा कर लिया और इसे 'तुर्की गणराज्य उत्तरी साइप्रस' (TRNC) घोषित किया। इसे केवल तुर्की ही मान्यता देता है।

1974, 1983, 1984 के UNSC प्रस्तावों में तुर्की को साइप्रस से अपनी उपस्थिति और सेना वापस लेने के लिए कहा गया, तथा तथाकथित TRNC की स्थापना को "कानूनी रूप से अमान्य" बताया गया। भारत ने साइप्रस का समर्थन किया था। पाकिस्तान एकमात्र देश था जिसने 1983/1984 के UNSC साइप्रस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया था।

**साइप्रस का भारत के लिए रणनीतिक महत्व**

साइप्रस, अपनी छोटी आबादी (लगभग 10 लाख) और सीमित क्षेत्र के बावजूद, भारत के लिए कई कारणों से महत्वपूर्ण है साइप्रस, पूर्वी भूमध्य सागर में एक रणनीतिक स्थान पर स्थित है, जो यूरोप, एशिया और अफ्रीका को जोड़ता है। यह क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों, विशेष रूप से प्राकृतिक गैस के लिए महत्वपूर्ण है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, साइप्रस के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। इसके अलावा, साइप्रस यूरोपीय संघ (EU) का सदस्य है और 2026 में EU काउंसिल की अध्यक्षता करेगा।

# पश्चिम बंगाल में फिर तनाव मंदिर में तोड़फोड़ के बाद बवाल

**पुलिस पर भी पथराव**



**मुर्शिदाबाद।** बीते दिनों मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। यहां दक्षिण 24 परगना के महेशतला में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई है। कथित तौर पर स्थिति तब बिगड़ गई जब कुछ लोगों ने एक शिव मंदिर में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की। हिंसा के बाद अब इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 लागू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य लोगों की तलाश जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "छापेमारी की जा रही है और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।" प्रत्यक्षदर्शियों बताया कि भीड़ ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। वहीं लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया। रवींद्रनगर पुलिस स्टेशन के बाहर अधिकारियों के साथ लोगों की झड़प हुई है। पथराव के दौरान एक महिला कांस्टेबल सहित कई पुलिस कर्मियों के घायल होने की खबर भी सामने आई है।

# दूध में भिगोया हुआ अंजीर खाने से मिलते हैं ये फायदे...



अंजीर, जिसे आयुर्वेद में गुणों का खजाना माना जाता है, एक बहुत ही सेहतमंद मेवा है। इसमें फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और मिनरल्स भरपूर होते हैं। ये सभी पोषक तत्व कई बीमारियों से बचाने में हमारी मदद करते हैं। आयुर्वेद के हिसाब से, भिगोए हुए अंजीर खाने से शरीर की गंदगी साफ होती है, कब्ज दूर होता है और एनर्जी बढ़ती है। इसे रोज खाने से हमारी हड्डियां मजबूत होती हैं और त्वचा में चमक भी आती है। जब हम इसे पानी में भिगोकर खाते हैं, तो इसके फायदे और भी ज्यादा बढ़ जाते हैं। लेकिन, अगर आप अंजीर के फायदों को दोगुना करना चाहते हैं, तो इसे दूध में भिगोकर खा सकते हैं। दूध में भिगोया अंजीर शरीर को और भी ज्यादा पोषण देता है। दूध में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन डी होता है, जो हमारी हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। जब यह अंजीर के साथ मिलता है, तो ये दोनों मिलकर कमाल का असर दिखाते हैं।

### दूध में भिगोया हुआ अंजीर खाने से मिलते हैं ये फायदे :

**पाचन तंत्र को सुधारता है:** अंजीर में मौजूद फाइबर और छोटे बीज आंतों की सफाई में मदद करते हैं। इसे रातभर दूध में भिगोकर खाने से कब्ज और अपच की समस्या दूर होती है। इसमें मौजूद फाइबर मल को नरम बनाता है और आंतों के स्वस्थ कामकाज को बढ़ावा देता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाता है:** दूध और अंजीर का कॉम्बिनेशन हड्डियों को मज़बूत बनाने में बहुत मदद करता है। अंजीर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होते हैं, वहीँ दूध कैल्शियम से भरपूर है जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को रोकने में सहायक है।

**हार्ट के लिए है हेल्दी:** अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं, साथ ही ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल करते हैं । जिससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

**वजन घटाने में सहायक:** अंजीर वजन घटाने में मदद कर सकता है। इसमें कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और वजन घटाने में मदद करता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन में मदद करता है और पेट को भरा हुआ रखने में मदद करता है।

# आषाढ़ महीने में भगवान विष्णु की पूजा करना शुभ

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह वर्ष का चौथा महीना होता है, जिसकी शुरुआत ज्येष्ठ पूर्णिमा के बाद होती है। यह महीना आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इसमें कई बड़े धार्मिक पर्व, व्रत और अनुष्ठान होते हैं। इस माह प्रमुख पर्वों में देवशयनी एकादशी, जगन्नाथ रथयात्रा और गुरु पूर्णिमा शामिल हैं। इन उत्सवों का सीधा संबंध भगवान विष्णु और गुरु परंपरा से होता है, जो इसे भक्ति और साधना के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इस साल आषाढ़ माह 12 जून 2025 से शुरू होकर 10 जुलाई 2025 तक रहेगा। आषाढ़ महीने में भगवान विष्णु की पूजा करना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस मास से देवशयन आरंभ होता है, यानी भगवान विष्णु क्षीर सागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस कारण इस माह के बाद से मांगलिक कार्य जैसे विवाह आदि कुछ समय के लिए वर्जित हो जाते हैं।



### आषाढ़ मास में क्या न करें ?

विवाह, गृह प्रवेश जैसे कार्य इस माह से वर्जित हो जाते हैं, क्योंकि देवशयन काल आरंभ हो जाता है। शुद्ध और सात्विक आहार अपनाना इस माह में अनिवार्य माना गया है। इससे शरीर और मन दोनों शुद्ध रहते हैं। धार्मिक नियमों का उल्लंघन, झूठ बोलना, छल-कपट, चोरी जैसे कर्म से बचें। इस मास में वृक्षों की कटाई से बचें। पेड़-पौधे जीवन का आधार होते हैं, और धार्मिक दृष्टि से इनका संरक्षण शुभ माना जाता है।

### आषाढ़ मास में क्या करें ?

इस माह में विशेष रूप से श्रीहरि विष्णु की आराधना करें और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें। गुरु पूर्णिमा इस माह का प्रमुख पर्व है, इसलिए अपने आध्यात्मिक या शैक्षणिक गुरु का आदर और सेवा करें। मानसिक और आत्मिक बल बढ़ाने के लिए ध्यान, मंत्रजप और योग का अभ्यास करें। इस महीने अन्न, वस्त्र, छाता, जलपात्र आदि का दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से एकादशी व्रत का पालन करें, जो शरीर और मन की शुद्धि में सहायक होता है।

# प्रेशर कुकर भारतीय रसोई में एक जरूरी उपकरण

प्रेशर कुकर भारतीय रसोई में एक जरूरी उपकरण बन चुका है। इससे खाना जल्दी बनता है, गैस की बचत होती है और पोषक तत्व भी बरकरार रहते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि गलत तरीके से इसका इस्तेमाल करने पर आपकी डिश पूरी तरह बर्बाद हो सकती है? कुछ सामान्य गलतियां खाने के स्वाद, बनावट और क्वालिटी को प्रभावित कर सकती हैं। आइए जानते हैं प्रेशर कुकर से जुड़ी 5 आम गलतियों के बारे में, जिन्हें सुधारकर आप बेहतरीन खाना बना सकते हैं।

### प्रेशर कुकर में बना रहे हैं खाना तो न करें ये गलतियां

**1. बहुत ज्यादा पानी डालना**
जरूरत से ज्यादा पानी डालने से डिश का स्वाद और टेक्सचर बिगड़ सकता है। सटीक माप का ध्यान रखें, खासकर दाल, चावल और सब्जियों के लिए। रेसिपी में दी गई पानी की मात्रा को फॉलो करें।

**2. बिना प्रीहीट किए खाना डालना**
ठंडे कुकर में खाना डालने से खाना ठीक से नहीं पकता और टेक्सचर खराब हो जाता है। कुकर को हल्का गर्म करके ही सामग्री डालें, ताकि खाना सही तापमान पर पक सके।

**3. सटीक टाइमिंग पर ध्यान न देना**
जरूरत से ज्यादा या कम समय तक पकाने से खाने का स्वाद और पोषण दोनों प्रभावित हो सकते हैं। हमेशा रेसिपी के अनुसार टाइमिंग सेट करें। दाल, चावल और सब्जियां अलग-अलग समय में पकती हैं, इसलिए सही टाइमिंग का ध्यान रखें।

**4. वेंट और रबर गैसकेट की सही देखभाल न करना**
कुकर का ढक्कन ठीक से बंद नहीं होने पर भाप सही से नहीं निकलती और खाना सही तरीके से नहीं पकता। रबर गैसकेट और वेंटिलेशन की नियमित रूप से जांच करें और समय-समय पर इसे बदलें।

**5. तुरंत कुकर खोलना**
कुकर की भाप पूरी तरह निकलने से पहले ढक्कन खोलने से खाने की बनावट खराब हो सकती है। भाप को स्वाभाविक रूप से निकलने दें और फिर कुकर खोलें। इससे खाने का स्वाद और टेक्सचर बेहतर रहता है।

अगर आप चाहते हैं कि आपका खाना स्वादिष्ट, सही पकाया हुआ और पोषक तत्वों से भरपूर हो, तो प्रेशर कुकर इस्तेमाल



करने में इन छोटी-छोटी गलतियों से बचना बेहद जरूरी है। सटीक पानी की मात्रा, सही टाइमिंग, नियमित देखभाल और सही तकनीक अपनाकर आप अपनी हर डिश को परफेक्ट बना सकते हैं।

# नाखूनों पर लाइन आना किस बात के संकेत हैं


## जानिए शरीर में किस चीज की कमी से ऐसा होता है?

साफ-सुथरे और सुंदर नाखून हाथों की खूबसूरती बढ़ाते हैं,लेकिन अगर नाखून खराब होने लगें, टूटने लगें, काले पड़ जाएं, पीले हो जाएं या फिर नाखूनों पर लाइन जैसी आने लगे तो ये सामान्य बात नहीं है। ऐसे नाखून दिखने में तो खराब लगते ही हैं साथ ही ये शरीर में पोषक तत्वों की कमी को भी दिखाते हैं। नाखूनों पर रेखाओं का उभरना कई कारणों की वजह से हो सकता है। जिसमें उम्र बढ़ना, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां होने या फिर शरीर में किसी खास पोषक तत्व की कमी होना शामिल हो सकता है। जानिए ऐसा क्यों होता है?

नाखूनों पर लंबी और सफेद रेखाओं का आना उम्र बढ़ने का भी लक्षण है। बढ़ती उम्र में शरीर में पोषण की कमी होने लगती है जिससे ऐसी स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां और पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। अगर लकीरे आधी तरफ है तो यह उम्र बढ़ने के कारण हो सकता है। इसे खतरनाक नहीं माना जाता है। लेकिन लाइन बहुत गहरी हैं और नाखून टूट रहे हैं, काले पड़ रहे हैं तो ये स्वास्थ्य से संबंधित संकेत हो सकते हैं।

### नाखूनों पर रेखाएं बनना किस बात का संकेत है?

**वर्टिकल यानि सीधी लाइन-** अगर आपके नाखूनों में सीधी-सीधी लाइन आने लगी हैं जो हल्की हैं तो ये रेखाएं उम्र बढ़ने के साथ आम होती हैं। इन्हें खतरनाक नहीं माना जाता है। लेकिन अगर लकीरें काफी गहरी हैं और उसके साथ ही नाखून टूट रहे हैं या मलिनकिरण शरीर में किसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। कई बार एक्जिमा, बहुत ड्राई स्किन, हाइपोथायरायडिज्म जैसी समस्याओं के कारण नाखून मोटे या पतले होकर टूटने लगते हैं। इससे नाखून आसानी से उखड़ सकते हैं। लाइकेन प्लेनस एक ऑटोइम्यून बीमारी जिसमें नाखूनों पर लकीरें पैदा हो सकती हैं। इन्हें ब्यू लाइन्स भी कहते हैं जो तनाव या किसी बीमारी के कारण भी बढ़ सकती हैं।



**सफेद लाइन आना-** इसे मेडिकल भाषा में ल्यूकोनीचिया स्ट्रिएटा कहते हैं। ये रेखाएं माइक्रोट्रामा, ऑनिकोमाइकोसिस या वंशानुगत बीमारियों की वजह से पैदा हो सकती हैं। अगर लाइन बढ़ रही हैं तो डॉक्टर को जरूर दिखाना चाहिए।

काली या भूरी लाइन पड़ना- कुछ लोगों के नाखूनों पर काली या भूरे रंग की लाइन पड़ने लगती है। इन्हें मेलानोनीचिया के रूप में जाना जाता है। नाखून पर दिखने वाली ये लाइन किसी आघात, संक्रमण, दवा के कारण भी पैदा हो सकती है।

**काली लाइन आना-** नाखूनों पर काली लाइन आना शरीर में विटामिन सी, जिंक और अन्य पोषक तत्वों की कमी की ओर इशारा है। इसके लिए पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लें। हां अगर नाखून की रेखाओं से खून निकल रहा है या दर्द हो रहा है तो डॉक्टर को दिखाएं।

**सफेद रेखाएं या बैंड-** इसे मीस लाइन्स कहा जाता है। अगर आपने नाखूनों पर ऐसी लाइन या हल्का बैंड हो रहा है तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ये स्वास्थ्य स्थिति आर्सेनिक विषाक्तता या किडनी फेलियर का भी लक्षण हो सकता है। डॉक्टर से संपर्क करें।

# आंखों की रोशनी बढ़ाएंगे ये 5 योगासन

नजरें कमजोर होना पहले बढ़ती उम्र की समस्या मानी जाती थी, लेकिन आज के टाइम में न सिर्फ बहुत सारे यंगस्टर्स आपको नजर का चश्मा पहने मिल जाएंगे, बल्कि कम उम्र के बच्चों में भी कमजोर नजर की समस्या काफी ज्यादा देखने में आने लगी है। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि खानपान को सही किया जाए, क्योंकि बिगड़ा हुआ आहार शरीर में पोषक तत्वों की कमी का कारण बनता है, जिससे न सिर्फ आंखें कमजोर हो जाती हैं, बल्कि कई और बीमारियां होने का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसी के साथ अपने रूटीन में योग को शामिल करना चाहिए, जिससे आप तन और मन दोनों से हेल्दी रह पाएंगे। ऐसे योगा पोज भी हैं जो आपकी आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**आंखों को स्वस्थ रखने के लिए बैलेंस डाइट लेने के साथ ही अपने रूटीन में भी बदलाव करें। बैड हैबिट्स को बाय-बाय कहें और गुट हैबिट्स की आदत डालें, इन्हीं गुड हैबिट में आता है योग जो आपको न सिर्फ फिट रखेगा, बल्कि आंखों को भी समय से पहले बूढ़ा होने से बचाएगा। चलिए जान लेते हैं वो कौन से योगासन हैं जो आंखों को रोशनी बढ़ाने में मददगार हैं।**



**त्राटक योग करें :-** आंखों को स्वस्थ रखने के लिए त्राटक एक बेहतरीन योग क्रिया है। इसमें आपको एक आसामी सी प्रक्रिया दोहरानी होती है। सबसे पहले अंधेरे कमरे में मोमबत्ती जलाएं और उसे अपने आप से एक हाथ की दूरी पर किसी स्टैंड पर रखें। मोमबत्ती की ऊंचाई आपकी आंखों के बराबर होनी चाहिए। ताकि आप सीधे एकटक मोमबत्ती को निहार सकें। बिना पलक झपकाए जलती हुआ लौ को देखते रहें और जब आंखों में पानी आने लगे तो आंखों को बंद कर लें। इस प्रक्रिया को दो से तीन बार दोहराएं और नियमित रूप से करें।

**भस्त्रिका प्राणायाम :-** प्राणायाम करना आपके पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है और इससे ब्रेन के भी फायदा मिलता है। आंखों को हेल्दी रखने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम को आप अपने डेली रूटीन में जगह दे सकते हैं। ये आपके मन को भी शांत रखने में मदद करेगा और नजर में सुधार करने के साथ ही सांस संबंधी समस्याओं से भी राहत दिलाने में कारगर रहता है।



**सर्वांगासन भी है फायदेमंद :-** डेली रूटीन में एक से दो मिनट सर्वांगासन करें। इससे भी आंखों को फायदा मिलता है, क्योंकि सिर की ओर ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है। ये योगा पोज आपको स्ट्रेस से भी राहत दिलाने में मदद करता है। इस आसन को नियमित रूप से करने से नींद में भी सुधार होता है और थायराइड वालों के लिए भी ये फायदेमंद योगासन है।

**हलासन योगा पोज करें :-** सर्वांगासन की तरह ही हलासन योग भी आंखों के लिए फायदेमंद रहता है और लगभग ये पोज एक जैसे ही होते हैं, बस इसमें इतना फर्क होता है कि मैट पर लेटने के बाद आपको पैरों को ऊपर ले जाने की बजाय पीछे की ओर ले जाना होता है। ये आपके बैली फैट को कम करने, डायबिटीज में सुधार करने जैसे फायदे भी करता है।





**पामिंग करना भी फायदेमंद :-**आंखों को हेल्दी रखने के लिए डेली रूटीन में कुछ सेकंड के लिए आई पामिंग करना चाहिए। ये खासतौर पर आंखों को हेल्दी रखने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया है। इसमें आंखों की मसल्स को रिलैक्स मिलता है और आई स्ट्रेस कम होता है। माना जाता है कि इससे आंखों के आसपास की मांसपेशियों का ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है, जिससे नजर कमजोर होने से बजाई जा सकती है। इसको आप काम के बीच में भी कर सकते हैं। जब आंखों में थकान महसूस हो तो हथेलियों को आपस में रब करें और फिर जब ये गर्म हो जाएं तो आंखें बंद करके हथेलियां पलकों पर रख लें।



# खाना पकाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

## शरीर को मिलेगा सही पोषण

मां चाहे बच्चों और परिवार को पोषण भरा भोजन देना, लेकिन बच्चों को चाहिए होता है बाहर जैसा कुछ लजीज खाना। बाहर के खाने में उन्हें स्वाद ज्यादा मिलता है, फिर चाहे वह सेहतमंद हो या नहीं। वहीं अगर आप घर पर सेहत का ख्याल रखते हुए भोजन पकाएं तो स्वाद से ही सबसे ज्यादा समझौता करना पड़ जाता है। ऐसे में बच्चे घर के खाने से बचने की कोशिश करते हैं। उन्हें लुभाने के लिए कभी-कभी भोजन पकाते समय आप सेहत और स्वाद का तालमेल बनाने की जुगत लगाने लगती हैं। पर अकसर इस प्रक्रिया में आप कुछ ऐसी गलतियां कर रही होती हैं, जो सेहत से खिलवाड़ कर सकती हैं। अगर परिवार को सेहतमंद रखना है तो भोजन पकाने में कुछ बातों की सावधानी बरतनी होगी।



### बर्तन भी सेहत के लिए जिम्मेदार

घर में खाना पकाते समय सबसे पहले सही बर्तन का चुनाव करना जरूरी है। सबसे पहले घर से एल्युमिनियम के बर्तन हटा दें क्योंकि ये स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसकी जगह आप स्टील के कुकर इस्तेमाल कर सकती हैं। नॉनस्टिक की जगह कास्ट आयरन के बर्तन और अन्य सब्जियों के लिए लोहे के बर्तन ले सकती हैं। पीतल के बर्तन भी सेहतमंद होते हैं, लेकिन उसमें दूध या खट्टा भोजन नहीं पकाएं।

### पकाने का तरीका भी रखता है मायने

भोजन पकाने के लिए आप क्या तरीका अपना रही हैं, यह भी आपके भोजन की गुणवत्ता तय करता है। भोजन को स्टीम, बेक या ग्रिल करने पर अतिरिक्त तेल से बचा जा सकता है। खाना पकाने के इन तरीकों में वसा की मात्रा भी कम होती है और भोजन को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचता। डीप फ्राई की जगह एयर फ्रायर का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके साथ ही खाने को बार-बार गर्म करने से भी बचना चाहिए। इससे भोजन का पोषण खत्म हो जाता है। कुछ भोजन जिन्हें उबालने की जगह भूनने का विकल्प भी मौजूद है, वहां भूनना बेहतर होता है।

### सामग्री में करें बदलाव

आप घर पर ही कई व्यंजन बेहतर तरीके से बना सकती हैं। इन दिनों ग्लूटन एलर्जी अपने आप में एक समस्या है। इससे बचने के लिए शुद्ध गेहूं के आटे की जगह ज्यादा फाइबर वाला आटा इस्तेमाल करें, जैसे आप रागी, जौ और चना के आटे को गेहूं के आटे में मिला सकती हैं या केवल इनकी रोटी बना सकती हैं। गेहूं का आटा भी बिना छाने इस्तेमाल करना बेहतर रहता है। इसी प्रकार रिफाइंड या वेजिटेबल ऑयल से बचें और उसकी जगह देसी घी, सरसों का तेल या ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें। साधारण चावल की जगह आप ब्राउन राइस इस्तेमाल कर सकती हैं।

## आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप

# मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं चैन सिंह सातवें स्थान पर रहे





**म्यूनिख।** पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे। मंगलवार को भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया। भाकर तीसरे एलिमिनेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्होंने 20 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। एशियाई खेलों के पदक विजेता और हाल ही में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाले चैन सिंह ने 592 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। लेकिन फाइनल में वह शुरू में ही लड़खड़ा गए और बाहर होने वाले दूसरे प्रतियोगी बने। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय, पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अंकुश जाधव 587 और 580 अंक लेकर क्रमशः 38वें और 67वें स्थान पर रहे।




# 'गेंदबाजों की इस लिस्ट में शामिल होना विशेष है'

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने टेस्ट मैचों में प्रोटियाज के लिए चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में दिग्गज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ने के बाद कहा कि महान गेंदबाजों की सूची में शामिल होना उनके लिए विशेष है। रबाडा ने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लिए। रबाडा के नाम 332 टेस्ट विकेट हो गए हैं, जिससे वह एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़कर दक्षिण अफ्रीका की सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे केवल डेल स्टेन, शॉन पोलक और मखाया एंटिनी ही बचे हैं। रबाडा ने इस उपलब्धि पर कहा, 'गेंदबाजों की इस सूची में शामिल होना विशेष है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होना विशेष है और यह लंबे समय तक जारी रह सकता है।' अनुभवी खिलाड़ी ने अपने शुरुआती दौर में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन के विकेट लिए। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, ब्यू वेबस्टर और मिशेल स्टार्क को आउट कर टेस्ट में अपना 17वां 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया।

## मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी

# भारतीय टीम प्रबंधन की नजर



**बेकेनहैम (केंट)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।

इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज़ गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा। इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# रविंद्र जडेजा हुए प्लेइंग-11 से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला जाने वाला है. आज से 7 दिन के इंडियन क्रिकेट टीम लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा. इस मैच से पहले भारत के पूर्व कोच संजय बांगर ने अपनी प्लेइंग-11 चुन ली है. उन्होंने अपनी प्लेइंग-11 से भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को ही बाहर कर दिया. संजय बांगर ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए रविंद्र जडेजा को अपनी टीम प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया है. जबकि जडेजा टीम इंडिया के सबसे अनुभवी ऑलराउंडर्स में से एक हैं. उनकी जगह पर बांगर ने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को 11 सदस्यीय टीम में शामिल किया है. संजय बांगर ने कहा,'ये आपकी स्थिति पर निर्भर करेगा कि आप एक स्पिनर के साथ खेलेंगे या दो स्पिनर के साथ खेलेंगे. मुझे लगता है कि इस दौरे पर टीम एक स्पिनर के साथ खेलना चाहेगी. ये एक स्पिनर कुलदीप यादव होने चाहिए क्योंकि बुमराह की फिटनेस पर बहुत बड़ा सवाल है'. बांगर ने आगे कहा, 'मैं नीतीश को एक बल्लेबाज के रूप में देखता हूं जो गेंदबाजी भी कर सकता है. मैं उन्हें एक गेंदबाज के रूप में नहीं देख सकता जो बल्लेबाजी भी कर सकता है।

# राशिद खान ने अचानक क्रिकेट से बनाई दूरी

## IPL 2025 में फ्लॉप रहने के बाद लिया चौंकाने वाला फैसला




**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 की शुरुआत 13 जून से होने जा रही है. लेकिन इससे पहले एमआई न्यूयॉर्क की टीम को बड़ा झटका लगा है. अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी लेग स्पिनर राशिद खान ने बड़ा फैसला लिया है, जिसने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. हाल ही में राशिद खान का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है, आईपीएल 2025 में भी वह पूरी तरह फ्लॉप रहे थे. जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने बड़ा कदम उठाया है. राशिद खान मेजर लीग क्रिकेट 2025 में एमआई न्यूयॉर्क की टीम का हिस्सा नहीं होंगे. राशिद खान ने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है, जिसके चलते वे इस साल एमएलसी में नहीं खेलेंगे. वह पिछले एमएलसी सीजन में एमआई न्यूयॉर्क के लिए सबसे सफल गेंदबाज थे, उन्होंने पिछले साल 6.15 की शानदार इकॉनमी रेट के साथ 10 विकेट लिए थे. हालांकि, उनकी टीम सात में से केवल दो मैच जीतकर चौथे स्थान पर रही थी. राशिद का इस बार ना होना एमआई न्यूयॉर्क के लिए बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि उनकी गेंदबाजी टीम की रीढ़ थी. राशिद खान ने कब तक के लिए क्रिकेट से दूरी बनाई है, फिलहाल इस पर कोई अपडेट सामने नहीं आया है. लेकिन राशिद का ब्रेक लेने का फैसला उनके लंबे करियर को ध्यान में रखते हुए समझदारी भरा कदम माना जा सकता है. इसके पीछे की वजह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भी हो सकता है. बता दें, राशिद ने हाल ही में आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेला था, जहां उनका प्रदर्शन काफी कमजोर रहा. उन्होंने नौ विकेट लिए, लेकिन 9.34 की इकॉनमी रेट और 57.11 की औसत के साथ यह उनका सबसे खराब आईपीएल सीजन था. इस दौरान उन्होंने 33 छक्के खाए, जो किसी भी गेंदबाज की ओर से एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा है. दूसरी ओर, अजमतुल्लाह उमरजई ने भी एमएलसी 2025 से हटने का फैसला किया है. वह भी एमआई न्यूयॉर्क की टीम का हिस्सा हैं. उमरजई ने आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खेला था, जो टूर्नामेंट में उपविजेता रही. हालांकि, उनका प्रदर्शन औसत रहा, जिसमें उन्होंने पांच पारियों में 57 रन बनाए और 10.33 की इकॉनमी रेट के साथ आठ विकेट लिए. हालांकि, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक ने टीम के साथ जुड़ने की पुष्टि की है. नवीन की मौजूदगी से टीम की गेंदबाजी को कुछ हद तक मजबूती मिलेगी।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : मैकुलम



**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।' इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।' इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है।' उन्होंने कहा, ''स्पिन विभाग में हमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे।'

# गंभीर ने इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए दी सलाह

## करुण नायर की वापसी पर भी बात की



**बेकेनहैम (इंग्लैंड)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। गंभीर ने 'बीसीसीआई. टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, 'इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है।' भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं।' गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की।

# स्टीव स्मिथ ने ICC नॉकआउट मैचों में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

## विराट कोहली पहले स्थान पर



**ICC फाइनल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर**

| | |
|---|---|
| 4 | कुमार संगकारा |
| 3 | एडम गिलक्रिस्ट |
| 3 | विराट कोहली |
| 3 | स्टीव स्मिथ |

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी आइकन स्टीव स्मिथ ने दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पछाड़ दिया है। स्मिथ ICC टूर्नामेंट नॉकआउट मैचों में सबसे ज़्यादा बार 50 से ज़्यादा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। हालांकि वह विराट कोहली से अभी पीछे हैं और इस मामले में पहले स्थान पर बने हुए हैं। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में अपनी विरासत को मजबूत करना जारी रखते हुए लॉर्ड्स में ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और अर्धशतक जड़ा। ऑस्ट्रेलिया के 16/2 के स्कोर पर बल्लेबाजी करते हुए स्मिथ ने 112 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 66 रन बनाए। उनके रन 58.92 के स्ट्राइक रेट से आए। ICC इवेंट नॉकआउट मैचों में स्मिथ का यह सातवां 50 प्लस स्कोर है जो उन्हें महान बल्लेबाज तेंदुलकर से आगे ले जाता है जिन्होंने जिन्होंने 15 मैचों में 6 बार ऐसा किया है जिसमें जिसमें एक शतक और 5 अर्द्धशतक के साथ 48.71 की औसत से 682 रन बनाए थे। स्मिथ रनों के मामले में तेंदुलकर से पीछे हैं। उन्होंने 13 मैचों और पारियों में 59.09 की औसत से 650 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और 9 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 है।

**ICC नॉकआउट में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर**

| | |
|---|---|
| 10 | विराट कोहली |
| 7 | स्टीव स्मिथ |
| 6 | सचिन तेंदुलकर |
| 5 | कैलिस/संगकारा/केन |

# स्टार्क ICC टूर्नामेंट के फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने




**लंदन (यूके)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भारतीय दिग्गज मोहम्मद शमी को पछाड़कर आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने यह अनोखी उपलब्धि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल मुकाबले में हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के पहले क्षेत्ररक्षण करने के फैसले के बाद ऑस्ट्रेलिया के मध्यम स्कोर (212) पर आउट होने के बाद स्टार्क पहले ओवर के लिए एक बार फिर से मैदान में उतरे और एडेन मार्करम को एक क्रूर इनस्विंगर से शून्य पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने तक उन्होंने 7 ओवर में 10 रन पर 2 विकेट अपने नाम किए। अब तक पांच ICC फाइनल में स्टार्क ने 26.63 की औसत, 5.17 की इकॉनमी रेट और 3/55 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 11 विकेट लिए हैं। शमी ने चार ICC फाइनल में 38.90 की औसत से 10 विकेट लिए हैं, उनका इकॉनमी रेट 3.95 रहा है और न्यूजीलैंड के खिलाफ WTC फाइनल 2021 में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/76 रहा। अब स्टार्क ICC नॉकआउट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने के लिए भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान को पीछे छोड़ना चाहेंगे जिन्होंने जिन्होंने 24.31 की औसत से 22 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/34 रहा है। शीर्ष पर श्रीलंका के स्पिन दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं जिन्होंने 23.39 की औसत से 23 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/31 रहा है। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और ऑस्ट्रेलियाई पहले सत्र के अंत में 67/4 पर सिमट गए। स्टीव स्मिथ (112 गेंदों में 66 रन, 10 चौके) और ब्यू वेबस्टर (92 गेंदों में 72 रन, 11 चौके) के बीच 79 रन की साझेदारी और एलेक्स कैरी (31 गेंदों में 23 रन, चार चौके) के साथ वेबस्टर की 46 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के करीब पहुंचा दिया।

# हिमाचल की बेटियों ने बीच कबड्डी में जीता रजत आंध्र प्रदेश में खेली गई राष्ट्रीय चैंपियनशिप



**घुमारवीं (बिलासपुर)।** हिमाचल की बेटियों ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम स्थित मांगीनापुड़ी बीच पर आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया है। फाइनल में हिमाचल का मुकाबला हरियाणा से हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम ने 47 अंक बनाए जबकि हिमाचल 35 अंकों पर सिमट गई। इससे पहले सेमीफाइनल में हिमाचल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हिमाचल की टीम में बिलासपुर की किरण ठाकुर ने बतौर कप्तान शानदार नेतृत्व किया। उनके साथ तनु ठाकुर, निकिता चौहान, शगुन नायक, अदिति शुप्टा और जसप्रीत कौर ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। टीम के साथ पवना नेगी मैनेजर और विलम ठाकुर कोच के रूप में मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार ब्रांटा, महासचिव कृष्ण लाल, डॉ. गोपाल दास्ता, विजय पाल चंदेल और बीएल धर्माणी ने टीम को बधाई दी। कहा कि हिमाचल की इस जीत ने यह साबित कर दिया कि पहाड़ी बेटियां अब मैदान ही नहीं, बीच कबड्डी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपना लोहा मनवा रही हैं।



आलिया भट्ट सबसे ज्यादा चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने रणबीर कपूर से शादी की है लेकिन वह अभी भी अपना नाम आलिया भट्ट लिखती हैं। हालांकि अब ऐसा लगता है कि आलिया भट्ट ने आखिरकार अपना सरनेम बदलकर 'कपूर' कर लिया है। आलिया भट्ट ने पहले भी कहा था कि वह अपने नाम में 'कपूर' जोड़ना चाहती हैं, लेकिन उनके पास कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए समय नहीं है। हालांकि, उनके लेटेस्ट ब्लॉग की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसे देखकर लगता है कि आलिया ने अपना सरनेम बदल लिया है।

# तो क्या आलिया ने बदल लिया अपना नाम?

## वायरल हो रही होटल की तस्वीर

### होटल में लिखा आलिया भट्ट

अपने व्लॉग की एक झलक में, आलिया अपने होटल के कमरे में खड़ी हैं। यहां पीछे बहुत अच्छे शब्दों में उनका स्वागत किया गया है। होटल ने उन्हें 'प्रिय आलिया कपूर' कहकर संबोधित किया है। इस तरह से देखें तो ऐसा लगता है कि अभिनेत्री ने आखिरकार अपने आधिकारिक दस्तावेजों में अपना नाम बदल लिया है। हालांकि इस तस्वीर पर यूजर्स अलग-अलग कमेंट कर रहे हैं।

### यूजर्स ने किए शानदार कमेंट

एक यूजर ने लिखा है 'लेकिन वह हमेशा मेरे लिए आलिया भट्ट ही रहेंगी, नाम में वजन आ गया है अभी। यह अब एक ब्रांड नाम है।' आलिया भट्ट ने कॉफी विद करण में अपने आपको आलिया भट्ट कपूर बुलाया था। इसके बारे में एक यूजर ने लिखा कि 'मुझे लगा कि यह आलिया भट्ट कपूर थीं क्योंकि उन्होंने पहले कॉफी विद करण में ऐसा कहा था। इसके बाद रणवीर काफी खुश हो गए थे कि आखिरकार उन्होंने अपने नाम के आगे कपूर लगाया।' एक और यूजर ने लिखा है 'कपूर को कानूनी तौर पर जोड़ा जाएगा क्योंकि इससे यात्रा करना और बाकी सब आसान हो जाएगा। वह अपने स्क्रीन नाम में भट्ट लगाएंगी।'

# बिग बी ने महज दो घंटे में निपटाए सात प्रोजेक्ट

## डायरेक्टर बोले- 'काम का खाका बिगाड़ रहे आप'

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर तो एक्टिव रहते ही हैं, साथ ही नियमित रूप से ब्लॉग भी लिखते हैं। अपने हालिया ब्लॉग में बिग बी ने खुलासा किया है कि उन्होंने महज दो घंटे में सात प्रोजेक्ट का काम निपटा दिया। उनकी फुर्ती और काम के प्रति जुनून देखकर क्रू और निर्देशक भी हैरान रह गए। यहां तक कि निर्देशकों ने उनसे कहा कि वे काम का खाका बिगाड़ रहे हैं।



### बिग बी की फुर्ती देख क्रू भी हैरान

अमिताभ बच्चन अनुशासन के पक्के हैं, यह बात किसी से छिपी नहीं है। 82 वर्ष की आयु में भी वे कड़ी मेहनत के साथ अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। फिल्मों में उनकी सक्रियता बनी हुई है। इसके अलावा वे फोटोशूट और विज्ञापन भी करते हैं। हाल ही में अपने ब्लॉग में खुलासा किया कि उन्होंने पांच विज्ञापन फिल्मों और दो फोटोशूट का काम महज दो घंटे में निपटा दिया। काम करने की बिग बी की रफ्तार ने क्रू को भी चौंका दिया।

### निर्देशक ने दी ये चेतावनी

बिग बी का काम देखकर क्रू सदस्य भी हैरान रह गए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में बिग बी से कहा कि इससे एक मिसाल कायम हुई है। सिर्फ क्रू ही नहीं, बल्कि इतनी तेजी से बिग बी को काम पूरा करते देख निर्देशक ने भी मजाकिया अंदाज में बिग बी को इंडस्ट्री में 'खराब मिसाल' स्थापित करने के लिए चेतावनी दी। अमिताभ बच्चन ने ब्लॉग में लिखा है, 'लगातार काम करते रहना.. और इसका लुत्फ उठाना..करीब दो घंटे में पांच फिल्में और दो फोटोशूट किए। बेशक वे एक विज्ञापन के लिए थे और एक क्लाइंट एंडोर्समेंट के लिए थे। लेकिन फिर भी...'!!

# कृति खरबंदा ने इंडस्ट्री में पूरे किये 16 साल



जानीमानी अभिनेत्री कृति खरबंदा ने फिल्म इंडस्ट्री में 16 साल पूरे कर लिये हैं। भारतीय सिनेमा में 16 साल पूरे करते हुए, कृति आज एक ऐसी बहुमुखी और लोकप्रिय अभिनेत्री के रूप में खड़ी हैं जिन्होंने बिना किसी गॉडफादर या मेंटर के यह मुकाम हासिल किया। दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुई उनकी यह यात्रा दृढ़ निश्चय, संघर्ष और अपने हुनर पर अटूट विश्वास की मिसाल है। ऑडिशन के लंबे सफर से लेकर कन्नड़, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में लीड रोल्स तक, कृति ने बार-बार यह साबित किया है कि असली प्रतिभा और मेहनत किसी भी कनेक्शन से ज़्यादा असरदार होती है।

कृति की फिल्मोग्राफी उतनी ही विविधतापूर्ण है जितनी उनकी अभिनय क्षमता। चाहे गुगली में भावनात्मक प्रदर्शन हो, ब्रूस लीः द फाइटर में उनकी सादगी और स्क्रीन प्रेज़ेन्स, हाउसफुल 4 में उनका सहज कॉमिक टाइमिंग या शादी में ज़रूर आना में आरती शुक्ला के रूप में उनका दमदार और दिल छू लेने वाला अभिनय । कृति हर बार खुद को नए तरीके से प्रस्तुत करती हैं। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी हर जॉनर में सहजता से ढल जाना उनकी खासियत है। इस खास मील के पत्थर को और भी खास बनाते हुए, कृति अब राणा नायडू 2 से अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। इस बार वे एक गहरे और जटिल किरदार में नज़र आएंगी, एक ऐसा रूप जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया है।

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की आने वाली फिल्म 'निकिता रॉय' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सोनाक्षी शैतान, भूत-प्रेत यानी सुपरनेचुरल ताकतों का सामने करती हुई दिखीं। फिल्म में परेश रावल भी एक अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा फिल्म 'निकिता रॉय' में एक जासूस की भूमिका में दिख रही हैं। निकिता का मकसद एक गुरु (परेश रावल) का पर्दाफाश करना है, जो लोगों को भूत-प्रेतों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है।। फिल्म में अर्जुन रामपाल भी हैं, जो निकिता को गाइड करते हैं।




सोनाक्षी सिन्हा की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म 'निकिता रॉय' की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ साझा की गई है। यह फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा कर रहे हैं।फिल्म को निक्की खेमचंद भगनानी ने प्रोड्यूस किया है। सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 'एक ऐसी दुनिया में आइए, जहां हकीकत धुंधली और अज्ञात हावी हो जाता है। रोमांच और दिमाग घुमा देने वाले रहस्य के लिए तैयार हो जाइए।निकिता रॉय' को 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# रैपर जैक्सन वांग के साथ ऋतिक रोशन की तस्वीर हुई वायरल

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं इसी बीच ऋतिक के पिता और बॉलीवुड निर्देशक राकेश रोशन ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर रैपर जैक्सन वांग संग एक खास तस्वीर शेयर की है।

**पिता राकेश मां पिंकी भी दिखीं साथ**



### राकेश रोशन ने शेयर की तस्वीर

जैक्सन वांग इन दिनों भारत में हैं। 10 जून को भारत पहुंचे जैक्सन ने मुंबई में ऋतिक रोशन और उनके परिवार के साथ समय बिताया। रोशन परिवार ने जैक्सन की खातिरदारी की और सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कीं। इस तस्वीर में जैक्सन और ऋतिक काले कपड़ों में एक साथ नजर आए। राकेश ने इस खास तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'जैक्सन आपका स्वागत है और भगवान भला करे।'


### जैक्सन वांग की भारत यात्रा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, के-पॉप स्टार जैक्सन वांग अपने नए एल्बम 'मैजिक मैन 2' के प्रचार के लिए भारत आए हैं। यह एल्बम 18 जुलाई को रिलीज होगा, जिसमें 11 गाने होंगे। ये गाने दुख और व्यक्तिगत विकास के चार अलग-अलग चरणों को दर्शाएंगे। यह एल्बम उनके 2022 के एल्बम मैजिक मैन का दूसरा हिस्सा है।

### फैंस के कमेंट्स

प्रशंसकों की प्रतिक्रिया तस्वीरें शेयर होते ही जैक्सन और ऋतिक के प्रशंसकों ने कमेंट्स की बाढ़ ला दी। एक फैन ने लिखा, जैक्सन को हर बार घर जैसा प्यार देने के लिए धन्यवाद। एक और फैन ने लिखा, जैक्सन का भारत में भी एक परिवार है। एक और फैन ने लिखा, यह वही मुलाकात है, जिसका हमें इंतजार था।

# अभिषेक से पहली मुलाकात पर हुआ था कुछ ऐसा कि आज भी हंसती हैं ऐश्वर्या



ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन बॉलीवुड के सबसे ज्यादा चर्चित जोड़ों में से एक हैं। दोनों ने साल 2007 में धूमधाम से शादी की थी। तब से दोनों एक साथ हैं। वह दोनों एक दूसरे का पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से साथ देते हैं। उनका रिश्ता तब से और मजबूत हुआ है जबसे दोनों ने अपनी बेटी आराध्या का स्वागत किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने बताया है कि जब वह ऐश्वर्या से मिले थे उनका रिएक्शन कैसा था।

### ऐश्वर्या से फिल्म के सेट पर मिले थे अभिषेक

साल 2021 में अभिषेक बच्चन ने द रणवीर शो में खुलासा किया कि जब वह पहली बार ऐश्वर्या से मिले थे, तो वह उनकी कही बात नहीं समझ पाईं थीं। अभिषेक ऐश्वर्या से पहली बार 'और प्यार हो गया' के सेट पर मिले थे। अभिषेक ने बताया 'मेरे दोस्त बॉबी देओल अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। मैं भी उसी जगह पर था, मैं उसे हाई कहने गया। उन्होंने मुझे डिनर के लिए बुलाया, तभी मैं पहली बार ऐश्वर्या से मिला।' यह बहुत साधारण था लेकिन दोनों के लिए यह लम्हा यादगार बन गया।

### अभिषेक को समझने में ऐश्वर्या को हुई दिक्कत

उस लम्हे को याद करते हुए अभिषेक बच्चन ने यह माना कि ऐश्वर्या को उन्हें समझने में दिक्कत हुई। उन्होंने कहा 'जब भी वह इसके बारे में बात करती हैं, वह मजाक में कहती हैं 'जो कुछ तुम कह रहे थे उसमें से मैं एक शब्द भी नहीं समझ पा रही थी। मुझे उस वक्त ऊंचा सुनाई दे रहा था।'' अभिषेक ने बताया कि उनकी पढ़ाई बोस्टन में हुई थी। उनकी एक्टिंग की ट्रेनिंग अंग्रेजी में हुई थी। इसीलिए शायद उनकी भाषा किसी को समझ में नहीं आ रही थी।

साउथ स्टार पवन कल्याण ने 'ओजी' और 'हरि हर वीरा मल्लू' के बाद अब अपनी तीसरी फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में फिल्म के सेट से निर्माताओं ने पवन का एक खास वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था। वहीं अब फिल्म के सेट से एक तस्वीर वायरल हो रही है, जो श्रीलीला की बचपन की तस्वीर है। वह इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

# 'उस्ताद भगत सिंह' के सेट पर श्रीलीला का हुआ क्यूट स्वागत

## बचपन की तस्वीर ने चुरा लिया दिल



पवन कल्याण और श्रीलीला अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है, जिसे हरीश शंकर निर्देशित कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने पवन कल्याण की शूटिंग का एक खास वीडियो जारी किया, जिससे प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। इसी दौरान, श्रीलीला का सेट पर अनोखे अंदाज में स्वागत हुआ। उनकी एक प्यारी बचपन की तस्वीर के साथ टीम ने उन्हें सरप्राइज दिया। श्रीलीला इस पल से बहुत खुश हुईं और उन्होंने इसे सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद यह तस्वीर वायरल हो गई और लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद तैयार कर रहे हैं। शूटिंग का मौजूदा शेड्यूल लगभग एक महीने तक हैदराबाद में चलेगा। इस फिल्म में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

**श्रीलीला का वर्कफ्रंट** : फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' के अलावा श्रीलीला एक बॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म का टाइटल अभी तक रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के कुछ पोस्टर और गानों की झलक जरूर सोशल मीडिया पर जारी की जा चुकी है।

# एयरपोर्ट पर गौरी खान का प्रोटेक्टिव अंदाज

**सुहाना के लिए पैप्स का कैमरा बंद करवाया**

बी-टाउन की पॉपुलर इंटीरियर डिजाइनर और शाह रुख खान की पत्नी गौरी खान को हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। आमतौर पर जहां गौरी स्माइली फेस से फैंस का स्वागत करती हैं आज कुछ गुस्से में नजर आईं।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं मां-बेटी

दिल्ली एयरपोर्ट पर दोनों ही मां-बेटी काफी स्टाइलिश लुक में नजर आ रही थीं। सुहाना ने ब्लू डेनिम के साथ बेसिक ब्लैक टॉप पहना था। वहीं, गौरी ऑफ वाइट जैकेट के साथ ब्लू डेनिम और ब्लैक गॉगल्स में दिखीं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो पैपराजी को सुहाना की तस्वीरें क्लिक करने से रोकते हुए दिखाई दे रही हैं।

### अच्छे मूड में नजर आईं गौरी खान

एक पैपराजी पेज ने इस वीडियो को अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। जब कैमरे अचानक से फ्लैश चमकने लगते हैं तो गौरी आगे बढ़कर पैप्स से उनकी तस्वीरें न क्लिक करने का अनुरोध करती हैं। गौरी को देखकर ये साफ लग रहा था कि वो सुहाना के लिए एक प्रोटेक्टिव मां का किरदार बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं। इस बीच, सुहाना ने अपना सिर नीचे किया और तेजी से आगे बढ़ गईं। इस दौरान सुहाना पैपराजी को इग्नोर करते दिखीं। इंटरनेट यूजर्स गौरी के इस बर्ताव से हैरान हैं।





# 'मां' से तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी को तैयार काजोल, बताया कैसे प्रोड्यूसर हैं अजय देवगन



काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मां' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अभिनेत्री अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेता अजय देवगन बतौर प्रोड्यूसर जुड़े हुए हैं। हालांकि, अजय देवगन और काजोल कई फिल्मों में एक साथ भी नजर आ चुके हैं। अब काजोल ने अजय देवगन के बतौर प्रोड्यूसर काम करने के तरीके को लेकर बात की और बताया कि एक प्रोड्यूसर के तौर पर अजय कैसे हैं।

### 'अनुभवी प्रोड्यूसर हैं अजय'

एएनआई के साथ बातचीत में काजोल ने अजय के फिल्म 'मां' के प्रोड्यूसर होने को लेकर बात की। काजोल ने कहा, "अजय एक बहुत ही अनुभवी प्रोड्यूसर हैं। स्क्रिप्ट से लेकर म्यूजिक और वीएफएक्स तक उन्होंने इस फिल्म के हर हिस्से पर बहुत ध्यान दिया है। मुझे लगता है कि वीएफएक्स फिल्म का एक बहुत बड़ा हिस्सा है। अजय भी कहते हैं कि वीएफएक्स की शूटिंग एक अलग खेल है। इसलिए उन्होंने बहुत सारी जानकारी दी है।"

### 'मैंने नहीं सोचा था कभी हॉरर फिल्म करूंगी'

आगामी फिल्म 'मां' को लेकर बात करते हुए काजोल ने कहा, "मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक हॉरर फिल्म करूंगी,




लेकिन अब हम यहां हैं। मुझे इस फिल्म पर बेहद गर्व है। स्क्रिप्ट काफी अच्छी है। मैं पौराणिक कथाओं की बहुत बड़ी शौकीन हूं। मुझे हमारी भारतीय पौराणिक कथाएं बहुत पसंद हैं।

हमारे पास बहुत सारी कहानियां हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह मेरी पसंदीदा कहानियों में से एक है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैंने यह फिल्म की है। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छी फिल्म बनाई है। बाकी अब दर्शक बताएंगे। लेकिन मां की कसम, हमने अच्छी फिल्म बनाई है।"